CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 17°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 58 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फायर सर्विस केवल आग बुझाने तक सीमित न रहे: योगी पेज 2



विराट फिर शून्य पर लुढ़के, ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 2-0 की अजेय बढ़त खेल टाइम्स



जन नायक राहुल गांधी पटना कब जाएंगे सम्पादकीय



भारत रूसी तेल खरीदना दिसम्बर तक बंद करेगा: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जस्टिस सूर्यकांत होंगे अगले CJI

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ाारत के अगले मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है? क्योंकि वर्तमान सीजेआई बीआर गवई 23 नवम्बर को पद से मुक्त हो रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति गवई को उनके उत्तराधिकारी के नाम का अनुरोध करने वाला पत्र गुरुवार शाम या शुक्रवार को भेजा जाएगा।

### तेजस्वी यादव महागठबंधन के सीएम फेस

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का सीएम चेहरा आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव होंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने महागठबंधन की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी, तो उपमुख्यमंत्री मुकेश सहनी होंगे। उप मुख्यमंत्री और भी लोग बनाए जाएंगे, जो पिछड़े समुदाय से होंगे। गहलोत ने कहा कि हमारा नेता तो तेजस्वी यादव हैं। एनडीए बताए कि उनका सीएम फेस कौन होगा। सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा।

### कर्नाटक में डेटा सेंटर ऑपरेटर ने वोटरों के नाम हटाए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की आलंद विधानसभा सीट पर कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर बड़ा खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने वोटर्स लिस्ट में अनियमितताओं की जांच के दौरान पाया कि एक डेटा सेंटर ऑपरेटर को प्रत्येक मतदाता के नाम फर्जी तरीके से हटाने के लिए 80 रुपये मिले थे। दिसम्बर 2022 और फरवरी 2023 के बीच आलंद सीट पर 6,018 वोटरों के नाम हटाने के आवेदन आए थे।

### दिल्ली में हुई एयर क्वालिटी और खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दिवाली के बाद एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता गुरुवार को भी बेहद खराब बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 6 बजे दिल्ली का एक्यूआई 353 दर्ज किया गया।

# SC: नाबालिग रोक सकता है अभिभावक का अवैध सौदा

## नाबालिग को अलग से मुकदमा दर्ज करने की जरूरत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति विवादों से जुड़े एक अहम फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि अगर किसी नाबालिग की संपत्ति उसके अभिभावक ने कोर्ट की अनुमति के बिना बेच दी है, तो बालिग होने के बाद वह उस सौदे को केवल अपने आचरण से भी अस्वीकार कर सकता है। इसके लिए उसे अदालत में अलग से मुकदमा दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने कहा कि व्यवहार से अस्वीकृति भी कानूनन वैध मानी जाएगी।

जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि हिंदू अल्पसंख्यक और अभिभावक अधिनियम, 1956 की धारा सात और आठ के तहत प्राकृतिक अभिभावक द्वारा नाबालिग की अचल संपत्ति को कोर्ट की अनुमति के बिना बेचना रद्द माना जाएगा। अदालत ने कहा कि ऐसा सौदा बालिग होने के बाद नाबालिग या तो मुकदमा दाखिल करके रद्द कर सकता है या अपने स्पष्ट आचरण, जैसे उसी संपत्ति को स्वयं बेच देना, के जरिये भी अस्वीकार कर सकता है। यह फैसला पिछले कई वर्षों से चली आ रही कानूनी अस्पष्टता को दूर करता है, जिसमें यह स्पष्ट नहीं था कि नाबालिग को ऐसे मामलों में मुकदमा दाखिल करना जरूरी है या नहीं। यह फैसला कर्नाटक के दावणगेरे जिले के केएस शिवप्पा की अपील पर आया। मामला दो सटे हुए भूखंडों से जुड़ा था, जिन्हें रुद्रप्पा नामक व्यक्ति ने 1971 में अपने तीन नाबालिग बेटों के नाम से खरीदा था। लेकिन जल्द ही रुद्रप्पा ने कोर्ट की अनुमति लिए बिना दोनों भूखंडों को अलग-अलग खरीदारों को बेच दिया। इनमें से एक प्लाट 56 को बाद में कई बार बेचा गया और आखिरकार 1989 में नाबालिगों के बालिग होने के बाद उन्हीं के द्वारा शिवप्पा को बेचा गया। दूसरा प्लाट 57 भी रुद्रप्पा ने कोर्ट अनुमति के बिना बेचा, जिसे 1993 में नीलम्मा नाम की महिला ने खरीदा। शिवप्पा ने दोनों प्लाट्स को खरीदने के बाद उन पर एक मकान बनाया। बाद में नीलम्मा ने इनमें से एक प्लाट पर स्वामित्व का दावा करते हुए शिवप्पा पर मुकदमा दायर कर दिया। ट्रायल कोर्ट ने शिवप्पा के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि रुद्रप्पा का बिना अनुमति किया गया सौदा 'रद्द योग्य' था और नाबालिग बेटों ने बालिग होने के बाद संपत्ति खुद बेचकर उसे वैध रूप से अस्वीकार कर दिया। हालांकि, अपीलीय अदालत और कर्नाटक -शेष पृष्ठ दो पर

**अदालत ने कहा : व्यवहार से अस्वीकृति भी कानूनन वैध मानी जाएगी**



### CJI पर हमले के आरोपी वकील के खिलाफ अवमानना याचिका पर शीर्ष कोर्ट करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश के आरोपी वकील राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 27 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने दायर की है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ सुनवाई करेगी। यह घटना 6 अक्टूबर को हुई थी, जब वकील राकेश किशोर (71) ने सीजेआई की अदालत में जूता फेंक दिया था। इस अप्रत्याशित घटना के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने किशोर का वकालत लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

# सेना को मिलेगी नाग मिसाइल प्रणाली

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर उनकी मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों को मंजूरी दे दी है।

इन रक्षा सौदों में मुख्य रूप से सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम, ग्राउंड बेस्ट मोबाइल सिस्टम, क्रेन और हाई मोबिलिटी व्हीकल की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। इनमें नौसेना के लिए नेवल सरफेस गन और वायुसेना के लिए भी लंबी दूरी के मिशन में महत्वपूर्ण प्रणाली की खरीद भी शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां

**■ सरकार ने 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी**

हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में लगभग 79 हजार करोड़ रुपये के इन रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन सौदों के अंतर्गत सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एमके-2 , ग्राउंड बेस्ड मोबाइल सिस्टम (जीबीईएमएस) और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ हाई मोबिलिटी व्हीकल्स की खरीद के लिए जरूरत के आधार पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### ट्रम्प से मोदी की मुलाकात इस साल नहीं होगी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के 22 वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेने के निर्णय से उनकी मलेशिया यात्रा तथा वहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मुलाकात की संभावनाओं को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) -भारत शिखर सम्मेलन 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालंपुर में हो रहा है। गुरुवार को पहले प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वयं यह जानकारी दी और बाद में विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 26 अक्टूबर को इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे।


# केदारनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**श्री केदारनाथ धाम।** उत्तराखंड में स्थित भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट भाई दूज पर गुरुवार को प्रात: 8:30 बजे विधि विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए।

कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने सेना के बैंड तथा जयघोष के साथ पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचमुखी डोली को शीतकालीन गद्दीस्थल के प्रथम पड़ाव के लिए प्रस्थान करवाया। केदारनाथ में सर्द मौसम के बीच 10 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। इस मौके पर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था तथा श्रद्धालुओं ने भंडारे भी आयोजित किए। कपाट बंद होने की प्रक्रिया से पहले श्रद्धालुओं ने मंदिर में अखंड ज्योति के दर्शन किए। इसके बाद कपाट बंद की प्रक्रिया के अंतर्गत ब्रह्म मुहुर्त में केदारनाथ धाम के पुजारी बागेश लिंग तथा आचार्यगणों, श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति -शेष पृष्ठ दो पर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचमुखी डोली को शीतकालीन गद्दीस्थल के प्रथम पड़ाव के लिए प्रस्थान करवाया



## शीतकाल के लिए बंद हुए यमुनोत्री के कपाट

**यमुनोत्री।** उत्तराखंड में स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट भैया दूज पर्व पर गुरुवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शीतकाल के लिए बन्द कर दिए गए। कपाट अपराह्न 12 बजकर 30 मिनट पर बंद किए गए।

इस शुभ अवसर पर सैकड़ों तीर्थयात्रियों ने धाम में उपस्थित होकर मां यमुना के दर्शन किए। कपाट बंद होने की परंपरा के अनुसार खरसाली गांव से समेश्वर देवता (शनिदेव) की डोली मां यमुना को लेने यमुनोत्री धाम पहुंची थी। कपाट बंद होने के बाद शनिदेव की अगुवाई में मां यमुना की भोगमूर्ति और उत्सव डोली ढोल नगाड़ों और शंखनाद के बीच शीतकालीन प्रवास खरसाली गद्दीस्थल मंदिर के लिए रवाना की गई। शीतकाल में मां यमुना की पूजा-अर्चना खरसाली मंदिर में ही होगी और देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु यहीं पर मां यमुना का दर्शन कर पाएंगे। यहां पर अगले छह माह तक धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। धाम परिसर 'जय मां यमुना' के जयकारों से गूंज उठा। बर्फ से ढके पर्वतों और ठंडी हवाओं के बीच जब मां यमुना की डोली यात्रा के लिए रवाना हुई तो श्रद्धालुओं की आंखें आस्था और भावनाओं से नम हो उठीं।






## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ बोर्ड प्रस्ताव नामंजूर

**श्रीनगर।** पीडीपी के नेता वहीद पारा की ओर से जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की बहाली और उसके प्रबंधन की जिम्मेदारी मुत्तहिंद-ए-मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) को सौंपने की मांग वाला प्रस्ताव विधानसभा में मतदान के दौरान नामंजूर हो गया। पारा ने एक्स पर लिखकर इस विषय में जानकारी देते हुए कहा कि पीडीपी विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर से औपचारिक रूप से आग्रह करेगी कि वे अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए इस प्रस्ताव को विधाई कार्य में शामिल करें। यह एक संवेदनशील, आस्था से जुड़ा मुद्दा है, जिस पर बहस होनी चाहिए और इसे स्थानीय धार्मिक नेतृत्व के पास वापस भेजा जाना चाहिए। इससे पहले जम्मू-कश्मीर विस अध्यक्ष ने पारा द्वारा पेश किए गए दो निजी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया था, जिनमें से एक में वक्फ बोर्ड की बहाली और कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले धार्मिक समूह एमएमयू द्वारा इसके प्रबंधन की मांग की गई थी।

### एसबीआई को मिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** एसबीआई को अमेरिकी फिनटेक कंपनी ग्लोबल फाइनेंस ने साल 2025 के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक और भारत के सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार दिया है। देश के सबसे बड़े सार्वजनिक बैंक को मिली इस वैश्विक मान्यता पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बधाई दी है और कहा है कि वह इसका हकदार है। एसबीआई के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने अमेरिका के वाशिंगटन, डीसी में एक कार्यक्रम में ये पुरस्कार ग्रहण किए।

# उप्र की राजनीति में एक बार फिर छिड़ा पोस्टरवार

## अखिलेश के जन्मदिन पर सपा कार्यालय के बाहर लगा प्रबल इंजन सरकार का पोस्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर पोस्टरवार छिड़ गया है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर एक विशालकाय होर्डिंग ने सबका ध्यान खींच लिया है।

पोस्टर सपा ने भारतीय जनता पार्टी के 'डबल इंजन सरकार' के नारे की तर्ज पर 'प्रबल इंजन की सरकार' का नारा देते हुए राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। यह होर्डिंग सपा के मेंहदावल (संत कबीरनगर) से रहे प्रत्याशी जयराम पांडेय ने लगवाई है। इसमें पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को एक ट्रेन के इंजन के रूप में दिखाया गया है, जबकि पीछे के डिब्बों पर सपा सरकार की योजनाओं के नाम लिखे हैं। इनमें समाजवादी पेंशन योजना, कन्या विद्याधन, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, लैपटॉप योजना, डायल-100, लखनऊ मेट्रो और मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी योजनाएं शामिल हैं। पोस्टर पर लिखा है एक इंजन, मजबूत इंजन फिर से चलेगी समृद्धि की बयार, जब 2027 में आएगी प्रबल इंजन की सरकार। इसके साथ धनतेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की शुभकामनाएं भी दी गई हैं। खास बात यह है कि अखिलेश यादव के दस्तावेजों में जन्मतिथि 1 जुलाई 1973 दर्ज है, लेकिन समर्थक हर साल 23 अक्टूबर को उनका 'वास्तविक जन्मदिन' मनाते हैं। इसी अवसर पर यह रचनात्मक पोस्टर लगाया गया है, जिसमें उन्हें संस्कृत में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई हैं। होर्डिंग में सपा का नया 'पीडीए फॉर्मूला' भी प्रमुखता से दिखाया गया है, पी. प्रगतिशील, डी. दूरदर्शी, और ए. अमनपसंद। पार्टी के कार्यकर्ता इसे सामाजिक न्याय और विकास के नए प्रतीक के रूप में पेश कर रहे हैं। जयराम पांडेय ने बताया कि वह पिछले नौ वर्षों से अखिलेश यादव के जन्मदिन पर इसी तरह के रचनात्मक पोस्टर लगाते आ रहे हैं।

# आसियान शिखर बैठक में समझबूझ कर नहीं जा रहे हैं पीएम मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगता है कि कुआलालम्पुर में होने वाली आसियान शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने वह अलग-थलग महसूस करेंगे, इसलिए सोची समझी रणनीति के तहत इस बैठक में हिस्सा लेने नहीं जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आसियान शिखर सम्मेलन की 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालम्पुर में शिखर बैठक होगी निसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कई दिनों से अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रधानमंत्री इस बैठक में जाएंगे या नहीं। अब तय लग रहा है कि प्रधानमंत्री नहीं जाएंगे। इसका मतलब है कि विश्व नेताओं के साथ गले मिलने, तस्वीरें खिचवाने या खुद को विश्वगुरु बताने के कई मौके गंवा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी के न जाने की वजह साफ है। वहां राष्ट्रपति ट्रंप मौजूद होंगे मोदी उनके सामने खुद को अलग थलग पड़ता महसूस नहीं करना चाहेंगे। उन्होंने कुछ हफ्ते पहले मिस्र में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी इसी वजह से ठुकरा दिया था। सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा में संदेश पोस्ट करना एक बात है। लेकिन उस व्यक्ति के साथ घुलना-मिलना दूसरी बात है और यह सब उस व्यक्ति के साथ आसान नहीं होगा, जिसने 53 बार ऑपरेशन सिदूर रुकवाने और पांच बार भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने के वादे का दावा करने वाला बयान दिया है। यह एक तरह से खुद को बचाकर रखने की स्थिति ही होगी। कांग्रेस नेता ने तंज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शायद उस पुराने हिट बॉलीवुड गाने को याद कर रहे होंगे बचके रे रहना रे बाबा, बचके रहना रे।

# इंडिया गठबंधन में कांग्रेस का कोई सम्मान नहीं: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता

■ महागठबंधन के पोस्टर से राहुल का फोटो गायब

भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को महागठबंधन के प्रेसवार्ता के पोस्टर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की फोटो गायब होने पर कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं। पूनावाला ने कहा कि प्रेसवार्ता के गुरुवार को पटना में होने वाली प्रेसवार्ता के पोस्टर में तेजस्वी बीच में दिखाई दे रहे थे, जबकि गठबंधन के अन्य सहयोगियों की छोटी तस्वीरें थीं, लेकिन राहुल गांधी का कोई नामोनिशान नहीं था। श्री पूनावाला ने कहा कि महागठबंधन के नेताओं के पास न कोई मिशन, न कोई विजन, सिर्फ भ्रम, विभाजन और पद की महत्वाकांक्षा है। पूनावाला ने इस चूक का मजाक उड़ाते हुए कहा कि कल तक तो यही घोषणाएं हो रही थीं कि राहुल गांधी ही चेहरा होंगे, लेकिन अब मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी के लिए कोई सम्मान नहीं बचा है।

इन दलों के गठबंधन को देखिए, न कोई मिशन, न कोई विजन, सिर्फ भ्रम, सिर्फ विभाजन और सिर्फ पद की महत्वाकांक्षा। उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। वहीं भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने इसी मामले पर हमला तेज करते हुए कहा कि राजद ने जानबूझकर कांग्रेस सांसद के नेतृत्व को 'अनदेखा' किया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सुबह 11 बजे निर्धारित पीसी में राहुल गांधी का कोई पोस्टर नहीं था।

## फायर सर्विस केवल आग बुझाने तक सीमित न रहे: योगी

# फायर सर्विस में जल्द बनेगी स्पेशलाइज्ड यूनिट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एक्सप्रेस-वे पर हर 100 किमी पर छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक तथा जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री गुरुवार को अग्निशमन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्एक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं तथा सुपर हाईराइज बिल्डिग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हों। बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउंट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 तथा अराजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे जनपद, रीजनल और मुख्यालय स्तर पर फायर सर्विस की कार्यक्षमता और जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्एक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्एक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेंडर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन ऑवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारंभ किया जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फायर सर्विस जनता के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जो हर परिस्थिति में त्वरित, कुशल और उत्तरदाई प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्र जनता तक पहुंच सके।

### योगी ने प्रदेशवासियों को दी भैया दूज की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश वासियों को भैया दूज की शुभकामनाएं और बधाई दी है। योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, भाई-बहन के स्नेहिल बंधन और विश्वास की डोर को दृढ़ करने वाले पावन पर्व भैया दूज की सभी को हार्दिक बधाई। यमुना मैया की कृपा से हर बहन का जीवन सुख, सौभाग्य और समृद्धि से आलोकित हो और हर भाई का जीवन साहस, सफलता और उज्जवल भविष्य के प्रकाश से जगमगाता रहे, यही प्रार्थना है। गौरतलब है कि यूपी के विभिन्न हिस्सों में आज भाई दूज धूम धाम से मनाया जा रहा है। इस क्रम में पूर्वांचल से लेकर कानपुर, अवध, पश्चिमी यूपी समेत सभी इलाकों में चहल-पहल का माहौल है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 123907
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 152501
प्रति किलो



# सेंसेक्स पहली बार 85,000, निफ्टी-50 सूचकांक 26000 पार

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की खबरों से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में जबरदस्त तेजी देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पहली बार 85,000 तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक पहली बार 26,000 अंक के स्तर को छूकर लौटा।

बाद में तेल एवं गैस, ऑटो और फार्मा सेक्टरों में गिरावट से बाजार की तेजी कम हुई। सेंसेक्स 860 अंक से अधिक की उछाल के साथ 85,290.06 अंक को छूने के बाद अंत में 130.06 अंक (0.15 प्रतिशत) की बढ़त में 84,556.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 235 अंक से ज्यादा की मजबूती के साथ 26,104.20 अंक तक पहुंचने के बाद अंत में 22.80 अंक यानी 0.09 प्रतिशत ऊपर 25,891.40 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांकों के लिए ए उनके रिकॉर्ड बंद स्तर हैं। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों पर बाद में दबाव आ गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.09 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.05 फीसदी लुढ़क गए। मीडिया में बुधवार को यह खबर आई थी कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द हो जाएगा। साथ ही, भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में आयात शुल्क की दर 50 प्रतिशत से घटाकर 15.16 प्रतिशत हो जाएगी।

इससे बाजार सकारात्मक निवेश भावना के साथ खुला। आईटी सेक्टर में सबसे अधिक तेजी देखी गई। इसके अलावा बैंकों और एफएमसीजी सेक्टरों में भी निवेशक लिवाल रहे। एनएसई में कुल 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,308 के शेयर बढ़त में और 1,802 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं, 92 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 22 के शेयरों में तेजी और अन्य आठ में गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर सबसे अधिक 3.86 प्रतिशत चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.43 प्रतिशत, टीसीएस में 2.24, एक्सिस बैंक में 1.90, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.24 और टाइटन में 1.15 प्रतिशत की तेजी रही। टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, टाटा स्टील, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के शेयर आधा से एक फीसदी के बीच चढ़े। इटरनल में सबसे अधिक 2.88 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.75 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 1.63, अडानी पोर्ट्स का 1.41, आईसीआईसीआई बैंक का 1.35 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.17 प्रतिशत टूट गया। वैश्विक स्तर पर अन्य एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.35 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.72 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 फीसदी मजबूत हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.40 प्रतिशत फिसल गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.53 प्रतिशत की तेजी रही।

# चांदी रिकॉर्ड हाई से 25,000 सस्ती, सोना 5 दिन में 5,677 गिरा

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज यानी, 22 अक्टूबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है। इससे पहले ए 20 अक्टूबर को यह 1,27,633 रुपए पर था। वहीं 17 अक्टूबर को सोने ने 1,29,584 रुपए का आल टाइम हाई बनाया था। चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपए के आल टाइम हाई पर पहुंची थी।वहीं माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को वित्त-वर्ष 2024-25 में 96.5 मिलियन डॉलर यानी 847 करोड़ रुपए सैलरी मिली। यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी सैलरी है, जो पिछले साल की तुलना में 22 प्रतिशत ज्यादा है।

# चावल मजबूत, चीनी, दालें नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए जबकि गेहूं में टिकाव देखा गया। वहीं दालों और चीनी में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 14 रिंगिट चढ़कर 4,470 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.79 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत छह रुपए बढ़कर 3,888.78 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। वहीं गेहूं 2,883.12 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा।

आटे की कीमत आठ रुपए घटकर 3,338.86 रुपए प्रति क्विंटल रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 59 रुपए और सूरजमुखी तेल की 19 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। सरसों तेल 43 रुपए और सोया तेल 64 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति की कीमत 49 रुपए और पाम ऑयल की 13 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल और उड़द दाल दोनों की औसत कीमत 18.18 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 18 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 29 रुपए और मूंग दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 19 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**SC नाबालिग....** हाईकोर्ट ने इस निर्णय को पलट दिया और कहा कि नाबालिगों को पहले पिता की बिक्री रद्द करने के लिए मुकदमा दाखिल करना चाहिए था। अंतत: शिवप्पा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है, जो नाबालिग को अनिवार्य रूप से मुकदमा दायर करने के लिए बाध्य करता हो। अदालत ने कहा कि यदि नाबालिग का व्यवहार जैसे संपत्ति को स्वयं बेचना स्पष्ट रूप से अस्वीकृति दर्शाता है, तो उसे पर्याप्त माना जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में मुकदमा दायर करने का दायित्व नाबालिग पर नहीं बल्कि उस व्यक्ति पर होता है, जो पहले के सौदे से अपने अधिकार खोने का दावा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि पावर ऑफ अटार्नी रखने वाला व्यक्ति संपत्ति स्वामित्व से जुड़ी व्यक्तिगत जानकारी वाले मामलों में मालिक की ओर से गवाही नहीं दे सकता। इस आधार पर नीलम्मा का दावा भी खारिज कर दिया गया। अदालत ने अंत में कहा कि रुद्रप्पा द्वारा किया गया सौदा वैध नहीं था और नाबालिगों द्वारा समय रहते उसे अस्वीकार करने के कारण नीलम्मा को कोई अधिकार नहीं मिला।

**केदारनाथ...** (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी सहित जिला प्रशासन, तीर्थ पुरोहितों और हक हकूकधारियों ने पूर्व द्वार से मंदिर के गर्भगृह परिसर में प्रवेश किया तथा समाधि पूजा में शामिल हुए। यज्ञ-हवन समाधि पूजा के पश्चात, पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ के स्वंभू शिवलिंग को समाधि रूप दिया। स्थानीय पुष्पों कुमजा, बुकला, राख सहित ब्रह्म कमल, शुष्क फूल पत्तों से ढक दिया गया। जय बाबा केदार के उदघोष के साथ मंदिर गर्भगृह बंद हुआ। मुख्यमंत्री तथा बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की उपस्थिति में प्रात: साढ़े आठ बजे मंदिर का पूर्वी तथा दक्षिण द्वार बंद हो गया। इसके बाद पंचमुखी डोली को बाहर मंदिर परिसर में लाया गया तथा डोली ने श्री केदारनाथ मंदिर की परिक्रमा के पश्चात प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंचमुखी डोली के साथ प्रस्थान किया। श्री धामी ने बाबा केदार के कपाट बंद होने के अवसर पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए शुभकामनाएं दी।

# चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस नौ नवम्बर से दिल्ली के लिए दोबारा शुरू करेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस आगामी नौ नवम्बर से दिल्ली और शंघाई के बीच दोबारा उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शनिवार और रविवार को उपलब्ध होगी। दिल्ली से शंघाई की उड़ान शाम 7:55 बजे और शंघाई से वापसी की उड़ान स्थानीय समय के अनुसार अगले दिन सुबह 4:10 बजे रवाना होगी। दोनों देशों के बीच पांच साल से भी ज्यादा समय के बाद कोई सीधी उड़ान शुरू हो रही है। ईस्टर्न एयरलाइंस दोबारा भारत के लिए उड़ान शुरू करने वाली पहली चीनी एयलाइंस है। भारतीय विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने 26 अक्टूबर से कोलकाता से चीन के ग्वांग्झू के लिए उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। कोविड-19 महामारी से पहले दोनों देशों के बीच 500 से अधिक उड़ानों का परिचालन किया जा रहा था, लेकिन साल 2020 में महामारी के प्रसार को रोकने के लिए उड़ानों पर रोक लगा दी गई थी। इस बीच, टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के सूत्रों का कहना है कि एयरलाइंस अगले महीने से चीन के लिए उड़ानों की घोषणा कर सकती है। चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस शंघाई-दिल्ली मार्ग पर एयरबस ए330-200 विमान का संचालन करेगी जो इन-फ्लाइट वाई-फाई से लैस होगा।

# अनुशासनहीनता के आरोप में बसपा नेता समसुद्दीन रायनी पार्टी से निष्कासित

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ रायनी को कई बार संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने पार्टी में गुटबाजी और अनुशासनहीनता के मामलों पर सख्त रुख अपनाया है। पार्टी की अनुशासन समिति की सिफारिश पर उन्होंने कद्दावर मुस्लिम नेता समसुद्दीन रायनी को बसपा से निष्कासित कर दिया है।

रायनी पर पार्टी विरोधी गतिविधियों और गुटबाजी में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के स्तर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि रायनी को कई बार संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया। पार्टी हितों के विपरीत आचरण और अनुशासनहीनता के चलते उन्हें संगठन से बाहर किया गया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि मायावती अब संगठन में सक्रिय और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को आगे लाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। निष्क्रिय और गुटबाजी करने वाले नेताओं पर एक के बाद एक कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी बसपा में कई जिलों और मंडलों में बड़े फेरबदल किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि समसुद्दीन रायनी बसपा में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं और नसीमुद्दीन सिद्दीकी के बाद उन्हें पार्टी का बड़ा मुस्लिम चेहरा माना जाता था। वह लखनऊ और कानपुर मंडल के प्रभारी थे और संगठन में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती थी। सूत्रों के अनुसार बीते कुछ महीनों से रायनी के खिलाफ लगातार शिकायतें आ रही थीं, जिनकी समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की गई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शीतकाल के लिये बाबा केदार के कपाट बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रप्रयाग।** द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग भगवान केदारनाथ के कपाट भैयादूज के पावन पर्व पर शीतकाल के लिये बंद कर दिये गये हैं। कपाट बंद होने के बाद हजारों श्रद्धालुओं की जयकारों के बीच बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली ने शीतक. ालीन गददीस्थल के लिये प्रस्थान किया। देर सांय पैदल यात्रा मार्ग के अनेक पड़ावों पर भक्तों को आशीष देते हुये डोली प्रथम रात्रि प्रवास के लिये रामपुर पहुंची। आज डोली द्वितीय रात्रि प्रवास गुप्तकाशी में करेगी और शनिवार को डोली अपने शीतकालीन गददीस्थल ओंक. ारेश्वर मंदिर में विराजमान होगी।

पौराणिक परंपराओं और रीति-रिवाजों के साथ गुरूवार को भगवान केदारनाथ धाम के कपाट प्रात: साढ़े आठ बजे बंद किये गये। इससे पूर्व बुधवार रात्रि को धाम पहुंचे भक्तों ने बाबा केदार के दर्शन किये। दर्शन के बाद मुख्य पुजारी की ओर से पहले बाबा को बाल भोग और फिर महाभोग लगाया

**■ प्रथम रात्रि प्रवास के लिये डोली पहुंची रामपुर ,आज गुप्तकाशी में करेगी बाबा की डोली रात्रि प्रवास**

गया। प्रात: चार बजे से समाधि पूजा शुरू हुई, जो छह बजे तक चलती रहती। बाबा केदार के स्वयं-भू लिंग को समाधि देने के बाद मंदिर के गर्भ गृह के कपाट बंद किये गये। ठीक साढ़े आठ बजे बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली मंदिर के सभा मंडप से बाहर आई। जिसके बाद मुख्य पुजारी सहित मंदिर समिति के अधिकारी-कर्मचारियों की ओर से मंदिर के मुख्य द्वार को बंद किया गया। डोली ने मंदिर की एक परिक्रमा की और फिर अपने शीतकालीन गददीस्थल ओंक. ारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिये प्रस्थान किया। लिनचौली, छानीकैंप, रामबाड़ा, भीमबली, जंगलचटटी, गौरीकुंड, सीतापुर, सोनप्रयाग सहित अन्य यात्रा पड़ावों पर भक्तों को आशीष देते हुये बाबा केदार की डोली प्रथम रात्रि प्रवास के लिये रामपुर पहुंची। रामपुर में स्थानीय भक्तों की ओर से डोली का भव्य स्वागत किया गया। आज डोली रामपुर से प्रस्थान करते हुये द्वितीय रात्रि प्रवास के लिये गुप्तकाशी पहुंचेगी। कपाट बंद होने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण सहित हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# खिर्सू ब्लॉक मुख्यालय में डेढ़ दर्जन निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह क्षेत्र में विकास योजनाओं का जायजा लेंगे, साथ ही खिर्सू विकासखण्ड में करीब डेढ़ दर्जन निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा वह राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास का लोकार्पण भी करेंगे। डा. रावत शनिवार को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भी प्रतिभाग करेंगे साथ ही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क कर आम लोगों की समस्याओं को भी सुनेंगे।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वह 24 अक्टूबर से अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अपने दौरे की शुरूआत वह खिर्सू ब्लॉक मुख्यालय से करेंगे जहां पर वह विकासखण्ड के आवासीय भवनों के जीर्णोंद्धार कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही वह करीब डेढ़ दर्जन निर्माण कार्यों

**■ श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे कैबिनेट मंत्री डा. रावत,सुनेंगे जनसमस्याएं**



का शिलान्यास करेंगे। जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज खण्डाह, सुमाड़ी, नवाखाल, मरखोड़ा, देवलगढ़, कठूली तथा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उल्ली व राजकीय प्राथमिक विद्यालय कमेड़ा में सौन्दर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास शामिल है। साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज कठूली में विज्ञान लैब व पेयजल टैंक के निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी शामिल है। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री खिर्सू में सुमाड़ी-खण्डाह मोटरमार्ग से खल्लू हेतु सड़क मार्ग, राजकीय इंटर कॉलेज खण्डाह तक इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य, जलेथा व मसूड़ गांव के लिए सड़क सम्पर्क मार्ग निर्माण तथा कोठगी में पेयजल टैंक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। इसके उपरांत वह खिर्सू ब्लॉक के नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों के सम्मान समारोह में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही वह बी.डी.सी. बैठक में भी प्रतिभाग करेंगे। इसके अलावा वह राजकीय महाविद्यालय खिर्सू व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

शनिवार को डॉ. रावत हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल (केन्द्रीय) विश्व. विद्यालय के चौरास परिसर में आयोजित 46वें आईआईजी वार्षिक अधिवेशन में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद वह विधायक निधि से स्वीकृत हाईटैक एम्बुलेंस को आम जनमानस के लिये केन्द्रीय विश्वविद्यालय को सौंपेंगे करेंगे। इसके बाद वह राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास का लोकार्पण करेंगे। साथ ही आम लोगों की समस्याओं को भी सुनेंगे।

# प्रदेश भर में मनाया जाएगा राज्य की रजत जयंति का जश्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती का समारोह में पूरे प्रदेश भर में मनाया जाएगा। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने गुरुवार को सचिवालय में नवम्बर माह में प्रस्तावित रजत जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन प्रदेशभर में किया जाए। बैठक के दौरान 01 नवम्बर से 09 नवम्बर तक पूरे प्रदेश में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गयी।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग एवं पर्यटन के साथ ही सड़कों एवं नेटवर्क की कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उपलब्धियां अर्जित की हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में पिछले 25 साल की उपलब्धियों के साथ ही अगले 25 सालों का रोडमैप भी प्रदर्शित





**■ कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर मुख्य सचिव ने ली बैठक,1 नवंबर से 9 नवंबर तक प्रदेश में होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तरीय एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों को सभी विभाग आपसी सामंजस्य के साथ आयोजित करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि 01 नवम्बर से 09 नवम्बर तक प्रत्येक दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में श्रमिकों, किसानों, पूर्व सैनिकों और महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एल. फैनाई, आर. मीनाक्षी सुन्दरम, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव नितेश कुमार झा, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. आर. राज. ेश कुमार, विनय शंकर पाण्डेय, दीपेन्द्र कुमार चौधरी, डॉ. सुरेन्द्र नारायण पाण्डेय, विनोद कुमार सुमन, युगल किशोर पंत एवं धीराज सिंह गर्ब्याल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# शीतकालीन यात्रा को प्रदेश सरकार दे रही बढ़ावा: धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। कपाट बंद होने से पूर्व मंदिर को पुष्पों से भव्य रूप में सजाया गया था। सेना के बैंड की भक्ति धुनों और जय बाबा केदार के जयघोष के साथ मंदिर परिसर श्रद्धाभाव से गूंज उठा। ठंडे मौसम के बावजूद लगभग 10 हजार श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने।

कपाट बंद होने के पश्चात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में मंदिर के पूर्वी व दक्षिणी द्वार विधिवत बंद किए गए। इसके उपरांत भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली ने मंदिर की परिक्रमा कर प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर देश-विदेश से आए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र



**■ वर्ष 2025 की चारधाम यात्रा में रिकार्ड संख्या में भक्त पहुंचे केदारनाथ धाम शीतकाल में केदारपुरी की रक्षा रहेगी मजबूत**

मोदी के दूरदर्शी विजन के अनुरूप केदारपुरी का पुनर्निर्माण आज अपने भव्यतम स्वरूप में है। वर्ष 2025 में चारधाम यात्रा के अंतर्गत रिकॉर्ड 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कपाट बंद होने के पश्चात शीतकालीन यात्रा को भी राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु ऊखीमठ, गुप्तकाशी जैसे गद्दीस्थलों में भी बाबा केदार की आराधना कर सकें। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से शीतकाल में भी चारों धामों के गद्दीस्थलों में आकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शीतकाल में भी श्रद्धालुओं के यात्रा करने से स्थानीय व्यापारियों, होमस्टे एवं होटल चालकों आदि की आजी. विका निरंतर गतिमान रहेगी।

मुख्यमंत्री ने यात्रा से जुड़े सभी विभागों, सुरक्षा बलों, मंदिर समिति, स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया तथा इस वर्ष की यात्रा को सफल, सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष केदारनाथ यात्रा का संच. ालन अत्यंत सुचारु एवं सफलतापूर्वक हुआ। इस वर्ष कुल 17,68,795 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए, जो पिछले वर्ष 2024 के 16,52,076 तीर्थयात्रियों की तुलना में लगभग सवा लाख अधिक है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान प्राकृतिक आपदा को छोड़कर संपूर्ण यात्रा अवधि में व्यवस्थाएं सुचारु रही। शीतकालीन अवधि में भी श्री केदारनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी और शीतकालीन पूजाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस मौके पर विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, जिलाधिकारी प्रतीक जैन, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण, ऋषि प्रसाद सती, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, कृषि विपणन बोर्ड अध्यक्ष अनिल डब्बू, बीकेटीसी सीईओ विजय प्रसाद थपलियाल, केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड को विश्व बैंक से मिलेगा 680 करोड़ रुपये का सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**देहरादून।** राज्य में वित्तीय पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और सेवा वितरण में सुधार हेतु "उत्तराखंड में बेहतर सेवा वितरण के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ करना" परियोजना को विश्व बैंक के विचारार्थ भारत सरकार ने किया अनुशंसित उत्तराखंड सरकार के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग (एफ. बी. प्रभाग), नई दिल्ली ने राज्य की महत्वाकांक्षी परियोजना "उत्तराखंड में सेवा वितरण में सुधार के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन को सशक्त बनाना" को विश्व बैंक के विचारार्थ अनुशंसित किया है।

इस परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड सरकार ने राज्य में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सक्षम, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने तथा सेवा प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विश्व बैंक से लगभग 680 करोड़ (लगभग 80 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की बाह्य सहायता का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा इस प्रस्ताव को विश्व बैंक भारत कार्यालय, नई दिल्ली के कार्यवाहक कंट्री डायरेक्टर श्री पॉल प्रूसी को औपचारिक रूप से प्रेषित किया गया है।

पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि उत्तराखंड सरकार के इस प्रस्ताव की प्रति संलग्न करते हुए इसे विचार एवं स्वीकृति हेतु अनुशंसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से राज्य में राजकोषीय अनुशासन, वित्तीय डेटा पारदर्शिता, और सेवा प्रदाय तंत्र की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार आएगा। उत्तराखंड सरकार के वित्त विभाग के अनुसार, यह परियोजना राज्य की ई-गवर्नेंस और डिजिटल पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट को नई दिशा देगी। इससे राज्य के प्रत्येक विभाग में वित्तीय अनुशासन, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग प्रणाली को मजबूत किया जाएगा।



## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने व्यक्त की प्रसन्नता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अनुशंसा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि "यह उत्तराखंड के वित्तीय सुधार और सुशासन के प्रयासों की बड़ी स्वीकृति है। राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है कि प्रत्येक सरकारी रुपया जनता के हित में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ व्यय हो। विश्व बैंक की यह संभावित सहायता राज्य की वित्तीय प्रणालियों को डिजिटल, सुदृढ़ और परिणामोन्मुख बनाएगी।"

# भाजपा ने की प्रदेश प्रवक्ताओं की घोषणा



**देहरादून।** भाजपा ने प्रदेश प्रवक्ताओं की घोषणा कर दी है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर 9 प्रवक्ताओं की सूची जारी की गयी है।भाजपा ने विधायक खजान दास, विनोद चमोली, मथुरा दत्त जोशी, नवीन ठाकुर, गुरविंदर सिंह चंडोक,कुंवर जपेंद्र सिंह, हनी पाठक, कमलेश रमन और विकास भगत के नाम शामिल हैं।

# भाईदूज के पर्व पर बहनों के बीच पहुंचे कैबिनेट मंत्राी जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाई-बहन के स्नेह, प्रेम और विश्वास के प्रतीक पर्व भाईदूज के अवसर पर गुरुवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी देहरादून स्थित अपने विधानसभा क्षेत्र के गल्जवाड़ी में बहनों के बीच पहुंचे। इस अवसर पर बहनों ने मंत्री जोशी का तिलक कर पारंपरिक रीति से उनका स्वागत किया।कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सभी बहनों को भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "यह पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के अटूट प्रेम और सुरक्षा के वचन का प्रतीक है। हमारी संस्कृति में परिवार के मूल्यों और रिश्तों की जो गहराई है, वही समाज को सशक्त बनाती है।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में महिला



सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ आज हर बहन तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भीषण आपदा के कारण क्षेत्र में कई परिवार प्रभावित हुए हैं और इसके चलते मैंने फैसला लिया कि इस वर्ष भाईदूज का त्यौहार प्रभावित क्षेत्र में अपने बहनों के साथ मनाऊं।

इस अवसर पर बहनों ने मंत्री जी को आरती उतारकर तिलक लगाया और उनके दीर्घायु होने की कामना की। मंत्री ने भी बहनों को उपहार स्वरूप मिठाई व शुभकामनाऐं भेंट की।इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजन और पूर्व ग्राम प्रधान लीला शर्मा, भाजपा की मंडल महामंत्री किरण, पूर्व मंडल अध्यक्ष ज्योति कोटिया, शोभा अधिकारी, रेखा, मीरा, हरिकला, गंगा, चंद्रकला, रीता, गीता, शांति, हेमा, सपना, सीता, सावित्री और माया सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाओं एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री देहरादून में करेंगे सासंद खेल महोत्सव का शुभारंभ



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। डा.नरेश बंसल ने दीपावली के पांच दिवसीय पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी।

**■ मुलाकात कर सांसद डा. नरेश बंसल ने किया आमंत्रित**

डा. नरेश बंसल ने मुख्यमंत्री को देहरादून में 27 अक्टूबर से 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले सासंद खेल महोत्सव के नवोदय विद्यालय में शुभारंभ कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के रूप मे आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने राज्यसभा सांसद डॉ नरेश बंसल के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया व स्वीकृति दी। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

# प्रवासी उत्तराखंडी करेंगे राज्य की दिशा और दशा पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में प्रवासी उत्तराखंडी पांच नवंबर को दून विश्वविद्यालय में जुटने जा रहे हैं। मौका है, दूसरे प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन के आयोजन का। इस एक दिवसीय सम्मेलन में उत्तराखंड की 25 वर्षों की यात्रा पर प्रवासी उत्तराखंडी अपने नजरिये को सामने रखेंगे। साथ ही, यह सुझाव भी देंगे कि उत्तराखंड को भविष्य में और बेहतर बनाने के लिए क्या किया जा सकता है। इस सम्मेलन के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जारी है, जो कि 24 अक्टूबर की देर रात्रि तक चलेगी। अभी तक विभिन्न राज्यों के 200 प्रवासियों ने अपना पंजीकरण करा लिया है। पंजीकरण प्रवासी उत्तराखंड प्रकोष्ठ की वेबसाइट पर जाकर कराया जा सकता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन के आयोजन

**■ दूसरा प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन पांच नवंबर को दून विश्वविद्यालय मेंमुख्यमंत्री के निर्देश पर वर्ष 2024 से शुरू हुआ है सम्मेलन का सिलसिला**
**पिछली बार 17 राज्यों के 200 प्रतिभागियों ने की थी सम्मेलन में शिरकत**
**दो सत्रों में होगी महत्वपूर्ण चर्चा, मुख्यमंत्री करेंगे प्रवासियों से सीधा संवाद**

का सिलसिला शुरू हुआ है। वर्ष 2024 से पहला प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें 17 राज्यों के 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इस बार इस सम्मेलन में भाग लेने वालों की संख्या बढ़ना तय माना जा रहा है। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आरके सुधांशु के अनुसार-पांच नवंबर को दून विश्वविद्यालय के नित्यानंद ऑडिटोरियम में इस सम्मेलन की शुरुआत सुबह दस बजे से होगी। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। सम्मेलन दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। पहला सत्र पर्यावरण से संबंधित रहेगा, जिसके लिए वन विभाग के पीसीसीएफ एसपी सुबुद्धि को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दूसरा सत्र, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण से संबंधित रहेगा, जिसके लिए दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुरेखा डंगवाल को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

प्रमुख सचिव के अनुसार-सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रवासी उत्तराखंडियों से सीधा संवाद भी करेंगे। संवाद का यह कार्यक्रम करीब एक घंटे का होगा। अभी तक इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, झारखंड आदि प्रदेशों से 200 लोगों ने पंजीकरण करा लिया है। सम्मेलन के पश्चात शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी दून विश्वविद्यालय में किया जाएगा।

## विकास के रोडमैप में होगी भूमिका: मुख्यमंत्री



प्रवासियों को एक मंच पर लाने और उन्हें अपनी मातृभूमि से सक्रियता से जोड़ने तथा राज्य के विकास में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। पिछले आयोजन के हमारे अनुभव बेहद उत्साहित करने वाले रहे हैं। मैं उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित हो रहे इस सम्मेलन के लिए प्रवासी उत्तराखंडियों को सादर आमंत्रित करता हूं। प्रवासी उत्तराखंडियों के सुझाव उत्तराखंड के विकास का रोडमैप तैयार करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री।**

# मांस से भरी पिकअप पर बवाल

## हिंदूवादी संगठनों ने जमकर मचाया उत्पात, गाड़ी में तोड़फोड़ कर मुस्लिम व्यक्ति को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** कोतवाली अंतर्गत रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बैलपड़ाव में मांस से भरी पिकअप को हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने रामनगर के समीप छोई गांव के पास घेराबंदी कर पकड़ लिया। मौके पर मांस से लदी पिकअप को हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बैलपड़ाव ले आए और चौकी पर हंगामा करने लगे। घंटों हंगामे के बीच सीओ रामनगर सुमित पांडे, एसपी सिटी हल्द्वानी प्रकाश चंद्र और एसडीएम कालाढूंगी विपिन चंद्र पंत भी मौके पर पहुंचे और हिंदूवादी संगठनो के कार्यकर्ताओं को शांत कराया। गहमागहमी बढ़ती देख



मौके पर पुलिस ने पशु चिकित्सक को बुलाया और मौके से मांस के सैंपल लिए। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि मांस से लदी पिकअप को पकड़ लिया गया है और मांस के सैंपल को लैब भेजा गया है और जांच कराई जाएगी। तत्पश्चात जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान हिन्दू वादी संगठन नेता सूरज चौधरी, विपिन कांडपाल, उमेश चौहान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### हिंदूवादी संगठन के लोगों ने मेरे पति पर हमला किया: नूरजहां

**कालाढूंगी।** दूसरे पक्ष से नूरजहां ने रामनगर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए अवगत कराया कि गुरुवार की सुबह को उनके पति नासिर बरेली से रामनगर बड़े जानवर भैंस का मीट ला रहे थे जिसके कागज उनके पास थे। हिन्दूवादी संगठन के लोगों ने रामनगर से पहले छोई में मेरे पति नासिर की गाड़ी को रोककर उनके साथ मारपीट की। मोबलिंचिंग की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। अगर समय से पुलिस मौके पर नहीं पहुंचती तो यह लोग मेरे पति को जान से मार देते। इतना ही नहीं इन लोगों ने पुलिस से छीनकर भी मेरे पति पर हमला करने का प्रयास किया। गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। पीछे से आ रही दूसरी गाड़ी को भी बेलपड़ाव चौकी पर रोक लिया और वाहन में तोड़फोड़ की गई। गाड़ी के ड्राइवर ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। नूरजहां ने उक्त मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त करवाई की मांग की है।

### मूकदर्शक बनी रही पुलिस, बवाल काटते रहे हिन्दुवादी

यह घटनाक्रम यह सवाल उठाता है कि क्या उग्र संगठनों को कानून हाथ में लेने की छूट दी जानी चाहिए? ऐसे संगठनों के कार्यकर्ताओं का हौंसला इतना बढ़ गया है कि वे पुलिस की मौजूदगी में भी कानून को चुनौती देते हुए खुलेआम हिंसा और तोड़फोड़ कर रहे हैं। पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़ा हो रहा है, क्योंकि पुलिसकर्मी मूकदर्शक बनकर यह घटनाएं देख रहे थे। सवाल यह है कि किसी घटना के सही-गलत होने का निर्णय न्यायालय का काम है, न कि किसी संगठन का। हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा खुद ही लोगों को मुजरिम साबित करके सजा देने का प्रयास करना कानून के शासन की अवहेलना है। ऐसे घटनाएं कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती हैं और लोगों का न्यायपालिका और पुलिस से विश्वास कमजोर करती हैं।

# वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कांडा पाईका खेल मैदान नरगोली में नवयुवक मंगल दल नरगोली के तत्वावधान में भैया दूज के मौके आयोजित दो दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता का ब्लाक प्रमुख दीपा देवी ने बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ किया। बतौर विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य भंडारीगांव कविता बोरा, मलसूना कुशाल धानिक, कानेकन्याल क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्मल शाह सिमकुना क्षेत्र पंचायत सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच चण्डिका क्लब नरगोली व सैम शक्ति क्लब सैमपुर धौलिपाटा के मध्य खेला गया बेस्ट ऑफ थ्री के मैच में लगातार दो सैट जीतकर नरगोली विजयी रही। रैफरी मानस रौतेला, योगेश रौतेला, उद्घोषक दीपक रौतेला, स्कोरर आसुतोष रौतेला, इस मौके पर ग्राम प्रधान हीरा देवी, चन्द्रशेखर रौतेला, चंद्र राम, पूर्व शिक्षाधिकारी भगवत रौतेला, पूर्व प्रधानाचार्य मनोहर सिंह रौतेला, पूर्व क्षेत्र पंचायत दीपक रौतेला, पूर्व प्रधान अनिल रौतेला, कविता रौतेला, हरीश डसीला, केदार भौर्याल, पूरन भौर्याल, सतीश उप्रेती, मनोज रौतेला, नवयुवक मंगल दल अध्यक्ष गिरीराज रौतेला गोलू ने सभी के सहयोग के लिए जताया आभार।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में माइंडफुल लीडरशिप पर सत्र

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा स्पीक फाउंडेशन के सहयोग से माइंडफुल लीडरशिप एप्लाइंग बुद्धिस्ट प्रिंसिपल्स इन मैनेजमेंट विषय पर एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य बीबीए और एमबीए विद्यार्थियों में आत्म जागरूकता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और मूल्य आधारित नेतृत्व को प्रोत्साहित करना था। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को माइंडफुलनेस (सचेतनता) और उसके नेतृत्व व व्यक्तिगत विकास में महत्व पर गहन चिंतन का अवसर मिला। वक्ताओं ने व्यावहारिक अनुभवों के साथ ही प्रेरक कहानियों और जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझाया कि आत्म नियंत्रण, जागरूकता और भावनात्मक संतुलन जैसे गुण न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक हैं बल्कि प्रभावी नेतृत्व की नींव भी हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़ी शिक्षाओं के माध्यम से धैर्य, संयम और सजगता के महत्व को आत्मसात किया।

# प्रमुख मार्गों के दोनों ओर बिछाई गई टाइल्सों पर वाहन दौड़ाने से राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख मार्गों के दोनों ओर बिछाई गई टाइल्सों पर दौड़ाए जा रहे छोटे-बड़े वाहनों से हादसों का खतरा हो गया है। इससे राहगीरों को दिक्कत हो रही हैं। कई जगहों पर टाइल्स रोड पर अतिक्रमण हो गया है। नगर क्षेत्र के मुरादाबाद रोड, बाजपुर रोड, टांडा तिराहा व मिनी बाईपास स्टेडियम रोड पर पॉलीटेक्निक से नागनाथ मंदिर तक सड़क के दोनों ओर टाइल्स बिछाई गई हैं। कई स्थानों पर ठेली-रेहड़ी वालों ने कब्जा कर लिया है। कहीं पर वाहन चालक इसे पार्किंग को रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इस टाइल्स रोड से हादसों का खतरा और बढ़ गया है। पॉलीटेक्निक रोड के दुकानदार राजेश कुमार व दीपक ने बताया कि टाइल्स रोड पर आवा. जाही करने वाले वाहनों से कई बार राहगीरों को बचना मुश्किल हो जाता है। रात के समय डंपर व ट्रकों के चलने से खतरा बढ़ जाता है। लोगों ने मांग की है कि इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाए ताकि वाहन चालक टाइल्स रोड से ना गुजरें। वहीं नगर आयुक्त रविंद्र बिष्ट ने बताया कि टाइल्स फुटपाथों का स्थलीय निरीक्षण कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। टाइल्स रोड पर वाहनों का संचालन ना हो, इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# जागेश्वर धाम में जाम ने छुड़ाए पसीने



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर धाम में गुरुवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में प्रवेश के लिए लोगों को कतार लगानी पड़ी और काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। वही, जाम की समस्या से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गुरुवार को भाई दूज पर्व पर जागेश्वर धाम में काफी लोग पूजा-अर्चना को पहुंचे। श्रद्धालुओं को जागनाथ, महामृत्युंजय, पुष्टिमाता, हनुमान, केदारनाथ, भैरव, कुबेर आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए कतार में खड़े होकर काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। वहीं, जागेश्वर-आरतोला सड़क पर दिन भर वाहनों की कतार लगी रही। मार्ग में कई बार जाम भी लगा। पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को यातायात व्यवस्थित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# हर्षोल्लास से मनाया भैया दूज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** भाई बहन के प्यार का प्रतीक भैया दूज का पर्व गुरुवार को जिले भर में उल्लास, उमंग के साथ धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों को च्यूड़े पूजकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिया। श्रद्धालुओं ने विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों में भी पूजा- अर्चना कर च्यूड़े अर्पित किए।

भैया दूज पर बहनें भाईयों को च्यूड़े चढ़ाने के लिए सुबह से दूर-दूर से भाइयों के घर पहुंची। वहीं भाई ने भी बहन को उपहार देकर बहन के भी सुखमयी भविष्य की कामना की। इधर, इस पर्व पर श्रद्धालुओं ने नगर के नंदादेवी, त्रिपुरासुंदरी,



कालिका देवी, शीतला देवी, उल्का मंदिर, पातालदेवी, देवी मंदिर खत्याड़ी, जगदंबा दरबार, चितई मंदिर में पूजा-अर्चना की। बच्चों में भी भैया दूज पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

**बागेश्वर।** कपकोट कांडा गरुड़ काफलीगैर दुग नाकुरी में आज भैया दूज का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक हर्षोल्लास से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों को टीका लगाकर चूड़े चढ़ाकर उनकी दीर्घायु की कामना की और भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर इस पर्व में प्रेम के रंग को और भी गहरा किया।

## एक नजर

### 25 हजार का चालान, वाहन सीज़

**बागेश्वर।** कोतवाली पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक नाबालिग चालक को वाहन चलाते हुए पकड़ा। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वाहन स्वामी का 25 हजार रुपये का चालान करते हुए वाहन को सीज कर दिया है। साथ ही वाहन स्वामी तथा अभिभावक को कोतवाली बुलाकर कोतवाल नीरज उपाध्याय ने यातायात नियमों की जानकारी दी और बताया कि उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### महिला और किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी धरा

**अल्मोड़ा।** कोतवाली क्षेत्र में किशोरी और महिला के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। पुलिस के मुताबिक 21 अक्टूबर को कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर दी थी। आरोपी लगाया था कि एक युवक ने उसकी नाबालिग बहन और पड़ोस में रहने वाली एक महिला के साथ छेड़छाड़ की। इस पर पुलिस ने आरा. पी नीरज के खिलाफ धारा 75/324 बीएनएस और 7/8 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कोतवाल मदन मोहन जोशी के नेतृत्व में टीम का गठन कर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। विवेचक एसआई सरोज कम्बोज ने पूछताछ के बाद आरोपी नीरज को गिरफ्तार कर लिया। एसओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज कर लिया था। उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान आईआईएम रोड पर कच्ची शराब बेचते दोहरी वकील भट्टा कालोनी निवासी चेतराम पुत्र प्रसादी राम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में भरे 60 पाउच करीब 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी चेतराम का आबकारी अधिनियम में चालान किया है।

### डीएम ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली

**अल्मोड़ा।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गुरुवार को डीएम ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने रेुर केसों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम अंशुल सिंह ने रेफर के मामलों पर चिंता जताई। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को संसाधनों का सही और प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, यूसेज चार्ज, 108 एम्बुलेंस समेत अन्य जानकारियां भी ली। कहा कि जिले में रेुरल मॉनिटरिंग कमेटी बनाई जाए। इस समिति के अध्यक्ष स्वयं डीएम होंगे। यह समिति जनपद भर के अस्पतालों से रेफर हुए मरीजों के केसों की मासिक समीक्षा करेगी। रेफर के कारणों आदि की जांच होगी। साथ ही उन्होंने सभी 108 एम्बुलेंस को चाक चौबंद रखने, समय समय पर 108 वाहनों की फिटनेस, सर्विस व अन्य तकनीकी परीक्षण, जिला व बेस अस्पताल में एक एक हेल्प डेस्क बनाने आदि आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहां एडीएम युक्ता मिश्र, सीएमओ डा. नवीन चंद्र तिवारी, पीएमएस डा. एचसी गड़कोटी आदि मौजूद रहे।

### भैयादूज पर्व के चलते ट्रेनों व बसों में रही भीड़

**काशीपुर।** भैयादूज के मौके पर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। भीड़ को देखते हुए आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों ने स्टेशन पर यात्रियों के सामान को जांचा। इसके साथ ही उनसे सतर्क रहने की अपील की गई। भैयादूज का त्योहार के चलते रेलवे स्टेशन पर सुबह से लेकर शाम तक यात्रियों की भारी भीड़ रही। जीआरपी की थाना प्रभारी तरन्नुम मलिक ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या बढ़ी है। इस वजह से यात्रियों को जागरूक करते हुए उनके सामान की तलाशी ली गई। यात्रियों को अपने साथ ज्वलनशील वस्तु नहीं ले जाने को कहा जा रहा है। भैयादूज पर्व के लिए बसों और ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ दिखाई दी है। काशीपुर से मुरादाबाद, लालकुआं, बरेली जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक रही। इसके चलते रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी ने चेकिंग अभियान चलाया। काशीपुर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक रविशंकर सिंह ने बताया कि यात्रियों की संख्या में वृद्धि दिखाई दी। दूसरी ओर काशीपुर रोडवेज डिपो में भी यात्रियों की भीड़ रही।

### सागर सिंह ने जीता कांस्य पदक

**नैनीताल।** जम्मू-कश्मीर में दिनांक 8 से 16 अक्टूबर तक आयोजित



10वीं अखिल भारतीय जूडो कलस्टर प्रतियोगिता में एसडीआरएफ उत्तराखंड में नियुक्त आरक्षी सागर सिंह ने वूशु (तालू) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर इस कामयाबी से एसडीआरएफ उत्तराखंड एवं उत्तराखंड पुलिस का गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी ने आरक्षी सागर सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह कामयाबी संपूर्ण एसडीआरएफ परिवार के लिए गर्व का विषय है। ऐसी सफलताएं बल के अनुशासन तथा परिश्रम एवं समर्पण की भावना को और प्रबल करती हैं।

# मंदिर में अन्नकूट प्रसाद वितरित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** चैती मेला परिसर स्थित मां बाल सुंदरी देवी मंदिर में अन्नकूट पूजा का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरित किया गया। अन्नकूट पूजन के आयोजक पूर्व प्रधान आनंद कुमार व पार्षद अनिल कुमार ने बताया मंदिर में लगभग 15 वर्ष पहले उनके पिता बाबू राम प्रॉपर्टी डीलर ने अन्नकूट भंडारे की शुरूआत की थी। तभी से भंडारे का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इस अवसर पर पर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडा विकास अग्निहोत्री, राम मेहरोत्रा, अमित सिंह, बलराम सिंह तोमर, कुणाल तोमर, अभिषेक तोमर, रुद्राक्ष, शिवांश तोमर आदि मौजूद रहे। उधर मां श्री शीतला देवी



माता मंदिर में भी अन्नकूट पूजन का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी पं. संदीप मिश्रा, राक. ेश अरोरा रॉकी, मनीषा अरोरा, सार्थक अरोरा, विक्की, शंकर लाल, राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे। मां मनसा देवी मंदिर में भी विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत अन्नकूट का प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर पं. विजय शर्मा, राजेन्द्र माहेश्वरी, आशीष शर्मा 'खुट्टू', विशाल रुहेला, शोभित शर्मा, सौरभ शर्मा, हैप्पी ठाकुर, विपिन कुमार, विशेष कुमार, नितिन कुमार आदि थे। गंगे बाबा मंदिर में भी गोवर्धन पर्व की धूम रही। यहां भी विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत अन्नकूट का प्रसाद बांटा गया।

# बग्वाली मेले का ओड़ा भेंटने के साथ रंगारंग आगाज़

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** बग्वालीपोखर के ऐतिहासिक बग्वाली मेले का ओड़ा भेंटने के साथ रंगारंग आगाज हो गया है। गुरुवार को मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मदन सिंह बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य भूपाल भंडारी, समिति के पदाधिकारी ने दीप जलाकर किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मेले में भण्डरगांव से प्रधान परिवार से भवान सिंह भंडारी और दीवान सिंह भंडारी के नेतृत्व में और थोकदार परिवार से बहादुर सिंह भंडारी के नेतृत्व में ओढ़ा भेंटने की परंपरा का निर्वहन किया गया। इस मौके पर विधायक मदन बिष्ट ने कहा कि इस पौराणिक मेले में नई




पीढ़ी के युवा कुछ नए प्रयोगों के साथ मेले को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिसके लिए क्षेत्र के युवा बधाई के पात्र हैं। विधायक ने मेले को आगे बढ़ाने के लिए दो लाख एवं मेला स्थल के पास बने मंदिर के स्थलीय विकास के लिए पांच लाख की धनराशि देने की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य भूपाल भंडारी ने कहा कि यहां के युवा कौतिक में नये प्रयोगों के माध्यम से हर बार कुछ नया करने का प्रयास करते हैं। जिससे ओरों को भी प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। यहां समिति के अध्यक्ष सुबेदार मेजर हरी सिंह भंडारी, आशुतोष शाही, प्रमोद जोशी, विनोद अधिक. री, रमेश नेगी व बलवीर भंडारी, डा. दीपक मेहता, संतोष बिष्ट, त्रिभुवन बिष्ट, जीवन अधिकारी, कुंदन सिंह भंडारी, अर्जुन बिष्ट, शिवदत्त पांडे, भानू जोशी, मनोज पांडे, हरिशरण शर्मा, डा. डीडी जोशी, कुंदन सिंह मेहता, मोहन सिंह बिष्ट, राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, भूपाल सिंह भरड़ा, गोपाल सिंह बिष्ट, केशव दत्त कांडपाल आदि मौजूद रहे। मेले में जय मां नंदा सुनंदा सांस्कृतिक कला समिति, बागेश्वर द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इसके अलावा क्षेत्रीय कलाकारों व विभिन्न विद्यालयों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर शमा बाधे रखा। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, दीक्षा मान्टेसरी स्कूल व जीजीआईसी बग्वालीपोखर के बच्चों ने भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नंदलाल आर्या आदि गायकों ने भी अपनी सुन्दर प्रस्तुतियां दी। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं, मेले में पुलिस प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेला परिसर में ही चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम उपस्थित रही।

# मां श्यामा काली पूजा महोत्सव का समापन

## बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक: डा. उपाध्याय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** ग्राम सभा कानपुर के गोपाल नगर स्थित श्री श्री सार्वजनिक मां श्यामा काली पूजा मंदिर में तीन दिवसीय शांति पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य समापन गुरुवार रात हुआ। कार्यक्रम के दौरान दिन में भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डा. गणेश उपाध्याय ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से स्थानीय बच्चों की प्रतिभा निखरती है और वे भविष्य में उत्तराखंड सहित पूरे देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि



प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर तालीम और अवसर की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में अजय तिवारी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि बच्चों को आगे बढ़ने का यह एक उत्कृष्ट मंच है। इस दौरान सीनियर सिंगिंग प्रतियोगिता में पीलीभीत के रोहित कुमार प्रथम, कनकपुर गोपाल नगर साधन मंडल द्वितीय, और दिनेशपुर के राज तृतीय स्थान पर रहे।

जूनियर डांस प्रतियोगिता में कनकपुर के राज प्रथम, इंदरपुर की लवली द्वितीय और गोपाल नगर की राधिका व सुमन तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि सीनियर वर्ग की डांस प्रतियोगिता में रुद्रपुर के अभय कुमार ने प्रथम, कालाढूंगी के शांतनु ने द्वितीय, और रुद्रपुर के पायतोप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को नगद पुरस्कार, ट्राफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष कमल बैरागी, उपाध्यक्ष बंकिम मृधा, कोषाध्यक्ष पंकज मंडल, उपकोषाध्यक्ष गोपाल हालदार, सचिव विक्की विश्वास, और उपसचिव गौतम विश्वास ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुधीर शाही, मनोरंजन वैद्य, डा. कार्तिक गायन, कनकपुर के ग्राम प्रधान गुरमेज सिंह, पूर्व प्रधान इंदरपुर चंद्र प्रताप, नरेंद्र ठुकराल, हितेंद्र त्रिपाठी, महिपाल सिंह बोरा सहित सैकड़ों लोगों ने रंगारंग प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

# नैनीताल में महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता 29 से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक अयोजित होने वाली आल इंडिया एलीट महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर वीरवार को राज्य और जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ खेल विभाग के लोगों ने बैठक की। उत्तराखण्ड बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गोपाल खोलिया के नेतृत्व में वीरवार को बॉक्सिंग से जुड़े लोग, कोच और बॉक्सरों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक खिलाड़ियों, कोच मैनेजर, जज, रेफरी और ऑफिसियलों के साथ मेहमानों के रहने की व्यवस्था पर चर्चा हुई। मेहमानों के विशेष खाने की व्यवस्था पर भी गंभीरता से विचार हुआ। टेंट और माइक सिस्टम लगाने के



साथ बॉक्सिंग अयोजन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर धयान आकर्षित किया गया। उत्तराखण्ड बॉक्सिंग के जनक और पूर्व उत्तराखण्ड ओलंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष मुखर्जी निर्वाण ने टेलीफोन से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। महासचिव गोपाल खोलिया ने बताया कि देशभर से आने वाली टीमों में आंध्र प्रदेश की 10 बाक्सर, महाराष्ट्र की 10, यूपी से 8, दिल्ली से 10 तथा पंजाब से 9, राजस्थान से 9 जबकि हरियाणा से 10 तथा सीआईएसएफ से वही पश्चिम बंगाल तथा चंडीगढ़ से 10 और मेजबान उत्तराखंड से 9 बाक्सरों का आना तय हो चुका है। कहा कि लद्दाख और जममू एंड कश्मीर के अलावा एनसीओईकी टीमें भी आने की सूचना भेजने की बात कह रही हैं। आयोजक सचिव कमल जगाती ने बताया कि लगभग सभी टीमें 29 अक्टूबर की सवेरे नैनीताल पहुँच जाएंगी। टीमों के रहने की व्यवस्था यूथ होस्टल, कुमाऊं मंडल विकास निगम के टीआरएच और नैनीताल क्लब में की गई है। इसके साथ ही ऑफिशियल्स के लिए होटल एसोसिएशन की तरफ से विभिन्न होटलों में कमरों की व्यवस्था की गई है। सभी लोगों के खाने की व्यवस्था डीएसए भवन में बुफे लगाकर की जा रही है जिसमें उन्हें पौष्टिक ब्रेक फास्ट के साथ ही लंच और डिनर मुहैया कराया जाएगा। अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी और बीएफआई के सैकेट्री जर्नल प्रमोद कुमार के अलावा ओलंपियन विज. ेंदर सिंह बेनीवाल के पहुंचने की भी उमीद है। आयोजकों की तरफ से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और खेल मंत्री रेखा आर्या को मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथि बनाने के लिए इनवाइट किया जा रहा है। बैठक में अंतराष्ट्रीय बाकसर व कोच संजय अधिकारी, जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव नवीन टम्टा, बॉक्सिंग कोच अजय कुमार, पुष्पा दर्मवाल, भगवत मेर, रणजीत सिंह थापा, बाक्सर बबिता तथा महक आदि शामिल हुए।

# पुलिस ने 48 लाख की स्मैक पकड़ी

- उत्तर प्रदेश के दो तस्कर हल्द्वानी में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूपी से हल्द्वानी में स्मैक की डिलीवरी करने पहुंचे दो स्मैक तस्करों को मंडी पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने आज गुरुवार को मोतीनगर राजकीय इंटर कालेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के पास से 162.14 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। जिसकी कीमत 48 लाख आंकी जा रही है। तस्करी में प्रयुकत बाइक को पुलिस ने सीज करते दोनो को न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। गुरुवार को बहुउद्देश्यीय भवन में स्मैक तस्करी का खुलासा करते हुए सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत आज गुरुवार को एसओजी टीम को मुखबिर की सूचना मिली यूपी के दो तस्कर हल्द्वानी में स्मैक की डिलीवरी करने के लिए भारी मात्रा में स्मैक लेकर आ रहे है। एसओजी प्रभारी राजेश जोशी ने मंडी चौकी प्रभारी प्रेम राम विश्वकर्मा की मय टीम के साथ मोतीनगर राजकीय इंटर कालेज के पास वाहन चौकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान यूपी25सीवाई-0703 नंबर की बाइक आती दिखाई दी। टीम ने बाइक को रोक कर युवको के पास रखे बैग की तलाशी ली तो उनके पास से 162.64 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी कीमत बाजार में 48 लाख बताई जा रही है। पकड़ गए तस्करों ने अपना नाम तस्लीम खान पुत्र नन्हे खान निवासी ग्राम रोहनिया थाना बहेड़ी जिला बरेली यूपी, मो. राशिद खान पुत्र आलम साह निवासी ग्राम परेवा वैश्य थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत यूपी बताया। तस्करों ने बताया कि वह उक्त स्मैक को शीशगढ़ जनपद बरेली यूपी से लेकर आया है और इस स्मैक को हल्द्वानी में किसी युवक को डिलीवरी करनी थी। तस्करों की निशानदेही पर पुलिस अब हल्द्वानी के उस युवक की तलाश कर रही जिसे यह स्मैक डिलीवरी करनी थी। एस एस पी पीएन मीणा ने गुडवर्क करने वाली टीम को ढाई हजार रुपये इनाम की घोषणा की है। टीम में एसओजी प्रभारी राजेश जोशी, मंडी चौकी प्रभारी प्रेम राम विश्वकर्मा, कांस्टेबल अमर सिंह, मो. अजहर, एसओजी कांस्टेबल संतोष बिष्ट, भूपेन्द्र ज्येष्ठ, अरुण राठौर आदि शामिल रहे।



## जल्द अमीर बनने की ख्वाहिश में बने नशे के सौदागर

पकड़े गए स्मैक तस्कर तस्लीम की उम्र 36 और मोहम्मद राशिद महज 25 साल है। दोनों तस्करों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वह पढ़े-लिखे नहीं है। पढ़े-लिखे न होने की वजह से उन्हें कोई ठीक काम नहीं मिला। इसकी वजह से दिन-ब-दिन उनकी आर्थिकी बिगड़ती गई। जल्द अमीर बनने के लिए उन्होंने स्मैक तस्करी का रास्ता अपना लिया। हालांकि पुलिस को आरोपियों की थ्यौरी पर भरोसा नहीं है। पुलिस का मानना है कि आरोपी लंबे समय से तस्करी में जुटे थे और उन पर कई मुकदमे हो सकते हैं।

# स्कूटी की टक्कर से महिला की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गोवर्धन पूजा के दिन मुखानी, टीपीनगर और चोरगलिया थानाक्षेत्र में तीन लोगों की मौत हो गई। मुखानी में तेज रफ्तार स्कूटी ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। चोरगलिया में बुजुर्ग ने जहर खाकर जान दे दी। जबकि टीपीनगर चौकी क्षेत्र में अचानक गश खाकर गिरे युवक की एसटीएच में मौत हो गई। पुलिस तीनों मामलों की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, विष्णु विहार पीलीकोठी निवासी शशि देवी (55) पत्नी बिशन सिंह यहां परिवार के साथ रहती हैं। बताया जाता है कि बीती 22 अक्टूबर की सुबह वह घर के पास ही टहल रहीं थी कि तभी एक तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने उन्हें अपनी चपेट में लिया। स्कूटी की जोरदार टक्कर से शशि के सिर पर गंभीर चोट आई। आनन-फानन में उन्हें डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने हाथ खड़े किए तो परिजन अन्य अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि घटना संज्ञान में है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जयपुर पाडली नंबर दो चोरगलिया निवासी भुवन चंद्र पांडे (64 वर्ष) ने गोवर्धन पूजा के दिन संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया। हालत बिगड़ते ही परिजन उन्हें डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। चोरगलिया थानाध्यक्ष हरपाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तीसरे मामले में मूलरूप से मिलख रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी 35 वर्षीय मीरभान सिंह पुत्र महिपाल सिंह परिवार के साथ टीपीनगर चौकी क्षेत्र में रहता था। बताया जाता है कि गोवर्धनपूजा के दिन अचानक घर में वह बेहोश हो गया। आनन-फानन में उसे डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मौत का असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा।

# फांसी लगाकर युवक ने जान दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंडी पुलिस चौकी क्षेत्र के गोरा पड़ाव के पास अपने घर में ही 36 वर्षीय मनीष का शव बुधवार की सुबह फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना परिजनों ने ही पुलिस को दी। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि सुबह युवक के शव मिलने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जांच में सामने आया कि वह शराब का सेवन करता था और मानसिक रूप से परेशान था। उसकी अपनी पत्नी से अनबन चल रही थी और वह भी इसे छोड़कर चली गई थी। प्रथम दृष्टया इसे खुदकुशी मानकर जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की स्थिति स्पष्ट होगी।

# तमंचा, कारतूस व शराब के साथ आरोपी तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अवैध हथियार रखने वालों और मादक पदार्थो की तस्करी करने वालो के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत चोरगलिया पुलिस को एक बडी कार्यवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस के साथ 40 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार चोरगलिया पुलिस प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने बीते बुधवार की रात्रि क्षेत्र में चौकिंग कर रही थी। तभी पुलिस को एक युवक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रुकने का इशारा किया लेकिन युवक पुलिस टीम को देख भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस व 40 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गये युवक ने अपना नाम विक्रम सिंह कैड़ा पुत्र गंगा सिंह कैड़ा निवासी नया गांव कटान कुटलिया थाना चोरगलिया बताया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 व 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। टीम में एसआई निधि शर्मा, हैड कांस्टेबल मनजीत सिंह, कांस्टेबल राजेश सिंह, देवेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़े पंच जुआरी, दो फरार

- साढ़े 16 हजार के साथ ताश के पत्ते बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाते हुए पांच जुआरियों को पुलिस ने नौदा चौराहा, कोटाबाग क्षेत्र से रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जबकि दो जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पकड़े गए जुआरियों के पास से पुलिस ने हजारों की नगदी, एक प्लास्टिक का कट्टा व ताश के पत्ते बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की रात्रि कालाढूंगी प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी मय टीम के साथ क्षेत्र में गशत कर रहे थे तभी पुलिस टीम को मुखबिर की सूचान मिली की नौदा चौराहा, कोटाबाग क्षेत्र में जुआ चल रहा है। सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर छापेमारी की तो पुलिस ने मौके से हार-जीत की बाजी लगाते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये जुआरियों ने अपना नाम किशन बिष्ट पुत्र चनर सिंह, निवासी ग्राम नाथुनगर, कोटाबाग, कालाढूंगी, अमर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह, निवासी ग्राम आवलाकोट, कोटाबाग, कालाढूंगी, भारत चन्द्र पुत्र जगदीश चन्द्र, निवासी ग्राम गिन्तीगाँव, कोटाबाग, कालाढूंगी, गौरव सिंह नगरकोटी पुत्र शिवराज सिंह नगरकोटी, निवासी ग्राम हरिपुर रूपसिंह, कोटाबाग, कालाढूंगी, भारत पुत्र बच्चीराम, निवासी ग्राम गिन्तीगाँव, कोटाबाग, कालाढूंगी बताया है। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर दीपू नेगी पुत्र राजेन्द्र सिंह नेगी, निवासी नौदा, कोटाबाग व पप्पू रजवार पुत्र ईश्वर सिंह निवासी नाथुपुर, कोटाबाग मौके से फरार हो गये। फरार चल रहे दोनो की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। पकड़े गए जुआरियों के पास से 16 हजार पांच सौ रुपये की नगदी, एक प्लास्टिक का कटा व ताश के पत्ते बरामद हुए।



# एक हफ्ते में 4 दोपहिया वाहन चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी और काठगोदाम क्षेत्रों में वाहन चोरी की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। बीते कुछ दिनों में चार अलग-अलग स्थानों से स्कूटी और मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायतें दर्ज की गई हैं। पहला मामला हल्द्वानी के ईको टाउन फेस-1, धानमिल नियर डहरिया क्षेत्र का है, जहाँ ज्योति बिनवाल पत्नी संजय शर्मा ने कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर दी कि उन्होंने अपनी ऐक्टिवा स्कूटी 12 अक्टूबर को घर के बाहर खड़ी की थी। अगले दिन सुबह स्कूटी गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। दूसरा मामला काठगोदाम क्षेत्र का है। विकास कुमार मण्डल पुत्र विनय कुमार मण्डल, निवासी नवाड़ खेड़ा, रामलाल कॉलोनी ने बताया कि उनकी मोटरसाइकिल 21 अक्टूबर की रात घर की गैलरी से चोरी हो गई। घर के सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद हुई, जिसमें सौरभ आर्या निवासी बागजाला मोटरसाइकिल लेकर जाता दिखाई दे रहा है। तीसरा मामला भी बागजाला, काठगोदाम से जुड़ा है। नारायण सिंह पुत्र गुमान सिंह ने बताया कि वे 22 अक्टूबर की सुबह 3 बजे हल्द्वानी से लौटने के बाद अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी कर सो गए। सुबह उठने पर वाहन गायब मिला। आसपास तलाश करने के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिली। चौथा मामला उसी दिन बाग. जाला, गौलापार से सामने आया, जहां भास्कर सुयाल पुत्र मोहन चन्द्र सुयाल की मोटरसाइकिल घर के बाहर से चोरी हो गई। बताया कि सुबह 7 बजे तक वाहन घर के बाहर था, लेकिन थोड़ी देर बाद वह गायब मिला।

# डीएम के निर्देश पर निकायों ने उठाया 1000 मेट्रिक टन अपशिष्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर जनपद नैनीताल के समस्त नगर निकायों द्वारा दीपावली के अवसर पर और इसके बाद विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नगरों को दीपावली पर्व पर स्वच्छ और सुंदर बनाना था।

अभियान के दौरान नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम और नगर निकाय नैनीताल, भीमताल, भवाली, रामनगर, कालाढूंगी और लालकुआं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विशेष सफ़ाई का कार्य किया गया। जिला. धिकारी के निर्देशों के अनुसार ऐसे स्थानों से जहां अत्यधिक कूड़ा जमा था, उसे हटाया गया और सभी सार्वजनिक मार्गों को साफ किया गया।

विशेष अभियान के दौरान विभिन्न नगर निकायों से लगभग 1000 मेट्रिक टन अपशिष्ट एकत्रित किया गया। अभियान के दौरान प्रतिदिन औसतन 300 मेट्रिक टन अपशिष्ट उठाया गया, जो सामान्य दिनों की तुलना में अधिक था। इस तरह अभियान के जरिए नगरों को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने में सफलता मिली।



# आस्था, श्रद्धा, आत्मसंयम का प्रतीक छठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** छठ 25अक्टूबर से 28अक्टूबर तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। शनिवार से प्रारम्भ होने वाला यह पर्व बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश से शुरू होकर अब यह पर्व पूरे देश में मनाया जाता है। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि छठपूजा का अपना विशेष महत्व है।इस पर्व पर महिलायें संतान प्राप्ति,संतान सुख, सुख-समृद्धि, निरोगता, कुण्डली में सूर्य को बलवान करने हेतु कठोर व्रत का पालन कर अपने परिवार के लिए कामना करती हैं।कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के पहले दिन नहाय खाय ,दूसरे दिन खरना ,तीसरे दिन सूर्य देव को संध्या अर्घ्य, चौथे दिन सूर्य को उषा अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेंगी। इस बार पहले दिन अनुराधा नक्षत्र और शोभन योग बनने से पर्व विशेष रूप से फलदायक रहेगा। इस व्रत पालन मे खान-पान की शुद्धता पर ध्यान रखने की मान्यता है। व्रत प्रारम्भ करने से पूर्व घर की साफ-सफाई कर व्रत का संकल्प लेकर पहले दिन चने की दाल, लौकी,दूसरे दिन खरना जिसमें आम की लकडी चूल्हे पर जलाकर बर्तन मे दूध,चावल गुड़ की खीर बनाकर प्रसाद रूप मे ग्रहण करती हैं। इसके पश्चात महिलायें छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं। 28अक्टूबर को उषाकाल मे सूर्यदेव को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेंगी। प्रसाद मे विशेषकर ठेकुआ बना कर वितरित करते हैं।



# श्रद्धापूर्वक मनाया भैया दूज का पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यम द्वितीया यानी भैया दूज पर्व गुरुवार को महानगर हल्द्वानी में पूरी श्र)ा के साथ मनाया गया। शुभ मुहूर्त में घरों में पूजा अर्चना हुई और पकवानों का भोग लगाया। वही घर पहुंचे भाइयों को बहनों ने रोली तिलक लगाया और उनके सिर पर च्यूड़ा रखकर उनके दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने बहन के हाथ का भोजन किया और उनको उपहार दिए। बुजुर्गों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। शास्त्रों के अनुसार इस दिन सूर्य पुत्री यमुना से मिलने उसके भाई यमराज यानी मृत्यु के देवता यमुना के पास आते है। इसलिए इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है।

# सड़क पर किशोरी का हाईवोल्टेज हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। गोवर्धन पूजा के दिन नाबा. लिग लड़की किसी बात पर परिजनों से नाराज हो गई। वह इतना गुस्सा हुई कि जान देने के लिए घर से निकल पड़ी। देर रात नैनीताल रोड पर आई नाबालिग ने तेज रफ्तार वाहनों के आगे कूद कर जान देने की कोशिश की। वहां मौजूद लोगों और पुलिस के पहुंचने के बाद नाबालिग को किसी तरह से समझाबुझा कर शांत कराया गया। बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग बुधवार को घरवालों से नाराज हो गई थी। घरवालों ने भी उसे जमकर फटकार लगा दी थी। जिसके बाद वह बिना बताए घर से निकल गई और नैनीताल रोड पर पहुंच गई। रोती हुई लड़की इधर से उधर दौड़ रही थी। लोगों ने उसे देखा तो शक हुआ। इसी बीच लड़की वाहनों के आगे कूदने का प्रयास करने लगी। यह देख लोगों ने उसे पकड़ लिया। वहां मौजूद अन्य कई लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया और कुछ ही देर में वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। लड़की रो रही थी और लोगों से उसे छोड़ देने की बात कह रही थी। कह रही थी वह जान दे देगी। इसी बीच सूचना पाकर भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार मौके पर पहुंचेओर भीड़ को हटाया और लड़की से बातचीत की। उसे शांत कराया, जिसके बाद परिजनों को बुला कर उसे सुपुर्द किया गया। बताया कि लड़की नाराज होकर घर से निकली थी। उसे समझाबुझा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# अनिश्चितकालीन धरना 67वें दिन भी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 67 वें दिन के अनिश्चितक. ालीन धरना प्रदर्शन को समर्थन देने आये अखिल भारतीय किसान महासभा जिला नैनीताल के अध्यक्ष कामरेड भुवन जोशी ने कहा भाजपा सरकार मजदूर किसान विरोधी नितियों को लाकर गरीब किसान मजदूरों को उजाड़ने के लिए गाँव में अपने समर्थकों द्वारा ग्रामीणों के बीच नफरत फैलाकर बांटने का काम करते हुए भाजपा बचाने के लिए आन्दोलन को तोड़ने का हर प्रयास करेगी क्योंकि यह सरकार जनता की ताकत से डरती है इसलिए जनता को डराने का प्रयास भी करेगी। उन्होंने कहा अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला का 67 दिनों से चल रहा अनिश्चितकालीन आन्दोलन राजनी. तिक पार्टी बचाने के बजाय कारपोरेट से अपना घर, जमीन, गाँव बचाने का आन्दोलन है उन्होंने आन्दोलन को अपना पूरा सहयोग समर्थन देने की बात कहते हुए जनता के संघर्ष की जीत का विश्वास दिलाया। 67 वें दिन के धरना प्रदर्शन को समर्थन देने बिन्दुखत्ता से आये किसान नेता हरीश चन्द्र सिंह भण्डारी, हरक सिंह बिष्ट, आनन्द सिंह नेगी, वेद प्रकाश, रियाज खान, पनी राम, विमला देवी, हेमा देवी, गोपाल सिंह बिष्ट, इंद्रपाल आर्य, धनीराम आर्य, चंद्र प्रकाश, भोला सिंह, सुनीता देवी, रमेश प्रसाद, हरीश चद्र, गणेश राम, हेमा देवी, शहजाद, मीना देवी, रेशमा, जेवुन निशा, मोहम्मद सुलेमान मलिक, भूवन चंद जोशी, तुलसी देवी, नसीम अहमद, मारुफ अली आदि मौजूद रहे।




# धूमधाम से मनाया भैया दूज



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर तथा आस पास के क्षेत्रों में दीप पर्व दीपावली के तहत भैया दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बहिनों ने भाईयों ने च्यूड़े चढ़ाकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान भाईयों ने बहिनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। बता दें वीरवार को भैया दूज के विशेष मौके पर नैनीताल समेत आसपास के गांवों में सुबह से शाम तक च्यूड़े पूजने का सिल. सिला जारी रहा। इसी क्रम में नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव में भी घर घर में भैया दूज पर्व के शुभ अवसर पर च्यूड़े पूजने का सिलसिला जारी रहा। भाई बहन की अतिरिक्त बुजुर्ग लोग भी छोटों को च्यूड़े पूजते हैं। पहाड़ों में अकसर धान को भिगाकर घरों में ओखली में कूट कर ही च्यूड़े बनाने का रिवाज है। शहरों में जहां संभव ना हो वहां मशीनों से निर्मित च्यूड़े उपयोग में लाये जाते हैं।

# किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी फरार

- टीपीनगर चौकी क्षेत्र में रहने वाले बरेली के युवक पर आरोप
- पीड़िता बंटाईदार की बेटी
- आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दीपावली के दिन बरेली के रहने वाला एक युवक ने बहला-फुसला कर बंटाईदार की नाबालिग बेटी को अपने साथ ले गया। उसने नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म किया और मुंह खोलने पर जान से मार डालने की धमकी दी, लेकिन घर पहुंचने पर पीड़िता ने सब कुछ परिजनों को बता दिया। मामला पुलिस तक पहुंचते ही आरोपी फरार हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। टीपीनगर चौकी क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह यहां परिवार के साथ रहता है और बंटाई पर खेती कर परिवार का भरण-पोषण करता है। आरोप है कि उनके घर के बाद बरेली निवासी राजीव रहता है। दीपावली के दिन राजीव उनकी 15 वर्षीय बेटी को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। पीड़िता का परिवार दीपावली की तैयारियों में व्यस्त था और इधर, राजीव ने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर डाला। पीड़िता का कहना है कि राजीव ने उसे धमकाया। कहा, अगर उसने किसी को यह बात बताई तो वह उसे जान से मार डालेगा। घटना के बाद नाबालिग रोते हुए घर पहुंची और परिवार को राजीव की करतूत बताई। जिसके बाद पीड़ित परिवार शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचा। आरोपी राजीव को जैसे ही यह बात पता लगी वह भाग निकला। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# निंबध प्रतियोगिता के विजेता 26 को होंगे पुरस्कृत

**नैनीताल।** 31वीं नैनीताल समाचार निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 26 अक्टूबर रविवार को चेतराम साह ठुलघरिया इंटर कालेज के सभागार में होगा। बता दें इस वर्ष की प्रतियोगिता में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के सर्वाधिक विद्यार्थी सफल रहे। इसी विद्यालय की कृतिका बिष्ट, काव्या जोशी, सुनयाना, रिया बर्गली, हितेश, हर्षित अधिकारी, हर्ष जोशी एवं चंपा मेहरा पुरस्कार के लिये चयनित हुए हैं। दूसरी ओर मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर की खुशबू बिष्ट, स्वास्तिका और रोजम बी तथा लौंग व्यू पबलिक स्कूल के आयुष्मान पचौलिया और मौलश्री महेश जबकि सेंट मेरीज कान्वेंट की कनिष्का वर्मा और वंशिका तथा नरेन्द्र अजय साह जगाती सरस्वती विद्या मन्दिर के वासु त्यागी एवं खुशी पुरस्कृत होंगे। इन सभी विजेता विद्यार्थियों को बाल प्रहरी के संपादक उदय किरौला पुरस्कृत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. धनेश पांडे करेंगे। तीन वर्गो में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग के लिये विषय था युवा पीढ़ी में नशे का चलन जबकि मध्यम वर्ग के लिये विषय था आपदा के जिम्मेदार हम या प्रकृति? तथा कनिष्ठ वर्ग के लिये रेड अलर्ट छुट्टी सजा या मजा था। प्रो. जया पांडे, पंकज पांडे, चन्द्र शेखर जोशी, प्रो. विजया सती, स्मिता कर्नाटक और नरेन्द्र बंगारी इस वर्ष के निर्णायक थे। बता दें वर्ष 1992 से प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता को 1996 से लगातार नैनीताल बैंक के आर्थिक सहयोग से आयोजित किया जा रहा है वहीं कोविड काल में दो वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन स्थगित रहा था।

# पत्थर से कुचल डाला पत्नी का सिर

- अवैध संबंध के शक में पति ने दिया वारदात को अंजाम
- गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर,
- आरोपी हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अवैध संबंध के शक में एक पति हैवान बन गया। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में पति ने पत्थर से अपनी पत्नी का सिर कुचल डाला। उसके सिर की हड्डी कई जगह से टूट गई। उसे फौरन डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। हालात नाजुक होने पर महिला को एक निजी चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। बनभूलपुरा पुलिस ने आरा. ेपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। बनभूलपुरा में 13 बीघा पानी की टंकी के पास रहने वाला इंतजार यहां अपनी 35 वर्षीय पत्नी शाहीन और बच्चों के साथ रहता है। बताया जाात है कि इंतजार को शाहीन के चरित्र पर शक था। इसको लेकर अकसर पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था, लेकिन गुरुवार को बात हद से गुजर गई। दोनों घर में थे और एक बार फिर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बात मारपीट तक पहुंच गई और आक्रोश में आकर इंतजार घर के बाहर पड़ा पत्थर उठा लाया। पत्नी, पति की नीयत भांप पाती पाती, इससे पहले ही इंतजार ने पत्थर से उसके सिर पर ताबड़तोड़ हमले कर शुरू कर दिए। वह जमीन पर गिर गई, लेकिन इंतजार ने हमले नहीं रोके। चीख-पुकार कर सुनकर क्षेत्रीय लोग मौके पर पहुंचे तो शाहीन जमीन पर लहूलुहान पड़ी थी। लोगों ने इंतजार को पकड़ लिया और सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में बनभूलपुरा पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने इंतजार को हिरासत में लिया और आनन-फानन में शाहीन को उपचार के लिए डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय भेजा। चिकित्सकों की जांच में सामने आया कि शाहीन के सिर की हड्डी पत्थर के वार से कई जगह से टूट गई थी। चिकित्सकों ने शाहीन हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन शाहीन को लेकर शहर के एक निजी चिकित्सालय पहुंचे। चिकित्सकों का कहना है कि शाहीन की हालत बेहद नाजुक है। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ तहरीर मिली है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## अपर मालरोड में पार्क वाहनों से लगा जाम

**नैनीताल।** नगर की अपर मालरोड पर टू वे वाहन चलने के बीच सड़क किनारे पार्क वाहन जाम का कारण बन रहे हैं वहीं पैदल चलने वालों के लिए भी परेशानी पैदा हो रही है। बता दें कि नैनीताल में लोअर मालरोड टूटने के बाद सूचना कार्यालय के समीप अपर मालरोड से ही वाहनों की आवाजाही कराई जा रही है। जिसके चलते अपर मालरोड में मल्लीताल की ओर लगभग 200 मीटर हिस्से में यातायात का दबाव पड़ रहा है वहीं सड़क किनारे पार्क चार पहिंया वाहन जाम का कारण बन रहे हैं। वीरवार को भी सड़क किनारे पार्क वाहनों के चलते कई बार यातायात प्रभावित हुआ। वहीं सूचना से तल्लीताल तक कई वाहन सड़क किनारे पार्क रहे। वाहनों की संखया बढ़ने के कारण हल्द्वानी रोड पर भी धर्मशाला से जेल गेट तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जिससे कई बार यातायात प्रभावित रहा लेकिन पुलिस या यातायात पुलिस ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। मामले में एसपी (यातायात व अपराध) डा. जगदीश चन्द्रा ने बताया कि सड़क किनारे वाहन पार्क कर यातायात प्रभावित करने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है वहीं यातायात व्यवस्थित करने के लिए पुलिस सड़कों से वाहनों को हटा रही है।

## राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान वीरवार को 465वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 465वें दिन डीडीहाट में सामाजिक कार्यकर्ता लाल सिंह धामी के नेतृत्व में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। लाल सिंह धामी ने कहा कि पौधारोपण अभियान जैसे पुण्य कार्य में शामिल होने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान भविष्य में प्रकृति संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। कार्यक्रम मेंडीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

CMYK



# टनकपुर-देहरादून के बीच तीन दिन संचालित होगा ट्रेन

■ कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय जनता ने सीएम को दिया धन्यवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने कार्यक्रमानुसार गुरुवार को खटीमा पहुंचे। इस दौरान देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन संचालित किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय जनता ने सीएम धामी का भव्य स्वागत किया तथा धन्यवाद दिया।

आपको बता दें कि देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस अब सप्ताह में तीन दिन चलेगी। 17 अक्तूबर को रेल मंत्रालय ने एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन संचालित करने का आदेश जारी किया है। इससे पहाड़ के प्रवेश द्वार से देहरादून तक का सफर करने वालों का सफर आसान होगा। सप्ताह में तीन दिन ट्रेन के चलने से पहाड़ और मैदान के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने दीपावली से पहले अपने दिल्ली दौरे पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से अनुरोध किया था कि सप्ताह में तीन दिन टनकपुर से देहरादून के लिए ट्रेन चलानी है। जिसपर केंद्रीय रेल मंत्री ने सहमति दी थी। ट्रेन शुरू होने के बाद राजधानी देहरादून में विभागीय कार्य हो या किसी अन्य कार्य से आने जाने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली है। एक्सप्रेस 15019 देहरादून से टनकपुर के लिए बुधवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित की गई है। जबकि एक्सप्रेस 15020 टनकपुर से देहरादून मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार संचालित हुई है। वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने बताया कि इससे लोगों का राजधानी देहरादून जाना आसान होगा। चेयरमैन रमेश चंद्र जोशी ने इसके लिए सीएम धामी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि तीन दिन संचालन से कॉलेज पढ़ने वाले, विभिन्न परीक्षाओं की देहरादून में तैयारी कर रहे छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। वहीं पर्यटकों के लिए पूर्णागिरि धाम पहुंचना भी आसान होगा। इसके अलावा सरकारी कार्य के लिए राजधानी जाना भी आसान होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, रंदीप पोखरिया, गम्भीर सिंह धामी, सूरज धामी, डीएम नितिन भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा आदि थे।

# तिलक लगाकर बहनों ने की भाई की दीर्घायु की कामना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भाई बहन पावन रिश्तों का पर्व भैया दूज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व पर सभी बहनें अपने प्यारे भाईयों के माथे पर रोली, चावल और फूलों से तिलक लगाकर उनके दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना कर रही हैं। वहीं भाईयों द्वारा बहनों को नगद व अन्य उपहार दिये जा रहे हैं।

भैया दूज एक ऐसा पर्व है जो हमें यह याद दिलाता है कि जीवन में हर रिश्ता काफी अहम होता है । भाई बहन का रिश्ता वास्तव में एक ऐसी अनमोल डोर है जो गुजरते समय के साथ साथ और भी मजबूत होती जाती है। भारतीय संस्कृति में भाई बहन का पावन रिश्ता स्नेह, विश्वास, समर्पण, सुरक्षा व खून के सम्बंधों से जुड़ा होता है। भैया दूज का पर्व दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाता है। बहनें भाई को तिलक लगाने के साथ ही आरती उतारती हैं और दिया जलाकर उनके हमेशा मंगलमय जीवन की ईश्वर से प्रार्थना करती हैं, जो भाई बहन किन्ही परिस्थितियों के कारण एक दूसरे से दूर हैं वह इस पावन पर्व को फोन, वीडियो कॉल आदि डिजिटल माध्यमों से मनाकर एक दूसरे को अपने करीब महसूस कर रहे हैं।

## एक नजर

# महिला से दुष्कर्म का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** काशीपुर रोड स्थित सामिया लेक सिटी के एक घर में घुसकर छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता ने तमंचे से धमकाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गयी तहरीर में सामिया लेक सिटी निवासी महिला ने बताया कि बीती 22 अक्टूबर की रात्रि जब उसके पति घर पर नहीं थे, तभी कालोनी में ही रहने वाला रवि यादव पुत्र समय पाल यादव उनके घर में घुस गया। घर में घुसते ही आरोपी ने आपत्तिजनक हरकत शुरू कर दी। पीड़िता ने कहा कि उसने अपना हाथ छुड़ाकर बाहर भागकर जान बचाई और पति को सूचना दी। इसके बाद पति के साथ जब वह थाने में शिकायत करने जा रही थी तो आरोपी ने अपनी स्विफ्ट कार संख्या डीएलटीसीएएस 8370 से उनकी कार का रास्ता रोका। इसके बाद कार से निकल कर तमंचा दिखाया और गाली-गलौज करते हुए कहा कि यदि शिकायत की तो वह जान से मार देगा। इस कारण पीड़िता और उनके पति डर के मारे मौके से भागे। तहरीर में पीड़िता ने बताया है कि आरोपी ने उनके साथ गंदी नियत से छेड़छाड़ की । पीड़िता का कहना है कि आरोपी पूर्व में दिल्ली में हत्या के मामले में भी वांछित रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सीएम धामी पहुंचे खटीमा जनता की सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** अपने तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खटीमा पहुंचे। जहां लोहियाहेड हेलीपैड पहुंचने पर जनता व जनप्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान हेलीपैड पर उन्होंने जनता से मुलाकात किया तथा उनकी समस्याएं सुनी। वहीं उन्होंने समस्याओं के समाधान करने हेतु अधिकारियों को निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत अजय मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, वीसी पंतनगर विश्वविद्यालय डा. मनमोहन सिंह चौहान, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, वीसी जयकिशन, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जनता उपस्थित थे।

# युवक की तहरीर पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** पुलिस ने युवक की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

गुरुवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूरज कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम झनकट, तहसील खटीमा निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा हैं की 10 अक्टूबर 2025 को समय लगभग 3:30 बजे वह सड़ा सड़िया पुल पर अपनी पल्सर मोटर साइकिल नंबर-UK06BK 0154 को खड़ी व लॉक करके किसी के घर काम देखने गया हुआ था जहा ज्यादा समय लग जाने के कारण वह तकरीबन एक घंटे में वापस आया तो देखा कि उसने मोटर साईकिल को जंहा खड़ी किया था वहा नहीं हैं। काफी खोज बीन व पुछ ताछ करने पर भी मोटर साइकिल का कुछ भी पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने स्कॉर्पियों वाहन के साथ गांजा तस्कर दबोचा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

लाखों रुपये बताई जा रही है गांजे की कीमत

**रामनगर।** रामनगर कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए स्कॉर्पियो वाहन में गांजे की अवैध रूप से कर रहे तस्करी करने के मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार करते हुए 45 किलो अवैध गांजा बरामद किया है।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मालधन पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार और पीरुमदारा चौकी इंचार्ज सुनील धानिक द्वारा पुलिस कर्मियों की मदद से मुखबीर की सूचना पर मालधन को जाने वाले रास्ते आम पोखरा 64 गेट के समीप एक स्कॉर्पियो वाहन को रोका गया तथा तलाशी लेने पर इस वाहन के अंदर से 45 किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद पुलिस टीम द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि वाहन में सवार हरजीत सिंह निवासी मानपुर काशीपुर को गिरफ्तार किया गया कोतवाल ने बताया कि बरामद गांजे की कीमत कई लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

इस दौरान पुलिस टीम में मालधन पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, पीरुमदारा पुलिस चौकी प्रभारी सुनील धनिक, कांस्टेबल गोविन्द सिंह, कांस्टेबल कविंद्र सिंह, कांस्टेबल मेघा चंद्र शामिल रहे।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर तीन वाहन सीज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर वाहनों की चेकिंग की। शराब पीकर वाहन चलाने पर तीन वाहन सीज किए गए और एक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में गर्जिया रोड आदि जगहों पर वाहनों की चेकिंग की। एसडीएम ने बताया कि इस अभियान तीन वाहनों को सीज किया गया। एक व्यक्ति को नशे में वाहन चलाने के कारण गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने और ओवरलोडिंग पर ध्यान दिया गया। इस दौरान अन्य 12 गाड़ियों का चलान भी किया गया । जिसमें निजी एक बस भी सम्मिलित थी। बताया कि अभियान रोजाना चलाया जाएगा।इस दौरान टीम में एसडीएम प्रमोद कुमार,सीओ सुमित पांडे, गर्जिया पुलिस चौकी प्रभारी गगनदीप सिंह आदि शामिल रहे।

# आधी रात को चोर उड़ा ले गए ट्रांसफार्मर, मचा हड़कंप

■ जेल कैंप के अवर अभियंता ने पुलिस को दी चोरी की तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म ।** गत रात नगर के बैकुंठपुर नंबर एक गन्ना सेंटर के पास से बिजली विभाग का 16 केवीए ट्रांसफार्मर रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। सुबह जब ग्रामीणों ने बिजली गुल पाई, तो शुरुआत में इसे तकनीकी खराबी समझा, लेकिन जब लोग मौके पर पहुंचे तो देखा जहां ट्रांसफार्मर था, वहां सिर्फ टूटी तारें और खाली पोल खड़े थे। इस अप्रत्याशित घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। ग्रामीणों ने तुरंत सूचना बिजली विभाग को दी।

जांच के लिए पहुंचे जेल कैंप के अवर अभियंता अमित कुमार ने स्थिति का जायजा लिया और चोरी की पुष्टि करते हुए शक्तिफार्म चौकी में तहरीर सौंप दी।

अवर अभियंता अमित कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर की चोरी से विभाग को आर्थिक नुकसान हुआ है, और गांव की बिजली व्यवस्था ठप पड़ी है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता रमेश राय ने स्थानीय लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली और तुरंत इसकी सूचना कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा तथा शक्तिफार्म पुलिस चौकी को दी।



रमेश राय ने कहा कि ऐसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि रात के समय नगर की सुरक्षा व्यवस्था कितनी कमजोर है। ग्रामीणों का कहना है कि अंधेरा छाते ही यह क्षेत्र सुनसान हो जाता है, जिससे असामाजिक तत्वों को मौका मिल जाता है। शक्तिफार्म पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रें में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फिलहाल ट्रांसफार्मर चोरी से बैकुंठपुर का इलाका पूरी तरह अंधेरे में डूबा हुआ है।

# पथराव और फायरिंग के मामले में दो युवक तमंचे के साथ दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रम्पुरा में हुई पत्थरबाजी और फायरिंग के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो युवकों को अलग अलग स्थानों से तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है।

उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि वह अपने साथी कांस्टेबल पुरन राम और गणेश धानिक के साथ संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग, शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध रोकथाम के उद्देश्य से क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान जब टीम इंदिरा चौक के पास पहुँची तो मुखबिर खास ने सूचना दी कि कुछ दिन पहले रम्पुरा क्षेत्र में पत्थरबाजी और तमंचे की वीडियो वायरल हुई थी, जिसमें शामिल युवक ओमू गुप्ता फिलहाल गिल रिजॉर्ट के पीछे रम्पुरा में किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को भागने का मौका दिए बिना दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अनिकेत गुप्ता उर्फ ओमू, पुत्र महेश गुप्ता, निवासी वार्ड नंबर 22, कटोरी मंदिर के पास, रम्पुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने एक अन्य युवक तरुण कोली का नाम भी बताया, जिसके पास भी अवैध हथियार होने की बात कही।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

वहीं दूसरे युवक को ब्लॉक रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, चौकी प्रभारी रम्पुरा टीम के साथ चेकिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर खास ने सूचना दी कि कुछ दिन पूर्व रम्पुरा में वायरल हुई फायरिंग वीडियो में दिख रहा युवक अनिल कोली पुत्र स्व- जमुना प्रसाद, जो चौरासी घंटा मंदिर के पास वार्ड नं- 24 रम्पुरा का निवासी है, इस समय ब्लॉक रोड की ओर टंचिंग ग्राउंड के पास मौजूद है और उसके पास तमंचा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अनिल कोली बताया। तलाशी लेने पर नाजायज तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि यही तमंचा उसने कुछ दिन पहले रम्पुरा में झगड़े के दौरान फायरिंग के लिए इस्तेमाल किया था, और उसी वीडियो के वायरल होने के बाद वह छिप गया था। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर हिरासत में लिया।

# वन विभाग ने पकड़ी लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वन विभाग की टीम ने गुलर की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर वन विभाग विश्राम भवन में सुरक्षित खड़ा किया।

बीती रात लगभग नौ बजे मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि खेतलसंडा खाम में एक ट्रैक्टर ट्राली में बिना अनुमति के अवैध रूप से लकड़ी भरी जा रही है। वहीं सूचना पर जब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो ट्रैक्टर स्वामी और लकड़ी भरने वाले अभियुक्तगण ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर मौके से फरार हो गए। वहीं वन विभाग की टीम द्वारा लाल रंग के स्वराज ट्रैक्टर ट्रॉली में लदी चार नग गूलर की लकड़ी सहित कब्जे में ले लिया गया तथा ट्रैक्टर ट्राली को मय लकड़ी सहित वन विभाग विश्राम भवन में सुरक्षित खड़ा कर दिया गया। वन विभाग की टीम में वन बीट अधिकारी विनोद कुमार सिंह कर्मयाल और जयवीर सिंह शामिल थे।

# दहेज के लिए दवाइयां देकर ली विवाहिता की जान

■ ससुराली कर रहे थे एक करोड़ रुपये और कार की मांग

■ पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज किया दहेज हत्या का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में दहेज के लिए एक विवाहिता को दवाइयां देकर मौत के घाट उतारने का सनसनी खेत मामला सामने आया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष एक करोड़ रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को लगातार प्रताड़ित कर रहा था। हालत बिगड़ने पर जब विवाहिता को अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने पाया कि उसे घ्यातक दवाइयां दी गई थीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


जानकारी के अनुसार आवास विकास निवासी बलराम अग्रवाल ने बताया कि उनकी इकलौती बेटी ज्योति अग्रवाल का विवाह 22 अप्रैल 2023 को दीपांशु मित्तल निवासी प्रतापपुर, नानकमत्ता के साथ बड़ी धूमधाम से किया गया था।

शादी में परिवार ने हैसियत के अनुसार 51 लाख रुपये नकद, एक इनोवा कार, करीब 15 लाख के जेवरात और गृहस्थी का सामान दिया था, लेकिन विवाह के कुछ माह बाद ही पति दीपांशु मित्तल, सास इंदु मित्तल, ससुर सुनील मित्तल, ननद डा. दिव्यांशी मित्तल और जेठ हिमांशु मित्तल द्वारा एक करोड़ रुपये और फॉर्च्यूनर कार की मांग की जाने लगी। बलराम अग्रवाल ने बताया कि शादी के बाद ज्योति ने एक बेटी को जन्म दिया। इसके बाद ससुराल पक्ष उसे बेटा न होने का ताना देने लगा। आरोप है कि जब ज्योति दोबारा गर्भवती हुई तो ससुरालियों ने अवैध लिंग परीक्षण कराया और बेटी होने की संभावना जानकर जबरन गर्भपात करवा दिया।

बलराम अग्रवाल के अनुसार चार जुलाई 2025 को ससुराल पक्ष ने फोन कर बताया कि ज्योति नशा करती है और उसे नोएडा के नशा मुक्ति केंद्र ले जाया जा रहा है। पिता ने बताया कि उनकी बेटी पढ़ी-लिखी, सुलझी हुई और संस्कारी थी, ऐसे आरोप असंभव थे। जब बेटी को नोएडा अस्पताल में भर्ती कराया गया तो डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि ज्योति नशा नहीं करती थी, बल्कि गलत दवाइयां देने से ब्रेन ब्लीडिंग हुई है। 11 जुलाई को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मृतका की ननद डा. दिव्यांशी गोयल, जो रुद्रपुर जिला अस्पताल में कार्यरत हैं, पर आरोप है कि उन्होंने ही गर्भपात कराने की साजिश रची थी। मायके पक्ष का कहना है कि ससुराली लगातार बेटी की बीमारी को मनोवैज्ञानिक समस्या बताकर उन्हें गुमराह करते रहे, जबकि सच्चाई छिपाई गई। तहरीर के आधार पर पति, सास, ससुर, ननद और जेठ के खिलाफ दहेज हत्या, लिंग परीक्षण और गर्भपात संबंधी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में दहेज मांग और लिंग परीक्षण की पुष्टि हुई है। मामले की विवेचना जारी है, और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गुरुद्वारा नानकमत्ता में धार्मिक दीवान का हुआ समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** बंदी छोड़ दिवस और दीपावली के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में आयोजित 15 दिवसीय दीपावली मेले के अंतर्गत चार दिवसीय धार्मिक दीवान का गुरुवार को अरदास के साथ समापन हुआ। दूसरे राज्यों से पहुंची संगत वापस लौटने लगी है, जबकि स्थानीय श्रद्धालुओं की भीड़ मेले में लगातार उमड़ रही है।

20 अक्तूबर से शुरू हुए इस धार्मिक दीवान में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे धार्मिक जत्थों ने गुरुओं की महिमा का गुणगान किया। जत्थों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और गुरुओं के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। दीवान में कथावाचक भाई संतोख सिंह, भाई सुखवंत सिंह, भाई गुरभेज सिंह, भाई मनजिंदर सिंह, भाई बलवीर सिंह पारस, भाई मनवीर सिंह, भाई सुखपाल सिंह बीए, भाई गुरबाज सिंह, भाई गुरसेवक सिंह समेत कई प्रसिद्ध धार्मिक प्रचारकों ने गुरुवाणी का पाठ कर संगत को निहाल किया। धार्मिक दीवान का संचालन सुखविंदर सिंह एमए ने किया। उन्होंने सिखों के बलिदानी इतिहास और गुरुओं के उपदेशों का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं को प्रेरित किया। समापन अवसर पर बाबा अलमस्त दीवान हॉल में आयोजित कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दीपावली मेले में विभिन्न जिलों से सेवा करने आए सेवक दलों और जत्थेदारों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, सचिव हरभजन सिंह, डायरेक्टर गुरवंत सिंह सोनी, देवेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह, गुरदयाल सिंह, कुलदीप सिंह पन्नू, सुखवंत सिंह पन्नू, प्रबंधक रणजीत सिंह, सुखवंत सिंह भुल्लर और रणजीत सिंह राणा उपस्थित रहे। हरिमंदिर साहिब में मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की नानकमत्ता।

गुरुवार तड़के से ही संगत ने पवित्र सरोवर में स्नान कर हरिमंदिर साहिब में मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने पंजा साहिब की परिक्रमा की और धार्मिक अजायब घर पहुंचकर गुरुओं के इतिहास को जाना। इसके अलावा उन्होंने गुरुद्वारा छठी पातशाही, बाबा लाल गुरु गुरुद्वारा, भंडारा साहिब और दूध वाला कुआं में दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। मेला परिसर में दिन-रात अटूट लंगर जारी है, जहां रोजाना हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने श्री दरबार साहिब में मत्था टेकने और लंगर छकने के बाद मेले में लगे झूलों, मनोरंजक साधनों और दुकानों में खरीदारी का आनंद लिया। ड्रैगन ट्रेन, ड्रैगन नाव और मौत का कुआं मेले के मुख्य आकर्षण बने हुए हैं।

# एसएसबी ने किया इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ

■ 25 जरूरतमंदों को दिया जाएगा तीन सप्ताह का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सशस्त्र सीमा बल 57 वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमांत क्षेत्र के नागरिकों के उत्थान एवं आत्मनिर्भर बनाने के दृष्टिगत ग्राम सिसैया-मेलाघाट में व्यावसायिक इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। यह तीन सप्ताह का प्रशिक्षण महिला जनजातीय सेवा समिति के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसमें 25 जरूरतमंद नागरिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे भविष्य में रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें।

57 वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मनोहर लाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अत्यंत हर्ष है कि हमारी वाहिनी मेलाघाट से बूम तक स्थापित सीमा चौकियों के माध्यम से न केवल राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा कर रही है, बल्कि सीमांत क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने हेतु भी सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सीमा पर अपराध-मुक्त वातावरण बनाना, तस्करी एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। साथ ही सीमांत नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा एसएसबी को यह दायित्व सौंपा गया है कि सीमांत क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों को व्यावसायिक एवं कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। इसी क्रम में सिलाई एवं बुनाई प्रशिक्षण, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण, कृषि एवं पशुपालन कार्यशालाएं, स्वरोजगार से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त मेडिकल सिविक एक्शन, वेटेरनरी सिविक एक्शन, नशा मुक्ति अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल संचय कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान जैसी अनेक गतिविधियां भी नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। अंत में कमांडेंट मनोहर लाल ने स्थानीय नागरिकों, एनजीओ प्रतिनिधियों एवं प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को आगामी प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निरीक्षक मोहर सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुंदर सिंह, राजू कुमार सिंह, आरक्षी सुनील कुमार, संदेश राज, भूपेंद्र, रामजन्म पासवान, दीपक कुमार, अर्जुन कुमार, सुरेश कुमार तथा गंगा देवी उपस्थित रहीं।

## शादी के दो माह बाद फोन पर पर दिया तलाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** शादी के पौने दो माह बाद पत्नी से झगड़ने के बाद चकमा देकर विदेश गए पति ने फोन पर ही पत्नी को तलाक दे दिया। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। रेहड़ (बिजनौर) थाना क्षेत्र के ग्राम भगतावाला निवासी जाकिर के पुत्र मौ. हारुन की शादी बीती 15 अगस्त को नई बस्ती निवासी इरम पुत्री मौ. असलम से हुई थी। शादी में पति व ससुराल पक्ष को पांच लाख रुपए नगद दिए थे। आरोप है कि ससुरालयों ने दहेज के नाम पर उसे प्रताड़ित किया। उन्होंने उसके पेट पर लात मार कर एक माह का गर्भ गिरा दिया। आरोप है कि कार्यवाही के डर से उसका पति उसे बिना बताए विदेश चला गया तथा वहां जाकर फोन पर उसे तलाक दे दिया। पीड़िता इरम ने थानाध्यक्ष रेहड़ को तहरीर देकर कार्रवाही की गुहार लगाई है।

# अल्ट्रा मैराथन के लिए व्यास घाटी (आदि कैलास क्षेत्र) तैयार

- **800 से अधिक धावकों के स्वागत हेतु प्रशासन ने की विशेष तैयारियां**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** आगामी दो नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाली "आदि कैलास अल्ट्रा मैराथन" को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु जिलाधिकारी आशीष भटगाई गूंजी पहुंचे हैं। मैराथन का आयोजन उच्च हिमालयी क्षेत्र गूंजी में होने जा रहा है, जहाँ देश-विदेश से लगभग 800 से अधिक धावक भाग लेंगे।

जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई ने आयोजन स्थल गुंजी का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न विभागों को स्थानीय जनता से आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाओं को बेहतर एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम प्रधान गुंजी विमला गुंज्याल ने जिलाधिकारी से भेंट कर आगामी अल्ट्रा मैराथन की तैयारियों पर चर्चा की। जिलाधिकारी कल गुंजी के आसपास के क्षेत्रों का भी निरीक्षण करते हुए आदि कैलास क्षेत्र का भी निरीक्षण करेंगे और प्रशासन द्वारा की जा रही संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। जिलाधिकारी ने प्रशासन एवं आयोजन समिति की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ट्रेक रूट की मार्किंग, रेस्क्यू टीमें तथा लॉजिस्टिक सपोर्ट की व्यवस्थाओं की जानकारी जिला पर्यटन विभाग से ली और स्थानीय होम स्टे संचालक, स्वयंसेवी संगठन, और ग्राम समितियां भी इस आयोजन में सक्रिय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

अल्ट्रा मैराथन का यह मार्ग गूंजी से आदि कैलास क्षेत्र तक फैला हुआ है, जो समुद्रतल से लगभग 14,000 फीट की ऊंचाई तक जाता है। यह भारत के सबसे रोमांचक और ऊँचे ट्रेकिंग ट्रेल्स में से एक है। मार्ग पर भारतीय सेना, आईटीबीपी (इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस) और पुलिस प्रशासन की टीमें तैनात रहेंगी, जो प्रतिभागियों की सुरक्षा, गाइडेंस और आपात सहायता प्रदान करेंगी। संभावित मौसमीय परिस्थितियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष व्यवस्थाएँ की हैं ख्र मेडिकल रिलीफ पोस्ट स्थापित किए गए हैं।आपातकालीन ऑक्सीजन सिलिंडर, एम्बुलेंस, और हेल्थ सपोर्ट टीमें तैनात की गई हैं। रेस्क्यू और इवैक्यूएशन टीमों को आवश्यक प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

आदि कैलास में 2 नवम्बर को होने वाले अल्ट्रा मैराथन को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में, यात्रियों के रहने-खाने की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए एसडीएम जितेंद्र वर्मा ने बताया कि 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आदि कैलास यात्रा का परमिट जारी करना अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है और 24 अक्टूबर से ही आदि कैलाश यात्रा हेतु सीमित पास ही दिए जाएंगे।

गुरुवार को 172 परमिट जारी किए गए, जिससे अब तक कुल 32,986 परमिट जारी हो चुके हैं। इस दौरान उपजिलाधिकारी धारचूला जितेन्द्र वर्मा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्या सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### छुट्टी में घर गए डॉक्टर ने गोवर्धन पूजा के दिन गोमाता को दिया नया जीवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** आखिर किसान का बेटा ही किसान के दर्द को समझता है कि उसके लिए पशु का क्या महत्व होता है। गोवर्धन पूजा के दिन जब सभी लोग गौ माता को नहा धुला रहे थे। इसी बीच नानकमत्ता के टुकड़ी गांव में एक गाय को साड़ ने अपने सींग से पटक दिया तथा वह कृषि उपकरण से टकरा गई। जिससे गाय की फोरेसिक कैविटी फटकर उसका ओमेसस बाहर निकल कर लटक गया था और यह देखकर किसान काफी परेशान हो गया। उसे जब यह पता चला कि लोहाघाट के वेटरनरी सर्जन डा. जेपी यादव दीपावली की छुट्टी में खटीमा आए हुए हैं थे तो परेशान गाय के मालिक ने उनसे संपर्क किया तथा अपनी परेशानी बताई। डॉक्टर यादव ने किसान की दिक्कतों को समझते हुए बिना समय गंवाए वह उनके गांव पहुंच गए, जहां दो घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद गाय को संभाल लिया गया। डा. यादव का कहना है कि गोवर्धन पूजा के दिन उन्हें इस रूप में गौ माता की सेवा करने का अवसर मिला है, जिसके लिए वह अपने को धन्य मानते हैं। डा. यादव उन विरले चिकित्सकों में है, जिन्हें पशुओं का कष्ट नहीं देखा जाता है। उनका कहना है कि जब पशु कष्ट में होते हैं और उनके कष्ट का निराकरण ईश्वर ने उनके हाथ में दिया है। यदि मेरे प्रयास से मूक पशुओं को राहत मिलती है तो मेरे लिए यह सबसे बड़े सौभाग्य की बात होती है। डा. यादव ऐसे सैकड़ों पशुओं को नया जीवन देते आ रहे हैं तथा मवेशियों का उपचार करते समय भले ही इनके कपड़े गोबर एवं गौमूत्र से सने रहते हैं, लेकिन इन्हें इसकी कोई परवाह नहीं रहती है।

### श्रद्धा व उल्लास पूर्वक मनाया गया भैय्या दूज का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भैय्या दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भाई बहन के अटूट प्यार और स्नेह के पर्व भैया दूज पर भाई बहनों में काफी उत्साह देखने को मिला। भाई बहनों के बीच आस्था के इस पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों के लंबी उम्र तथा स्वस्थ रहने के लिए विधिवत पूजा अर्चना की तथा ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर व पूजा की थाली से आरती उतार कर उनके सुख, समृद्धि, खुशहाली और कल्याण की कामना की। वहीं भाई बहनों ने एक दूसरे से आशीर्वाद लेकर पर्व को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस अवसर पर भाइयों ने अपने बहनों को उपहार देकर उनका सम्मान किया तथा शुभकामनाएं दी।

### उत्तराखंड में गाड़ियों पर लगे भिंडरवाले के पोस्टर, खुफिया एजेंसियां अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**रुद्रपुर।** वाहनों पर अलग-अलग तरह के पोस्टर लगाने का जहां युवाओं में क्रेज है, वहीं जिले में कुछ लोग भिंडरवाले के पोस्टर भी लगा रहे हैं। इस तरह के मामले सामने आने के बाद अब पुलिस और खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। अपने वाहनों में भिंडरवाले का पोस्टर लगाकर घूम रहे वाहनों को पुलिस और खुफिया एजेंसियों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। मिनी पंजाब कहे जाने वाले तराई क्षेत्र में खालिस्तान समर्थकों की भारी संख्या है। 90 के दशक में खालिस्तान से जुड़ी आतंकी गतिविधियां रही हैं। बाद में तराई से खालिस्तान का पतन हो गया। लेकिन धीरे धीरे अब खालिस्तान और भिंडरवाले के समर्थन में इंटरनेट मीडिया में काफी सक्रियता दिख रही है। जिले में कई लोगों ने अपने वाहनों में भिंडरवाले के पोस्टर लगाए हैं। उत्तराखंड के रुद्रपुर में वाहनों पर भिंडरवाले के पोस्टर लगने से खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

# डिवाइडर से टकराकर पलटा मैजिक, कई लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** चंपावत जिले के बनबसा इलाके में मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। हादसे में छह लोग घायल हुए हैं, जिसमें से चार घायलों का इलाज टनकपुर उप जिला अस्पताल में चल रहा है, जबकि, दो अन्य घायलों को इलाज के लिए खटीमा ले जाया गया है। वहीं, हादसे के बाद मैजिक चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार 23 अक्टूबर को टनकपुर से खटीमा जाते वक्त एक मैजिक टैक्सी वाहन संख्या UK 06 TA 3322 बनबसा के पाटनी तिराहे के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया, जिससे मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे में छह से ज्यादा लोग घायल हो गए, घायलों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद आनन-फानन में गंभीर रूप से घायलों को खटीमा ले जाया गया, जबकि, दो बच्चे समेत चार घायलों को टनकपुर लाया गया. जिनका अभी उपचार जारी है। बताया जा रहा है मैजिक



पलटने के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी अब पुलिस तलाश कर रही है, जबकि, मैजिक को कब्जे में ले लिया गया है।

घायलों में शांति देवी पत्नी केशव राम (उम्र 36 वर्ष), मीना देवी पत्नी किशन राम (उम्र 30 वर्ष), आयुष (उम्र 10 वर्ष) और पीयूष पुत्र किशन राम (उम्र 6 वर्ष) निवासी मनिहारगोठ, टनकपुर (चंपावत) शामिल हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है, जबकि मीना देवी के अलावा सभी की हालत स्थिर बनी हुई है।

# शिक्षक ललित मोहन हुए पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित

- **एक आदर्श शिक्षक के रूप में छात्र-छात्राओं का भविष्य संवार रहे हैं ललित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** नेपाल सीमा से लगे जीआईसी रौसाल के प्रवक्ता ललित मोहन को पीएचडी की मानद उपाधि मिली है। यह सम्मान उन्हें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शिक्षा मंत्री महिपाल डांडा की उपस्थिति में बाबा मस्तराम विश्व. विद्यालय हरियाणा के दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति बालकनाथ योगी महाराज ने समारोहपूर्वक उन्हें सम्मानित किया गया।

डा. ललित ने संस्कृत भाषा के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. हरिओम



आर्य के निर्देशन में 'महाकवि कालिदास के नाटकों में प्रकृति निरुपण एवं समीक्षात्मक अध्ययन' पर शोध किया था। डा. ललित ने इंटर ,बीए , एमए संस्कृत हिन्दी व बीएड की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। पिछले तीन वर्षों से यह योग एवं प्राणायाम के माध्यम से छात्र छात्राओं को नशे से दूर कर उन्हें स्वस्थ जीवन जीने एवं अच्छे आचार विचार व संस्कार दे रहे हैं। डा. ललित इससे पूर्व गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के मेधावी छात्र के रूप में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा भी विशेष रूप से सम्मानित किए जा चुके हैं। इन्हें मिली मानद उपाधि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, जिलाधिकारी मनीष कुमार, उत्तराखंड के संस्कृत निदेशक डा. बाजश्रवा आर्य, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, सामतश्रवा आर्य एवं विद्यालय परिवार समेत तमाम लोगों ने बधाई दी है।

# विलुप्त हुई सप्तकोषी परिक्रमा को पुनर्जीवित करने में जुटे डीएम



- **मानसरोवर तीर्थ यात्रियों को भी शामिल किए जाने से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनेगी मॉडल जिले की: डीएम**
- **मॉडल जिले के कण-कण में होते हैं देवाधिदेव शंकर के दर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की परिकल्पना का मॉडल जिला पर्यटन, इको पर्यटन एवं साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में तो नए आयाम छूता जा रहा है। अब धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में नए आयाम जुड़ते जा रहे हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जिले के ओझल मंदिरों व धार्मिक यात्रा मार्गों के संबंध में खोज बीन करने के बाद उनका इरादा यहां विलुप्त हो चुकी शिव भक्तों की सप्तकोशी परिक्रमा को पुनर्जीवित करने का प्रयास है तथा मानेसर को प्रतिवर्ष मानसरोवर यात्रा में आने वाले तथा सप्तकोशी यात्रा करने वालों का पड़ाव बनाकर इस यात्रा की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना है।

वैसे पुराणों के अनुसार पहले मानसरोवर तीर्थ यात्रियों का लोहाघाट के रिशेश्वर मंदिर की धर्मशाला में पड़ाव हुआ करता था। जहां सुबह यात्री यहां के सूर्य कुंड में स्नान कर यात्रा में निकलते थे। यदि सप्तकोशी परिक्रमा को पुनर्जीवित करना है तो मानेसर में मानसरोवर तीर्थ यात्रियों के लिए कम से कम 60 लोगों के ठहरने, ध्यान करने की व्यवस्थाओं को अंजाम देना होगा। मानेसर ऐसा दिव्य स्थल है जहां अर्जुन ने अपने गांडीव से मानसरोवर के जल का आवाहन कर इस स्थान में तीर मार रहा था। जहां जलधारा फूट पड़ी थी और यही जल आज यहां शिव शक्ति का अभिषेक करता आ रहा है।

इस बीच राज्य सरकार द्वारा जिन मंदिरों के पुनरुद्धार के लिए 4.70 करोड रुपए की स्वीकृति दी है। उसमें सप्तकोषी परिक्रमा के सभी सातों मंदिर शामिल नहीं है। यदि सप्तकोशी परिक्रमा को पुनर्जीवित करना है तो वर्तमान स्वीकृतियों में संशोधन करने की तात्कालिक आवश्यकता है। वैसे सप्तकोषी परिक्रमा की परिधि में हरेश्वर, रिसेश्वर, डिप्टेश्वर, क्रांतेश्वर, मलाडेश्वर, ताड़केश्वर, मानेश्वर मंदिरो की परिक्रमा की जाती है। जिलाधिकारी का कहना है कि मानसरोवर तीर्थ यात्रियों की यात्रा में यदि हम उक्त सातों शिवधामों की परिक्रमा शामिल करते हैं। तो इससे मानसरोवर तीर्थ यात्री जहां हमारे ब्रांड एंबेसडर बनेंगे वहीं इससे मॉडल जिले की राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनेगी ।

सप्तकोशी परिक्रमा के लिए अन्य लोगों को विशेष अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे उनका यहां आने का क्रम बना रहेगा।

### यह सब काम करने के लिए डीएम को भेजा है महादेव ने: धर्मदास



**चंपावत।** मानेश्वर पीठ के पीठाधीश्वर बाबा धर्मराज जी महाराज का कहना है कि भगवान शिव के मंदिरों की सप्तकोषी यात्रा पुनर्जीवित करने एवं इस यात्रा में मानसरोवर यात्रियों को शामिल करने की जिस सोच से जिलाधिकारी काम कर रहे हैं।

लगता है भगवान शंकर ने ही उन्हें इस कार्य के लिए भेजा हुआ है।

# पेड़ से लटका मिला ठेकेदार का शव

## गजा-चाका मार्ग पर बिहार मूल निवासी की संदिग्ध मौत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर ब्लॉक के गजा-चाका मोटर मार्ग पर मातृछाया सदन के पास उस समय हड़कंप मच गया जब वहां पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका हुआ पाया गया। मृतक की पहचान बिहार के किशनगंज जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बागीचा निवासी तैयज आलम (40) के रूप में हुई है, जो पिछले तीन वर्षों से गजा क्षेत्र में मकान निर्माण का ठेका लेकर रह रहा था। जानकारी के अनुसार, तैयज आलम तीन साल से गजा और आसपास के गांवों में ठेकेदारी का कार्य कर रहा था तथा किराए के मकान में निवास करता था। बुधवार की रात से वह लापता था और जब वह कमरे पर वापस नहीं लौटा तो उसके साथ काम करने वाले मजदूरों ने चिंता जताते हुए गजा पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। गुमशुदगी की सूचना मिलते ही पुलिस और मजदूरों ने उसकी खोजबीन शुरू की। खोज के दौरान मृतक की मोटरसाइकिल गजा से करीब चार किलोमीटर दूर चाका रोड पर खड़ी मिली। इसके बाद जब क्षेत्र में सघन तलाश की गई तो सड़क से थोड़ी ऊंचाई पर एक पेड़ पर उसका शव लटका हुआ मिला। यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही गजा पुलिस चौकी प्रभारी मनीष नेगी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को सील कर दिया। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है ताकि घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा सके। प्राथमिक तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह आत्महत्या है या हत्या। बताया गया कि मृतक की पत्नी अंसारी बेगम और परिवार के अन्य सदस्य इस समय बिहार में रहते हैं। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार को सूचित कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक जांच और पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

### मुखवा शीतकालीन गद्दी पर विराजमान हुई गंगा जी

**उत्तरकाशी।** अन्नकूट के मौके पर बुधवार को गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद आज दोपहर बाद पौने तीन बजे अपने शीतकालीन प्रवास मुखवा गांव पहुंची। गुरुवार को 1 बजे माँ गंगा की डोली ने चंडी देवी मंदिर से अन्नपूर्णा देवी मंदिर के लिए प्रस्थान किया। इसके बाद मार्कण्डेय मंदिर से प्रस्थान कर माँ गंगा की डोली करीब पौने तीन बजे शीतकालीन प्रवास गद्दी स्थल मुखवा (मुखीमठ) पहुंचीं। मुखव गांव में ग्रामीण मां गंगा का एक ससुराल व्याई बेटी की तरह मुकेश सप्रे से इंतजार कर रहे थे। इस दौरान मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि अब मां गंगा जी की विग्रह मूर्ति अपनी शीतक. ालीन प्रवास मुखवा में विराजमान हो गई है।

# बंजर ज़मीन बढ़ने पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन

## भरसार विवि में 27-28 अक्टूबर को होगा 14वां विचार-मंथन सत्र, तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** वीरचंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिक एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार के कुलपति प्रो. परविंदर कौशल ने बताया कि विश्वविद्यालय के वानिकी महाविद्यालय रानीचौरी परिसर में 27 और 28 अक्टूबर को आयोजित होने वाले 14वें विचार-मंथन सत्र की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रो. कौशल ने कहा कि उत्तराखंड में खेती योग्य भूमि लगातार घटती जा रही है जबकि बंजर भूमि में वृद्धि हो रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि इस चुनौतीपूर्ण स्थिति पर समाधान खोजने के

**एग्री टूरिज्म और इको टूरिज्म से उत्तराखंड में रोजगार की नई राहें खुलेंगी**

उद्देश्य से इंडियन एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी एसोसिएशन (आईएयू) के संयुक्त तत्वावधान में रानीचौरी परिसर में दो दिवसीय 14वां विचार-मंथन सत्र आयोजित किया जा रहा है। इस सत्र में 'भारत में कृषि-पारिस्थितिकी-पर्यटन: अवसर, चुनौतियां और आगे की राह' विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। प्रो. कौशल ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में एग्री टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। यहां खेती के साथ-साथ मेडिसनल प्लांट टूरिज्म, हर्बल खेती और इको टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सकता है। विश्वविद्यालय इस दिशा में कई परियोजनाओं पर काम कर रहा है ताकि पारंपरिक खेती को आधुनिक तकनीक और पर्यटन से जोड़ा जा सके। कुलपति ने कहा कि इस विचार-मंथन सत्र में राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ देशभर के कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और शोधार्थी भी भाग लेंगे तथा अपने विचार और सुझाव साझा करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सम्मेलन प्रदेश के ख्रषि और पर्यटन क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेगा और भविष्य की मजबूत नींव रखेगा। परिसर के डीन तारा सिंह मेहरा ने बताया कि राज्यपाल के आगमन को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, आवास, परिवहन और तकनीकी प्रबंधन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं ताकि आयोजन स्रफल और यादगार बन सके।

# हिंदूवादी संगठनों ने मांस से भरे दो वाहन पकड़े

- **ड्राइवर की पिटाई कर वाहनों में की तोड़फोड़**
- **पुलिस ने बामुश्किल स्थिति पर पाया काबू**
- **जांच के लिए मांस के सैंपल को भेजा लैब**
- **सैकड़ों मुस्लिम समाज और बड़ा मीट कारोबारियों ने कोतवाली घेरी**
- **हिंदुवादी संगठनों के नेताओं के विरूद्ध नामजद तहरीर दी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कथित तौर पर गौमांश लाने का आरोप लगाते हुए गुरुवार सुबह बैलपड़ाब मे हिंदुवादी संगठनों के लोगों ने बरेली की बड़े मीट की फैक्ट्री से मीट ला रहे दो वाहनो को रोक लिया और एक ड्राईवर की बुरी तरह पिटायी कर वाहनो में तोड़फोड़ कर दी।इसी दौरान युवको ने बैलपड़ाब चौकी मे खड़ी दो मीट की गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बामुश्किल स्थिति पर काबू पाया। इधर रामनगर में सैकड़ों मुस्लिम समाज और बड़ा मीट कारोबारियों ने कोतवाली घेर ली और घायल ड्राइवर नासिर की पत्नी ने हिंदुवादी संगठनों के नेताओं के विरूद्ध नामजद तहरीर देते हुए आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए गिरफ्तारी की मांग की।

मोहल्ला गूलरघट्टी निवासी नूरज. हां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति नासिर बड़े मीट की गाड़ी बरेली से रामनगर ला रहे थे। ग्राम छोई में कुछ हिंदूवादी संगठनों द्वारा मेरे पति के साथ मारपीट कर लहूलुहान कर दिया और मॉब लिंि. चंग का प्रयास किया।अगर समय पर पुलिस प्रशासन नहीं पहुंचता तो यह लोग मेरे पति को मार देते। उन्होंने बताया कि राजू रावत नामक एक व्यक्ति द्वारा दर्जनों लोगों को लेकर गया था।बता दें कि रामनगर में पिछले लंबे समय से सलेटर हाउस के संच. ालन में लगी रोक के चलते हुए कभी बरेली व कभी संभल की मीट फेक्ट्रियो से बड़ा मीट की सप्लाई लायी जा रही है जिसके लिए नगर पालिका की ओर से ठेकेदार के द्वारा है सारे मानक पूर्ण किये जाने की बात कही गयी है। हमेशा की तरह आज भी बरेली से मीट ला रही दो पिकअप गाड़ियो को कुछ हिंदुवादी संगठनो के लोगो ने रोक लिया, मौके पर बेलपड़ाब पुलिस चौकी ने मीट गाडियो के कागज चेक करके उन्हे रामनगर की ओर जाने दिया लेकिन छोई मे पहुँचे हिदुवादी नेताओ के द्वारा गाड़ी रोककर उसमे गोमांश का आरा. ेप लगाते हुये ड्राइवर को बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया और कुछ आक्रोशित युवको ने बेलपड़ाब पुलिस चौकी में खड़ी मीट की गाड़ी में तोड़फोड़ करते हुये नारेबाजी की जबकि कुछ हिंदुवादी नेताओ ने कोतवाली आकर गाड़ियो में गौमांश लाये जाने का आरोप लगाते हुये पुलिस से कार्यवाही की मांग की। इधर घटना की सूचना से गुस्साये मुस्लिम समुदाय व कुरैशी समाज के नेताओ ने कोतवाली मे डाईवर के साथ मारपीट की घटना की निंदा करते हुए पीड़ित व्यक्ति के परिजनों के साथ कुछ लोगो को नामजद करते हुये तहरीर सौंपते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

इधर रामनगर सीओ सुमित पांड, कोतवाल सुशील कुमार और प्रशास. निक अधिकारियों ने बैलपड़ाव चौकी जाकर किसी तरह आक्रोशित लोगो को शांत किया व मौके पर पशु





चिकित्सक को बुलाकर मीट की जाँच करायी गयी। सीओ सुमित पांडे के द्वारा बताया गया कि पशु चिकित्सक की प्रारम्भिक जॉच मे गौमांश की पुष्ठि नही हुई है और यह मांस भैंसों का है। शुक्रवार शाम को लेब से टैस्ट की रिपोर्ट आ जायेगी। सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के थानो की पुलिस बुलाई गई।पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुँचकर मामले को शांत कराया। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पशु चिकित्सकों के द्वारा जांच की गई है और उसको लेब में भेज दिया गया है।यह मांस भैंसों का हैं और कागज भी ठीक पाए गए हैं।दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है।मामले की जांच की जा रही है।इस दौरान मुस्लिम समाज की ओर से घेराव करने वालों में आपकी खिदमत के अध्यक्ष शुऐब कुरैशी,खिदमत ए मुआसरा के अध्यक्ष जिशान कुरैशी,कांग्रेस नेता जावेद खान, टेंपू यूनियन रामनगर अध्यक्ष यूसुफ कुरैशी,रिहान खान, मोहसिन खान,आदिल खान, जुल्फिकार अली,नदीम कुरैशी, सलीम अहमद, सनव्वर कुरैशी, शकील अहमद,सलीम अहमद कुरैशी, अब्दुल रहमान, बबलू कुरैशी, वसीम कुरैशी, कलीम आदि सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

# अग्निवीर भर्ती पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण के लिए एसओपी तैयार

■ खेल एवं युवा कल्याण विभाग देगा युवाओं को ट्रेनिंग,मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर खेल एवं युवा कल्याण सभी जिलों में देगा प्रशिक्षण



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करने के इच्छुक युवक- युवतियों को भर्ती पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण देगा। इसके लिए विभाग ने एसओपी तैयार कर ली है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते दिनों खेल एवं युवा कल्याण विभाग को प्रदेश के युवाओं को अग्निवीर भर्ती के लिए प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए थे।

ताकि वो उत्तराखंड की महान सैन्य परंपरा के अनुसार सेना में अपना करियर बना सके। इसी क्रम में विभाग ने युवाओं को अग्निवीर भर्ती पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण देने की तैयारी पूरी कर ली है। जल्द ही 13 जिलों में अग्निवीरों का भर्ती पूर्व प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया जाएगा।

उत्तराखंड की शानदार सैन्य परंपरा रही है, यहां के प्रत्येक परिवार से कोई ना कोई सदस्य सेना में जाता ही है। इसीलिए सरकार अग्निवीर भर्ती पूर्व प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। ताकि युवा अग्निवीर के जरिए सेना को अपनी सेवाएं दे सके। प्रदेश सरकार अग्निवीरों को सेवाकाल के बाद प्रदेश की सरकारी नौकरियों में आरक्षण भी प्रदान करने का फैसला ले चुकी है।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

## एसओपी की प्रमुख बातें

1.अग्निवीर भर्ती पूर्व प्रशिक्षण के लिए इच्छुक युवक- युवतियों के लिए उत्तराखण्ड राज्य का मूल / स्थायी निवासी अथवा उत्तराखण्ड राज्य में किसी संस्थान में अध्ययनरत / सेवारत होना अनिवार्य है।

2. प्रशिक्षण के लिए हाईस्कूल परीक्षा 45 प्रतिशत या उससे अधिक अंक के साथ उत्तीर्ण तथा प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक अथवा उससे अधिक होना अनिवार्य है।

3. आयु 16 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है।

4. जिला खेल कार्यालय/जिला युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

5. छात्र/छात्रा को चिकित्सक द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

6. प्रशिक्षण के समय छात्र/छात्रा को खेल किट (वेशभूषा-टीशर्ट, नेकर, स्पोर्टस शूज, मौजा) मे उपस्थित होना अनिवार्य है।

7. छात्र/छात्रा के शरीर पर किसी प्रकार कोई टैटू अथवा किसी प्रकार अप्राकृतिक स्थायी निशान आदि न गुदा हो।

8. इच्छुक छात्र/छात्रा को खेल स्टेडियम /खेल मैदान में नियुक्त विभागीय प्रशिक्षक द्वारा ही प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

# जवान सागर सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया उत्तरखंड पुलिस का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



जम्मू-कश्मीर में दिनांक 08 से 16 अक्टूबर तक आयोजित 10वीं अखिल भारतीय जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता में D R F उत्तराखंड में नियुक्त आरक्षी सागर सिंह ने वूशु (तालू) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर इस उपलब्धि से क्स्थ उत्तराखंड एवं उत्तराखंड पुलिस का गौरव बढ़ा है।

इस अवसर पर सेनानायक क्स्थ श्री अर्पण यदुवंशी ने आरक्षी सागर सिंह को बधाई देते हुए कहा कि, "यह उपलब्धि सम्पूर्ण क्स्थ परिवार के लिए गर्व का विषय है। ऐसी सफलताएँ बल के अनुशासन, परिश्रम एवं समर्पण की भावना को और प्रबल करती हैं।"

सेनानायक महोदय ने आरक्षी सागर सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया।

# धनतेरस एवं दीपावली के दौरान मुस्तैद रही कैम्प 108 सेवा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैम्प 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा मुख्यालय देहरादून में गुरुवार को जीएम प्राजेक्ट्स अनिल शर्मा ने धनतेरस एवं दीपावली के दौरान 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाओं की मुस्तैदी एवं आपातकाल के दौरान लोगो को प्रदान की गयी सेवाओ की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने जनपदों में तैनात जिला कार्यक्रम अधिकारियों से भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से फीडबैक लिया। अधिकारियों ने अवगत कराया कि त्योहार के मद्देनजर मुख्यालय द्वारा जारी अलर्ट के दौरान 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाये प्रदेशभर में मुस्तैद रही। साथ ही किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए पूर्व में की गयी व्यापक तैयारियों का भी काफी फायदा एम्बुलेंस कर्मियों को मिला। शर्मा ने बताया कि प्रदेशभर इस दौरान संवेदनशील स्थानों पर तैनात एम्बुलेंस जाम में न फंसे इसके लिए भी व्यापक स्तर पर तकनीकी मदद केन्द्रीय काल सेन्टर से एम्बुलैंसो को प्रदान की गयी। उन्होंने कहा कि इस दौरान अधिक फोन आने की संभावना को देखते हुए अतिरिक्त टेक्निकल स्टाफ की भी ड्यूटी लगायी गयी थीण् ताकि समस्त एम्बुलैंसो को सहायता के लिए समय से रवाना किया जा सका उन्होंने बताया कि धनतेरस से दीपावली के दौरान प्रदेशभर में 108 आपातकालीन एम्बुलेंस वाहनों की मदद से छरू सौ बहत्तर लोगो को मदद पहुंचाई गयी।

इसके साथ ही देहरादून, नैनीताल ,उत्तरकाशी, उधमसिंह नगर में कुल 03 गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव भी एम्बुलेंस कर्मियों द्वारा कराया गया, और जच्चा बच्चा को सकुशल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

साथ ही उन्होंने प्रदेशभर में त्योहार के दौरान गठित मोबाइल टीमों के औचक निरीक्षण के दौरान एम्बुलेंस कर्मियों की मुस्तैदी की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी सेवा भाव के साथ कार्य करते रहने की आशा जतायी है।

# वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में की शानदार बिक्री

**देहरादून।** नेस्ले इंडिया के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के परिणामों को मंजूरी दे दी।परिणामों के बारे में मनीष तिवारी, नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने कहा कि मैं खुश हूँ कि घरेलू बिक्री डबल डिजिट की दर से बढ़ी, जो वॉल्यूम ग्रोथ से प्रेरित थी। चार उत्पाद समूहों में से तीन ने मजबूत वॉल्यूम-प्रेरित दहाई अंकों की वृद्धि दर्ज की। हमारी घरेलू बिक्री 5,411 करोड़ रुपये तक पहुँची, जो किसी भी तिमाही में अब तक की सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कर्मचारियों को उनके समर्पण और संकल्प के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ।

# स्कॉर्पियो खाई में गिरी, तीन की मौत, दो गंभीर

■ बारात ले जा रही स्कॉर्पियों 300 मीटर गहरी खाई में गिर

**मयूर गुप्ता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के टिहरी जिले में बुधवार रात एक खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। गूलर-मोटर मार्ग पर बारात में शामिल लोगों को ले जा रही एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस भीषण दुर्घटना में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत नाजुक बनी हुई है।

यह दुखद घटना तब हुई जब ये सभी युवक ऋषिकेश के श्यामपुर क्षेत्र से टिहरी जिले के नरेंद्रनगर ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम सभा नाई गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। ऋषिकेश के गुमानीवाला से चली यह बारात जब रात करीब आठ बजे गूलर से 18 किलोमीटर पहले कुंडिया गांव के पास पहुंची, तभी स्कॉर्पियो नियंत्रण खो बैठी और खाई की ओर लुढ़क गई। इस भयावह हादसे के तुरंत बाद, वाहन में सवार निखिल रमोला (21) ने अपने दोस्त को फोन कर घटना की जानकारी दी और अपनी गूगल लो. केशन भी साझा कर दी। इसी सूचना के आधार पर बचाव कार्य शुरू हो सका।

मुनिकीरेती थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप चौहान ने बताया, षनिखिल की त्वरित सूचना और लोकेशन भेजने के कारण हमें घटनास्थल तक पहुंचने में देरी नहीं हुई। इसके आधार पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। एसडीआरएफ में तैनात निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया, ष्जब हमारी टीम घटनास्थल पर पहुंची, तब तक विमल कंडियाल (31), राहुल कलूड़ा (23) और आशीष कलूड़ा (26) ने दम तोड़ दिया था। निखिल रमोला और तनुज पुंडीर (26) गंभीर रूप से घायल थे। निरीक्षक सजवाण ने आगे कहा, ष्कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और अंधेरे के बावजूद, क्स्थ टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर रातभर कड़ी मशक्कत करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। खाई से शवों और घायलों को बाहर निक. ालना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था।

घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां निखिल की हालत चिंताजनक बनी हुई है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद जिला पुलिस को सौंप दिया गया है। हादसे में मारे गए तीनों युवक (विमल, राहुल और आशीष) श्यामपुर, ऋषिकेश के निवासी थे, जिनकी मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# मुठभेड़ में घायल बदमाशों का तीसरा साथी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** दून हास्पिटल के सामने एक युवक को गोली मारने की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे के संबंध में फरार चल रहे तीन नामजद आरोपियों में से दो आरोपियों को वेतन देर रात्रि डोईवाला और एसओजी पुलिस ने संयुक्त अभियान चला कर मुठभेड़ के बाद स्कूटर सवार दो बदमाशों के पैर में गोली लग जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था वही पुलिस और बदमाशों के बीच आमने-सामने चली गोली के बाद एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था जिसको गुरुवार की सुबह डोईवाला से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया स

पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर अभियुक्तो द्वारा अपनी स्कूटी को रांग साइड से छिद्दरवाला से लालतापड के बीच स्थित काली मन्दिर के निकट जगंल के कच्चे रास्ते पर उतारकर तेजी से भागने का प्रयास किया गया, जहाँ जंगल के अन्दर स्कूटी सवार तीनों बदमाशों की स्कूटी गिर गई, मौके पर पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में किए गए जवाबी फायर में 02 अभियुक्तों के पैर पर गोली लग गयी, जिनके पास से पुलिस टीम को घटनास्थल से दो कंट्रीमेड पिस्टल तथा कारतूस बरामद हुए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि गोली लगने से घायल हुए दोनों बदमाशों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम सोहेल खान पुत्र नूर मोहम्मद निवासी: 109 ई.सी. रोड, करनपुर, तथा सानू पुत्र नौशाद निवासी: चावला चौक, नालापानी रोड, के रूप में हुई।

पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ के दौरान बताया गया कि कुछ दिन पूर्व उन्होंने अपने अन्य साथियों काव्यांश धामा, रोहन तथा विशाल के कहने पर दून अस्पताल के पास रात्री में दिशान्त नाम के युवक, जिससे काव्यांश का पैसों के लेन देन को लेकर विवाद चल रहा था, को गोली मार दी थी, तभी से पुलिस द्वारा उनकी तलाश की जा रही थी, जिससे बचने के लिये वह इधर उधर छिपते फिर रहे थे। उनके साथ उनका एक अन्य दोस्त जावेद पुत्र अब्दुल रहमान निवासी: डबकी जूनारदार, कोतवाली देहात, जनपद सहारनपुर उम्र: 30 वर्ष भी था। अभियुक्तो के तीसरे साथी जावेद, जो अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था।

जिसेपुलिस टीम द्वारा काम्बिंग के दौरान तड़के सुबह डोईवाला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

दोनो घायल अभियुक्तो को प्राथमिक उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उंगली पकड़े गए तीसरे आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम जावेद पुत्र अब्दुल रहमान निवासी: डबकी जूनारदार, कोतवाली देहात, जनपद सहारनपुर बताया।

# पटेलनगर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** विगत सितंबर में एक विवाहित से दुष्कर्म करने के बाद से फरार चल रहे आरोपी को पटेल नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पीसकर जेल भेज दिया स

पटेलनगर निवासी एक व्यक्ति द्वारा अमरीश पुत्र मिश्रीलाल निवासी ग्रामं धौरहरा अमेठी उ0प्र0 हाल पता भूत्तोवाली चौक चन्द्रमणी पटेलनगर देहरादून द्वारा उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म किये जाने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया था इसके बाद कोतवाली पुलिस ने कोतवाली धारा 64(2)(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।अपराध की गंभीरता के दृष्टिगत अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहराद. ून द्वारा दिये गए निर्देशों पर कोतवाली पटेलनगर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अमरीश पुत्र मिश्रीलाल को गुरुवार को चंद्रबनी चौक से आगे आर्मी ग्राउण्ड की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया।क्षेत्राधिकार सदर अंकित कंडारी ने बताया कि पकड़े गए तो दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे संबंधित न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# सर्द शामों में बिखरी विंटर लाइन की अद्भुत छटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चकराता।** चकराता में सर्दियों की दस्तक के साथ ही प्रकृति ने एक बार फिर अपने अनोखे रंग बिखेरने शुरू कर दिए हैं। बुधवार की सांझ ढलते ही आकाश में 'विंटर लाइन' का मोहक और अद्भुत नजारा दिखाई दिया, जिसने स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सूर्यास्त के बाद क्षितिज पर फैली सुनहरी और नारंगी रंगों की यह चमकती रेखा ऐसी प्रतीत हो रही थी, मानो सूरज ढलते ही आकाश ने स्वयं रंगों की रेशमी चादर ओढ़ ली हो। कैमरों में इस दुर्लभ दृश्य को कैद करने के लिए लोग सड़कों और व्यू प्वाइंट्स पर उमड़ पड़े।

विशेषज्ञों के अनुसार, विंटर लाइन एक दुर्लभ प्राकृतिक घटना है जो केवल कुछ चुनिंदा स्थानों से ही दिखाई देती है। भारत में यह मुख्य रूप से मसूरी, चकराता और देहराद. ून घाटी के ऊपरी हिस्सों से देखी जा सकती है, जबकि देश के बाहर यह स्विट्जरलैंड के कुछ हिस्सों में भी दिखाई देती है। सर्दियों में सूर्यास्त के बाद ठंडी और गर्म हवा की परतों के मिलने से आकाश में यह सुनहरी-नारंगी रेखा बनती है, जो कुछ ही मिनटों के लिए अद्भुत छटा बिखेरती है।

प्रकृति प्रेमियों का कहना है कि विंटर लाइन का यह दृश्य चकराता की सर्द शामों को और भी मनमो. हक बना देता है। वहीं, स्थानीय होटल व्यवसायियों देवेंद्र सिंह चौहान, शूरवीर सिंह, दीवान वर्मा और हरचरण सिंह ,मातवर सिंह आदि ने बताया कि इस मौसम में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की पूरी संभावना है, क्योंकि देश के कोने कोने से सैलानी इस दुर्लभ प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने यहां पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि विंटर लाइन न केवल प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह स्थानीय पर्यटन को भी नई गति प्रदान करती है। जैसे-जैसे सर्दियां गहराती जाएंगी, चकराता की शामें और भी रंगीन और यादगार होती जाएंगी।

# प्रोजेक्ट मुस्कान से रोशन हुए आपदा प्रभावितों के घर

**प्रमुख संवाददाता**



**देहरादून।** नेशनल एसोसिएशन फॉर पेरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स (एनएपीएसआर) के प्रोजेक्ट मुस्कान से रोशन हुए आपदा प्रभावितों के घर। एनएपीएसआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने बताया कि विगत आठ वर्षों से एनएपीएसआर की और प्रोजेक्ट मुस्कान चलाया जा रहा है जिसमे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को दीवाली के उपलक्ष मे मिठाई,कपड़े,फल,बिस्किट,दीये और दिवाली का शगुन दिया जाता है इस वर्ष एनएपीएसआर द्वारा नौवां ष्प्रोजेक्ट मुस्कानष के माध्यम से सैकड़ों परिवारों मे दीवाली के अवसर पर चेहरों पर मुस्कान आयी है।

चुना भट्ठा के दैनिक दिहाड़ी वाले परिवारों को,नालापानी चौक पर बैठे लोहा पीटने वाले बागड़ियों,संजय कॉलोनी स्थित रैफेल मे रहने वाले कुष्ठ रोगियों,चन्द्रनगर एमडीडीए कॉलोनी रिस्पना के किनारे आपदा प्रभावित लोगों और रेलवे स्टेशन व सड़क किनारे बैठे परिवारों को मीला ष्प्रोजेक्ट मुस्कानष का तोहफा। ष्प्रोजेक्ट मुस्कान की इंसानियत भरी यात्रा में मीना रावत, सरदार जी०एस०जस्सल, जस्मिन्दर कौर, डॉ०के०एम०अग्रवाल,कावेरी सिंह,अमर सिंह, अफसाना सुल्तान,कविता खान,मनीषा जोशी,ईशान खान,शानवी सिंह,आलियाह खान,प्रत्यक्ष सिंह,गौरव सिंह और महविश जेहरा और जमीअत उलेमा हिंद देहरादून से मौलाना मोहम्मद उमर, मौलाना मोहम्मद शोएब, मोहमद सलमान, और समीर अहमद का विशेष योगदान रहा।

# प्राचीन परशुराम मंदिर बोहरी में ग्यास मेले की तैयारी जोरों पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** कालसी ब्लाक अंतर्गत बो. हरी गाँव स्थित प्राचीन परशुराम मंदिर में हर वर्ष ग्यास पर्व पर हजारों भक्त दर्शन के पहुंचते हैं आगामी 31 अक्तूबर को परशुराम मंदिर बो. हरी में रात जगेगी ओर 1 नवंबर को परशुराम महाराज व रेणुका माता की देव डोलियों के दर्शन होंगे।

हर साल ग्यास पर्व पर मन्दिर में श्रद्धालु रात लगाने आते है। जिसमें दूर दूर से लोग पहुंचते हैं और मंदिर रात्रि जागरण, भगवान श्रीराम के लीला का आयोजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में जौनसार बावर के कलाकार ग्यास पर्व पर बोहरी गांव में पहुंचेंगे जिसमें कलाकार गीतों का समा बांधेंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष अमर सिंह चौहान ने कहा कि ग्यास पर्व की तैयारी पूरी की गई है जिसमें खत उद्पाल्टा का सहयोग भी रहेगा सभी भक्तों के लिए दिन में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।ग्यास पर्व पर जौनसार बावर के दूरस्थ क्षेत्र से अपनी मन्नत मांगने और मन्नत पूरी होने पर महाराज के दर्शन के लिए भक्त बो. हरी परशुराम मंदिर पहुंचते हैं। वहीं परशुराम मन्दिर गडोल व परशुराम मन्दिर डिमऊ में भी ग्यास पर्व मनाया जाएगा।

# सहसपुर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** चौरी की फिराक मे घूम रहे हिस्ट्रीशीटर को सहसपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार।

बीती रात्रि में चौकिंग गश्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा थाना सहसपुर क्षेत्रान्तर्गत 1 हिस्ट्रीशीटर मोसिन उर्फ मोहसिन पुत्र यामीन निवासी खुशहालपुर कोतवाली सहसपुर को एक अवैध खुखरी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर के विरुध कोतवाली सहसपुर पर आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी कोतवाली सहसपुर का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। सहसपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर मोहसिन के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में 13 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में सिपाही विकास त्यागी व सचिन कुमार शामिल रहे।

# श्रद्धा व विश्वास के साथ मनाया गया भाई दूज का त्योहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**विकासनगर।** पछवादून क्षेत्र में भाई और बहन के बंधन को ओर भी अटूट बंधन में जोड़ने के लिए भाई दूज का त्यौहार घर-घर श्रद्धा और विश्वास से मनाया गया। इस दौरान बहन ने भाई के माथे पर तिलक लगा कर मनचाहा वरदान मांगा और बदले में भाई ने बहन को वरदान पूर्ति का वचन दिया।

सभी बहिनों ने अपने भाई की दीर्घायु की कामना की।हर बार की तरह इस बार भी विकासनगर के साथ ही डाकपत्थर, हरबर्टपुर, कालसी, साहिया, चकराता, त्यूणी, सेलाकुई, और सहसपुर क्षेत्रों में भाई बहन का त्यौहार भाई दूज धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगा कर मनचाहा वरदान मांगने के साथ उन्हें नारियल और रूमाल भेंट किया ओर आरती उतारी और भाई ने जीवन प्रयत्न उस वरदान की पूर्ति का वचन भी दिया। इस दौरान बहन ने भाई को गोले के साथ ही मिष्ठान भी प्रदान की। जिसके बदले में भाई ने तोहफा देकर बहन को प्रसन्न किया। सभी बहिनों ने अपने भाई की दीर्घायु की कामना की।भैयादूज के दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर भोजन करता है वह दीघार्यु होता है। भैयादूज को यम द्वितीय के रूप में भी जाना जाता है। माना जाता है कि इस दिन यमुना नदी के किनारे टीका करने वाले भाइयों और उनकी बहनों को यम यातनाओं से मुक्ति मिलती है।

# विराट कोहली फिर शून्य पर लुढ़के



**एडिलेड, वार्ता।** प्लेयर ऑफ द मैच एडम जम्पा (60 रन पर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी तथा मैथ्यू शार्ट (74) और कूपर कोनली (नाबाद 61) की शानदार अर्धशतकीय पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ रोमांचक दूसरे वनडे में गुरुवार को दो विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने रोहित शर्मा (73), श्रेयस अय्यर (61) और अक्षर पटेल (44) की शानदार पारियों की मदद से निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, लेकिन विराट कोहली लगातार दूसरे मैच

**● आस्ट्रेलिया ने बनाई 2-0 की अजेय बढ़त**

में शून्य पर लुढ़क गए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट गंवाने के बावजूद 46-2 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाकर जीत और सीरीज अपने नाम कर ली। कोनली ने 53 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 61 रन की मैच विजयी पारी खेली। शार्ट ने 78 गेंदों पर 74 रन की संयमित पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। मिचेल ओवेन ने 23 गेंदों पर 36 रन में दो चौके और तीन छक्के मारे। मेजबान टीम ने सतर्कता के साथ शुरुआत की। हेड और मार्श ने शुरुआत में समय लिया और फिर मार्श आउट हो गए। हेड भी ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा सके और राणा का शिकार बने। शॉर्ट ने रेनशॉ के साथ मिलकर पारी को संभाला और समय पर चौके जड़े। भारत ने भी शॉर्ट के दो कैच छोड़े, जो अपना अर्धशतक पूरा कर चुके थे। उनके आउट होने के बाद ओवेन आए और उन्होंने पारी को जल्दी खत्म करने की कोशिश की। कूपर कोनली दूसरे छोर पर अनुभवी बल्लेबाजी कर रहे थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपना अर्धशतक पूरा किया और ओवेन तब आउट हो गए जब उन्हें कुछ ही रनों की जरूरत थी। बार्टलेट और स्टार्क भी आउट हो गए, लेकिन कोनली ने रन बनाना जारी रखा और अपनी टीम को जीत दिला दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अभी 17 रन जोड़े थे कि सातवें ओवर में जेवियर बार्टलेट ने शुभमन गिल (9) को मिचेल मार्श के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टार क्रिकेटर विराट कोहली को जेवियर बार्टलेट ने पगबाधा कर बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। उन्होंने चार गेंदों का सामना किया और एक भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने रोहित शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 118 रन जोड़े।

30वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने रोहित शर्मा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। रोहित शर्मा ने 97 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली। भारत का चौथा विकेट 160 के स्कोर पर श्रेयस अय्यर के रूप में गिरा।

# सर्वाधिक शतक लगाने वाली दूसरी महिला बल्लेबाज बनी मंधाना

**मंधाना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 95 गेंदों में 109 रन बनाए**

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी मुकाबले में शतक जड़ा। अपने वनडे करियर के 14वें शतक के साथ मंधाना महिला क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गईं। बता दें कि, भारत और न्यूजीलैंड के बीच महिला विश्व कप का 24वां मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में कीवियों ने टास जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। इस मुकाबले में मंधाना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 95 गेंदों में 109 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 88 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ स्टार बल्लेबाज ने 10 चौके और चार छक्के ठोके। पहले विकेट के लिए मंधाना ने प्रतिका रावल के साथ 212 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह भारतीय महिला टीम की विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के बीच 2022 में हैमिल्टन में 184 रनों की साझेदारी हुई थी। मंधाना ने वनडे में अपने 14वें शतक के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में उन्होंने तजमिन ब्रिट्स की बराबरी कर ली। दोनों ने 2025 में पांच-पांच शतक लगाए हैं।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### श्याम लाल कॉलेज ने बाबा भगत स्मृति हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज ने साई कुरुक्षेत्र को 2-1 से हराकर राजस्थान के शाहजहांपुर, जिला कोटपुटली में आयोजित 43वें श्री युक्त बाबा भगत स्मृति ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। विजेता के रूप में उसे 51000 रूपए की इनामी राशि भी मिली। उपविजेता टीम को 25000 रूपए से संतोष करना पड़ा। श्याम लाल कॉलेज की तरफ से सतीश और प्रत्यूष सिंह जग्गी ने मैच में एक-एक गोल किया जबकि साई कुरुक्षेत्र की तरफ से एक गोल सहजप्रीत ने किया। इस टूर्नामेंट में देश भर से 32 टीमों ने भाग लिया। बेस्ट डिफेंडर ऑफ़ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के राहुल को मिला जबकि बेस्ट फॉरवर्ड ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड साई कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी बिटू को मिला।

### कजाकिस्तान के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए भारत ने की 23 सदस्यीय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने कजाकिस्तान अंडर-19 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पहला मैच 25 और तथा मुकाबला 28 अक्टूबर को कजाकिस्तान के शिमकेंट में होगा। इसे अप्रैल 2026 में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए भारत की तैयारियों के रूप में देखा जा रहा हैं। भारतीय टीम बेंगलुरू स्थित पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में एक संक्षिप्त शिविर के बाद आज सुबह कजाकिस्तान के लिए रवाना हुई और शाम को शिमकेंट पहुंचेगी।

# तीसरे एशियाई युवा खेलों के लिए मनामा में 4000 से ज्यादा युवा एथलीट एकत्रित हुए

**मनामा, वार्ता।** तीसरे एशियाई युवा खेल (एवाईजी) बुधवार शाम बहरीन में आधिकारिक रूप से शुरू हो गए, जिसमें 45 एशियाई देशों और क्षेत्रों के 4,000 से ज्यादा युवा एथलीट शामिल हुए। 22 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले इन खेलों में 26 खेल और 232 स्पर्धाएं शामिल हैं, जो एवाईजी के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन है।

कुल 4,074 एथलीट, जिनमें 2,425 पुरुष और 1,649 महिलाएं शामिल हैं, प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो 2013 के नानजिंग खेलों में 2,413 प्रतिभागियों और 2009 के उद्घाटन सिगापुर खेलों में 1,321 प्रतिभागियों से अधिक है। बहरीन के राजा के प्रतिनिधि और खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शेख नासिर बिन हमद अल खलीफा ने खेलों के उद्घाटन की घोषणा की। सखिर क्षेत्र में उद्घाटन समारोह के दौरान, बहरीन सुप्रीम काउंसिल फॉर यूथ एंड स्पोर्ट्स के प्रथम उपाध्यक्ष शेख खालिद बिन हमद अल खलीफा ने कहा कि यह आयोजन खेलों को लोगों के बीच एक सेतु और एशिया की युवा पीढ़ी के लिए गौरव का स्त्रोत बताता है। उन्होंने कहा कि एशियाई युवा खेल भविष्य के ओलंपिक एथलीटों की पहचान करने का एक मंच भी हैं जो महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने कहा कि ये प्रतियोगिताएं एशियाई खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं, और उन्होंने सभी पक्षों के संयुक्त प्रयासों से रिकॉर्ड समय में एक प्रमुख क्षेत्रीय आयोजन आयोजित करने की बहरीन की क्षमता का हवाला दिया।

# जीत से विदाई के लिए उतरेंगे पाक-श्रीलंका

**कोलंबो, वार्ता।** मेजबान श्रीलंका महिला टीम कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान महिलाओं के खिलाफ एक बेमेल मुकाबले में अपने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 अभियान का शानदार समापन करना चाहेगी। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में प्रतिष्ठा दांव पर होगी क्योंकि चामरी अथापट्टू की श्रीलंकाई टीम बांग्लादेश पर मिली हालिया करीबी जीत को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी, जबकि फातिमा सना की अगुवाई वाली पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में है। छह मैचों में एक जीत और तीन हार दर्ज करने वाली श्रीलंकाई टीम इस मुकाबले में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। हसीनी परेरा की 99 गेंदों पर 85 रनों की तेज पारी

**दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में प्रतिष्ठा दांव पर होगी**

और कप्तान चामरी की चार विकेट सहित ऑलराउंड प्रतिभा ने उनके पिछले मैच में अहम भूमिका निभाई थी। नीलाक्षी डी सिल्वा ने भी 37 रनों की तेज पारी खेलकर मध्यक्रम की विश्वसनीयता को मजबूत किया।

गेंदबाजी में, चामरी, इनोका रनवीरा, सुगंधिका कुमारी और उदेशिका प्रबोधनी ने विकेट चटकाए हैं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि कुल मिलाकर निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद श्रीलंका ज्यादातर मैचों में प्रतिस्पर्धी बना रहे। इस बीच, पाकिस्तान के लिए यह टूर्नामेंट बेहद मुश्किल रहा है, जहां उसे लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका से बारिश से प्रभावित हार भी शामिल है। सिदरा नवाज, नतालिया परवेज और सिदरा अमीन की अगुवाई वाली उनकी बल्लेबाजी लय हासिल करने के लिए जूझती रही है, जबकि सादिया इकबाल और नशरा संधू की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने लगातार समर्थन के बिना उम्मीद की किरण दिखाई है। प्रेमदासा की पिच ने मध्यम स्कोरिग के अवसर प्रदान किए हैं, इस विश्व कप में पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 245 रन रहा है। हालांकि, मैच के दिन भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, जिससे दोनों कप्तान टॉस जीतने पर पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुन सकते हैं। ऐतिहासिक रूप से, दोनों टीमें विश्व कप में दो बार भिड़ चुकी हैं, जिनमें से प्रत्येक ने एक-एक जीत साझा की है।


# पंजाब किंग्स ने सैराज बहुतुले को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 सीजन से पहले पूर्व भारतीय लेग स्पिनर सैराज बहुतुले को अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

वह सुनील जोशी की जगह लेंगे, जिन्होंने 2023 से 2025 तक यह पद संभाला था। बहुतुले, जिन्हें हाल ही में राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज किया था, जहां उन्होंने यही भूमिका निभाई थी, घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपने लंबे कोचिग करियर का भरपूर अनुभव लेकर आए हैं। 51 वर्षीय बहुतुले इससे पहले बंगाल, केरल, विदर्भ और गुजरात जैसी टीमों के साथ काम कर चुके हैं और सभी प्रारूपों में युवा भारतीय गेंदबाजों को निखारने में उनके योगदान के लिए उन्हें व्यापक रूप से श्रेय दिया जाता है।

बहुतुले का टीम में स्वागत करते हुए, पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने कहा कि हम सुनील जोशी को वर्षों से पंजाब किंग्स के प्रति उनकी समर्पित सेवा और योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। आगे बढ़ते हुए, हम सैराज बहुतुले का अपने कोचिग स्टाफ में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। खेल की उनकी गहरी समझ, खासकर घरेलू गेंदबाजों को तैयार करने और रणनीति बनाने का उनका व्यापक अनुभव, हमारी टीम के लिए अमूल्य होगा।

# साइमन की फिरकी के आगे पाक पस्त




**रावलपिडी, वार्ता।** साइमन हार्मर (छह विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को दूसरी पारी में 132 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद 68 रनों के लक्ष्य को 12-3 ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने कल के चार विकेट पर 94 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में पाकिस्तान का पांचवां विकेट मोहम्मद रिजवान (18) के रूप में गिरा। इसके बाद नोमान अली (शून्य) पर पवेलियन लौट गए। दोनों बल्लेबाजों को साइमन हार्मर ने आउट किया।

शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) रनआउट हुए। आगा सलमान (28) को केशव महाराज ने बोल्ड आउट किया। केशव महाराज ने 50वें ओवर की तीसरी गेंद पर साजिद खान (13) को आउटकर पाकिस्तान की दूसरी पारी का 132 के स्कोर पर अंत कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से साइमन हार्मर (छह विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) मिले। पाकिस्तान को 67 रनों की बढ़त हासिल हुई, और इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने 13वें ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए नोमान अली ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। रायन रिकलटन 25 रन बनाकर नाबाद रहे। एडन मारक्रम ने 42 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने शान मसूद, सऊद शकील और अब्दुल्ला शफीक ने अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से पहली पारी में 333 रनों का स्कोर बनाया था। उसके बाद मुथुसामी (89) और कगिसो रबाडा (71) की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने 404 रनों का स्कोर खड़ा कर 71 रनों की बढ़त हासिल की।

### तीसरा टी-20 बारिश के चलते रद्द इंग्लैंड ने जीती सीरीज

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इसी के साथ क्राइस्टचर्च में दूसरे टी-20 मैच में जीत की बदौलत इंग्लैंड ने तीन मैचों की यह सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। पहला टी-20 मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। यहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। खेल समय पर शुरू हुआ और टिम सीफर्ट ने पहली तीन गेंदों पर दो चौके लगाकर पारी की शुरुआत की, लेकिन बारिश ने पहली बार खेल में खलल डाला और डेढ़ घंटे की देरी हुई। इस देरी के कारण 14 ओवर प्रति टीम का खेल छोटा हो गया। इसी दौरान दूसरे ओवर में ब्रायडन कार्स ने टिम रॉबिन्सन (दो) को आउट किया।

# भारत को पुनः सीओपी 10 ब्यूरो का उपाध्यक्ष चुना गया




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में 20-22 अक्टूबर 2025 तक आयोजित खेलों में डोपिग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (सीओपी 10) के दसवें सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह बैठक इस सम्मेलन की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जो विश्व स्तर पर खेलों में डोपिग को समाप्त करने और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय साधन है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में सचिव (खेल) हरि रंजन राव और राष्ट्रीय डोपिग रोधी एजेंसी (नाडा) के महानिदेशक अनंत कुमार शामिल थे। उन्होंने 190 से अधिक सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अफ्रीकी संघ, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, विश्व डोपिग रोधी एजेंसी (वाडा) और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। कार्यवाही के दौरान, भारत को 2025-2027 की अवधि के लिए एशिया-प्रशांत ब्यूरो (समूह प्ट) का पुनः उपाध्यक्ष चुना गया। अजरबैजान को सीओपी 10 ब्यूरो का अध्यक्ष चुना गया। ब्राजील, जाम्बिया और सऊदी अरब को भी अपने-अपने क्षेत्रीय समूहों के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। भारत ने एंटी-डोपिग कन्वेंशन की यात्रा को प्रदर्शित करने वाले इंटरैक्टिव बोर्ड के प्रावधान की सुविधा प्रदान करके सीओपी 10 सत्र की कार्यवाही को भी अपना समर्थन दिया। बैठक में राष्ट्रीय सरकारों, डोपिग रोधी संगठनों और यूनेस्को के स्थायी प्रतिनिधिमंडलों के 500 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के तहत शासन और अनुपालन को मजबूत करने, खेलों में डोपिग उन्मूलन कोष के वित्तपोषण और जीन हेरफेर, पारंपरिक औषधि-सहिता और खेलों में नैतिकता सहित उभरती चुनौतियों के समाधान पर चर्चा हुई। सीओपी 9 ब्यूरो और अनुमोदन समिति की रिपोर्ट में संस्थागत सुसंगतता, रणनीतिक संचार और अंतर-क्षेत्रीय एकीकरण पर जोर दिया गया।

# बाबर आजम और नसीम शाह की पाकिस्तान की टी-20 टीम में हुई वापसी




**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला और श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय टी-20 टीम में बाबर आजम, नसीम शाह और अब्दुल समद को वापस बुलाया है। टीम में अनकैप्ड उस्मान तारिक को भी जगह मिली हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों टी-20 श्रृंखला 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक रावलपिडी और लाहौर में खेली जाएगी, जिसके बाद 17 से 29 नवंबर तक इन्हीं स्थानों पर त्रिकोणीय श्रृंखला होगी। बाबर और नसीम ने आखिरी बार 2024 के अंत में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले थे और हाल ही में हुए एशिया कप का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उनकी वापसी से अगले साल चार महीने बाद होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके चयन की संभावनाएं बढ़ गई हैं। फखर जमान और हारिस रऊफ, सूफियान मोकिम रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं।

पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय टी-20 टीम इस प्रकार है: सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेट कीपर), सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान (विकेट कीपर) और उस्मान तारिक। इस बीच, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद में तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेंगे। इसके बाद पाकिस्तान 11 से 15 नवंबर तक रावलपिडी में श्रीलंका के साथ एक और एकदिवसीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा। एकदिवसीय मैचों के लिए, नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 16 सदस्यीय टीम की कमान संभालेंगे, जिसमें फैसल अकरम, हारिस रऊफ और विकेटकीपर-बल्लेबाज हसीबुल्लाह की वापसी हुई है।

# रवींद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शनिवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि रवींद्र जडेजा के अगले मैच में खेलने की उम्मीद है। राणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा। पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र अपने घरेलू मैदान पर से भिड़ेगी।

जडेजा को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारत की एकदिवसीय टीम में नहीं चुना गया जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया है ताकि वह अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली

**रणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा**

टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तैयार कर सकें। 36 वर्षीय जडेजा ने आखिरी बार पिछले सीजन में असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था।

उन्होंने उस सीजन में दो मैच खेले थे और दिल्ली के खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ प्लेयर ऑफ द मैच (38 रन, 66 रन पर पांच विकेट और 38 रन पर सात विकेट) बने थे। सौराष्ट्र के लिए कुल 47 रणजी मैचों में उन्होंने 57-60 की औसत से 3,456 रन बनाए हैं और 21-25 की औसत से 208 विकेट लिए हैं। सीजन के अपने पहले मैच में, सौराष्ट्र ने कर्नाटक को पहली पारी में मामूली बढ़त दिलाकर हराया था, जिसमें धर्मेंद्र जडेजा प्रमुख खिलाड़ी साबित हुए थे। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने पहली पारी में 124 रन देकर 7 विकेट सहित कुल 10 विकेट लिए थे। सौराष्ट्र की कमान भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के हाथों में है।




### विश्वजीत मोरे ने अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विश्वजीत मोरे ने 55 किलाग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सर्बिया के नोवी साद में आयोजित अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। कांस्य पदक के मुकाबले में, विश्वजीत ने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए कजाख पहलवान को 5-4 के करीबी स्कोर से हराकर चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक सुनिश्चित किया। विश्वजीत ने अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफिकेशन राउंड में एक रोमानियाई पहलवान पर शानदार जीत के साथ की और अगले राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अमेरिकी पहलवान को हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी।

# शहर से देहात तक हर्षोल्लास से मनाया गया भैया दूज

## बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर इंतजार करती रही भारी भीड़, तो सड़कों पर चौपहिया व दोपहिया वाहनों की लगी कतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी/झबरेड़ा।** गुरुवार को शहर से देहात तक भैया दूज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनें अपने भाई के पास जाने के लिए जहां बसों व ट्रेनों का इंतजार करती रही तो कुछ भाई भी अपने दोपहिया व चौपहिया वाहनों से बहनों के पास भैया दूज का त्यौहार मनाने पहुंचे। दिन पर सडकों पर वाहनों की कतार लगी रही तो बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर भी भारी भीड जुटी रही।

भाई दूज का पर्व रुड़की, लक्सर और देहात क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के लिए व्रत रखा और शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की दुआ मांगी। वहीं, दिनभर बहनें भाइयों तो भाई बहनों के घर पहुंचते रहे। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने भी भाई दूज का पर्व मनाया।

दीपावली के साथ ही भाई-बहन के पावन प्रेम का प्रतीक यम द्वितीया का अपना विशेष महत्व है। बहनें भाई



की मंगल कामना कर अपने को धन्य मानती हैं। भैया दूज हिंदू समाज में भाई-बहन के पवित्र रिश्तों का प्रतीक है। बहनें अपने भाई की दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना करती हैं तो वहीं भाई भी शगुन के रूप में अपनी बहन को उपहार स्वरूप कुछ भेंट देते हैं। शनिवार को सुबह से ही रुड़की, लक्सर, भगवानपुर, झबरेड़ा, कलियर, मंगलौर और नारसन क्षेत्रों में बहनें और भाइयों का एक-दूसरे के घर आने जाने का सिलसिला शुरू हो गया। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर भाई दूज का पर्व मनाया और उनके दीर्घायु की कामना की। वहीं, बाजारों में बहनों को गिफ्ट देने के लिए भाइयों की भीड़ लगी रही। किसी ने बहन को चॉकलेट, कपड़े तो किसी ने मोबाइल गिफ्ट किया। इस बीच छोटे-छोटे बच्चों ने भी धूमधाम से भाई दूज का पर्व मनाया।

वहीं दूसरी ओर कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में भैया दूज का त्यौहार



हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों द्वारा अपने भाइयों को टीका लगाकर भगवान से दीर्घायु व सुख शांति की कामना की गई। भैया दूज का त्यौहार कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भाई अपनी बहन के यहां सामर्थ के अनुसार उपहार व फल फूल लेकर जाते हैं। बहन अपने भाइयों को टिका कर भगवान से सुख शांति की कामना करती है। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में भैया दूज का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। किवदंती है कि यमुना द्वारा अपने भाई यम देवता को कई बार अपने घर बुलाया था। यम देवता कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष के द्वितीय तिथि को अपनी बहन यमुना के यहां गए थे ।अपने भाई को देखकर यमुना बहुत खुश हुई तथा भाई को टिका कर उसे बड़े ही प्यार से खाना खिलाया ।यमुना ने अपने भाई यम देवता से वरदान मांगा कि इस दिन जो भी भाई अपनी बहन के यहां जाकर टिका करवा कर वहां पर भोजन ग्रहण करेगा उस भाई की कभी अकाल मृत्यु न हो । यम देवता ने भी अपनी बहन को यह वचन दिया था कि कार्तिक मास की द्वितीया तिथि को जो भाई अपनी बहन के यहां जाकर टिका करवा कर भोजन प्राप्त करेगा उसकी कभी अकाल मृत्यु नहीं होगी। उसी समय से भैया दूज का त्यौहार मनाया जाता है।





# शराब के नशे में किशोर पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस ने बच्चों द्वारा पटाखे फोड़ने को लेकर हुए उन पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गिरफ्तार की पुलिस और तहसीलदार लक्सर की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई की है।शेर सिंह पुत्र सुलहड़ सिंह, निवासी ग्राम भिक्कमपुर जीतपुर ने कोतवाली लक्सर में तहरीर दी थी। ने बताया कि उनके बच्चे अपने साथियों के साथ गांव में पटाखे फोड़ रहे थे। इसी दौरान उनका गांव के ही गोरधन उर्फ दिलेराम पटाखा फोड़ने पर गोरधन ने, जो शराब के नशे में था, उनके बच्चे व उनके साथियों पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया, जिससे वादी के बच्चे सहित कुल 4 बच्चे झुलस गए। तत्काल वादी की तहरीर पर लक्सर पुलिस में अभियोग पंजीकृत कर उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया।पुलिस की तत्परताज्वलनशील पदार्थ से बच्चों को झुलसाने की इस सनसनीखेज घटना को एसएसपी हरिद्वार ने गंभीरता से लेते हुए, एसपी ग्रामीण और सीओ लक्सर को निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक लक्सर ने तत्काल फिल्ड यूनिट टीम को मौके पर बुलाया। सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर त्वरित कार्रवाई करते हुए, घटना में शामिल मुख्य आरोपी गोरधन उर्फ दिलेराम को दिनांक को भिक्कमपुर क्षेत्र से गिरफ्तारकरलियापूछताछ में आरोपी गोरधन उर्फ दिलेराम ने घटना को स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से घटना में प्रयुक्त ज्वलनशील पदार्थ की कैन भी बरामद की। आरोपी ने बताया कि उसने यह ज्वलनशील पदार्थ कस्बा लक्सर में मामचंद पन्सारी नाम की दुकान से खरीदा था, जिसे शिवा पुत्र संजय निवासी मेन बाजार लक्सर चला रहा है।इस जानकारी के बाद, लक्सर पुलिस ने उपजिलाधिकारी लक्सर को अवगत कराया, जिन्होंने तहसीलदार लक्सर को नियुक्त किया। लक्सर पुलिस ने तहसीलदार के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की और दुकानदार की दुकान से 18 जेरीकैन में लगभग 800 लीटर अवैध ज्वलनशील पदार्थ बरामद किया। पुलिस को भनक लगते ही दुकानदार फरार हो गया, जिसके विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। पुलिस दुकानदार के लाइसेंस की जानकारी कर रही है।गिरफ्तार अभियुक्त गोरधन उर्फ दिलेराम को न्यायालय के पेश किया जा रहा है गोवर्धन उर्फ दिलेराम पुत्र मुकन्दा राम, कि निशान देही पर।बरामदगी:घटना में प्रयुक्त ज्वलनशील पदार्थ की कैन। पंसारी की दुकान से बरामद ज्वलनशील पदार्थ की 18 जेरीकैन में लगभग 800 लीटर।पुलिस टीम में प्रभारी कोतवाली लक्सर राजीव रौथान, व0उ0नि0 लोकपाल परमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# तीन लोगों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा गुरुवार को थाने में तहरीर देकर अपनी पत्नी के साथ गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम बिंदु खडग निवासी कुशल पाल द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार की शाम उसकी पत्नी गांव में ही दूसरे मोहल्ले में जा रही थी उसी समय रास्ते में गांव के ही निवासी सेठपाल व उसके दो पुत्र टिंकू तथा राहुल ने पत्नी का रास्ता रोक लिया तथा उसे गाली गलौज करने लगे गाली देने से मना करने पर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। झगड़ा होने का शोर सुनकर कुछ मोहल्ले वासी वहां पर आ गए ।लोगों को इकट्ठा होते देख उक्त हमलावर मेरी पत्नी को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पुलिस की छापेमारी, एक कुंतल गौमांस व उपकरण बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा गौतस्करों पर लगातार की जा रही कार्यवाही में मौके से 100 किलोग्राम गौमांस व 03 अदद मो0सा0 व गौकशी उपकरण बरामदगी तथा 04 गौतस्कर मौके से फरार हो गये है।

जानकारी के अनुसार दिनांक-22/10/2025 को थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम खेलपुर के रियासत चौयरमैन के भाई शराफत के गन्ने के खेत से पहले ग्राम खेलपुर का रिजवान पुत्र मुकर्रम अपने अन्य साथियों उस्मान पुत्र सुलेमान, इकरार पुत्र कबीर नि0-गण ग्राम सिरचन्दी भगवानपुर जनपद-हरिद्वार व रहीश पुत्र बाबन नि0-ग्राम सिकंदरपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार के साथ मिलकर 01 गाय व 01 बैल को काट कर उसके मांस की काट छांट कर रहे है यदि आप जल्दी करोगे तो वो लोग पकडे जा सकते हैं। सूचना पर यकीन कर मौके पर पहुंचे तो ये चारों ब्यक्ति गौंवंश का बध करके मांस की काट-छांट कर रहें थे, जहा पर उक्त चारों ब्यक्ति मोबाइल की रौशनी भी जला व बुझा रहें थे पुलिस द्वारा एक बारगी की दबिश दी गयी तो मौके पर मांस की काट छांट कर रहे चारों व्यक्तियों ने एक दुसरे का नाम लेते हुए चारों ब्यक्ति रिजवान, उस्मान,इकरार, रहीश, भागो भागो पुलिस आ गयी और ग्राम खेलपुर की तरफ अन्दर गन्ने के खेतो की ओर भाग गये चारों व्यक्ति गन्ने के खेतो में अँधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गये। उक्त घटनास्थल पर करीब 100 किलोग्राम गोमांस प्लास्टिक की पन्नियों में अलग-अलग भरा है, व 04 खुर, 01 खाल लाल रंग गौवंश के व एक आधा गला कटा हुआ मृत बैल काले रंग का 03 मो0सा0, गौकशी उपकरण,बरामद हुये बरामदगी माल व तथा मौके से फरार अभि0गणो के विरूद् थाना हाजा पर मु0अ0सं0 374/2025 धारा 3/5/11 उत्तराखण्ड गौवंश संरक्षणअधिनियम पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में माल/मुल्जिमान की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

# पोस्ट ऑफिस के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** इकबालपुर पोस्ट ऑफिस के बाहर खड़ी एक व्यक्ति की बाइक उस समय चोरी हो गई जब वह पोस्ट ऑफिस के अंदर किसी काम से गया था। व्यक्ति द्वारा गुरुवार को थाने में तहरीर देकर अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्राम मौलना निवासी अंकित कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह 17 अक्टूबर को इकबालपुर स्थित पोस्ट ऑफिस में किसी काम से गया था। पोस्ट ऑफिस के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर पोस्ट ऑफिस के अंदर गया तथा पोस्ट ऑफिस के बाहर अपना काम निपटा कर आया तो वहां पर उसकी बाइक नहीं मिली। आसपास पता करने पर भी बाइक का कोई पता नहीं चल पाया। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

# पुलिस ने एक वारण्टी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 01 वारण्टी को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के द्वारा मा0 न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी के द्वारा उप निरीक्षक आनंद मेहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्ट की तामील कर 01 वारण्टी रफीक पुत्र असगर निवासी मकान नंबर 311 पिरान कैरियर निकट बड़ी दरगाह थाना कलियर जनपद हरिद्वार को निकट बड़ी दरगाह कलियर से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपी पर वाद संख्या 1864/23/ धारा 138 लगायी है। पुलिस टीम'1. उप निरीक्षक आनंद मेहरा 2 हेड कांस्टेबल विपिन 3. कांस्टेबल सुरेश तोमर शामिल रहे।

# लंढौरा ढाई घंटे तक जाम के झाम में फंसे रहे यात्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** भैया दूज पर्व पर कस्बे में वाहनों की भारी आवाजाही रही जिस कारण सुबह से लेकर दोपहर बाद तक जाम की स्थिति बनी रही। मुख्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगने के कारण कस्बे में करीब ढाई घंटे तक यातायात बाधित रहा। भैया दूज के त्योहार पर लोगों के घरों और रिश्तेदारों के यहां आने जाने से वीरवार की सुबह से ही सड़कों पर वाहनों का दबाव काफी दबाव बढ़ गया। कस्बे के मंगलौर मार्ग रुड़की-लक्सर मार्ग पर करीब ढाई घंटे तक जाम लगा रहा। इस दौरान रंगमहल मार्ग, रेलवे स्टेशन मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। लोगों का कहना है कि सुबह करीब 11 बजे जाम लगने लगा था। इसके बाद करीब दोपहर 2 बजे तक जाम लगा रहा। ढाई घंटे तक जाम में फंसे रहने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, दुकानदार जोगेंद्र, अनिल, तौसीफ, वरुण, हसीन हैदर, सद्दाम, अजय, नौशाद आदि लोगों का कहना है कि लंढौरा में जाम लगना अब आम बात हो गई है। कस्बे के रुड़की लक्सर मार्ग तथा रेलवे स्टेशन मार्ग पर फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा किया गया अतिक्रमण भी जाम लगने में मददगार साबित होता है। नगर पंचायत ईओ हेमंत गुप्ता का कहना है कि समय समय पर दुकानदारों को चेतावनी दी जाती रहती है। शीध ही अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

# लाइसेंसी पिस्टल से हवाबाजी दिखाने वाला युवक गिरफ्तार, पिस्टल ली कब्जे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंग नहर क्षेत्र के रामनगर में एक युवक को लाइसेंसी पिस्टल से हवाबाजी करना भारी पड़ गया गया। पुलिस ने लाइसेंसी शस्त्र का दिखावे पन में हर्ष फायरिंग कर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल वीडियो करने वाले के खिलाफ कारवाई करते हुए लाइसेंस शस्त्र को कब्जे में लेकर



शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली गंग नहर क्षेत्र के रामनगर में एक युवक को लाइसेंसी पिस्टल से हवाबाजी करना भारी पड़ गया गया। बुधवार रात गश्त पर निकले पुलिस कर्मियों को रामनगर लेबर चौक पर मुखबिर द्वारा बताया गया कि दिपावली की रात में मुरारी लाल ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से हवा में फायरिंग की गई, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। उक्त सूचना के आधार पर आरोपी शास्त्र लाइसेंस धारक मुरारी लाल पुत्र स्वर्गीय महेंद्र कुमार निवासी गली नंबर 3 प्रेम नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक आशीष कुमार और कांस्टेबल प्रीतम आदि शामिल रहे।

# विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी पकडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** देहरादून से आई विजिलेंस टीम तथा ऊर्जा विभाग की टीम द्वारा गुरुवार को ग्राम बूडपुर में छापा मारकर एक व्यक्ति को बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। बिजली चोरी करने वाले के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। विद्युत आवर अभियंता सिमायला द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उन्होंने विजिलेंस टीम के साथ मिलकर ग्राम बूढ़पुर में छापा मार कर गांव के निवासी शिवकुमार को विद्युत चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। उक्त अपने घर के बाहर जा रही विद्युत लाइन पर सीधे विद्युत केबल डालकर बिजली चोरी कर रहा था। विभाग द्वारा विद्युत केबल को जप्त कर लिया गया है।

# घर में आया विशाल अजगर, मचा हड़कंप, वन विभाग ने किया रेसक्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के नेहन्दपुर टोका से वन विभाग की टीम ने विशालकाय अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया है वन रेंज अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि सूचना मिली थी की नेहन्दपुर टोका बलजिंदर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह के आंगन में एक विशालकाय अजगर आ गया है जिसकी लंबाई लगभग 17 फिट है तुरंत ही वहां पर वन विभाग की टीम को भेजा गया जिसमें सुमित कुमार सैनी शिवकुमार गुप्ता गुंरजट सिंह को भेजा गया वन विभाग की टीम ने जान की परवाह किए बगैर उस विशालकाय अजगर का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया उन्होंने यह भी कहा के विशालकाय अजगर को पकड़े जाने के बाद बलजिंदर सिंह के परिवार ने राहत की सांस ली उन्होंने यह भी कहा कि अगर कहीं भी कोई इस तरह का वन्य जीव दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत ही वन विभाग के कर्मचारियों को दें जिससे वह किसी को कोई बड़ा नुकसान न पहुंचा दे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला झूली फांसी पर

## परिजनों में मचा हड़कंप, ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लकसर।** पथरी थाना क्षेत्र के बुक्कनपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकने से एक महिला की मौत हो गई, जिससे महिला के परिजनों में हड़कंप मच गया। महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है और पुलिस में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।बृजपाल ऊर्फ छोटा पुत्र जयपाल, निवासी वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर, नगर पालिका परिषद, लक्सर ने बताया कि उन्होंने करीब 6 वर्ष पहले अपनी लड़की कविता की शादी बुक्कनपुर में सोनू पुत्र विक्रम के साथ की थी। उनकी पुत्री के दो बच्चे हैं। बृजपाल का आरोप है कि शादी के बाद से ही उनकी लड़की के ससुराल पक्ष के लोग उसे परेशान कर रहे थे।उन्होंने बताया कि कल दिन में करीब 5:15 बजे उन्हें सूचना दी गई कि उनकी लड़की दरवाजा नहीं खोल रही है। वह अपने गांव वालों के साथ मौके पर पहुंचे, तो दरवाजे पर हाथ लगाते ही वह खुल गया, जो अंदर से बंद नहीं था। उन्होंने देखा कि उनकी लड़की के गले में रस्सी बंधी थी और वह लटकी हुई थी। बृजपाल ने आशंका जताई है कि इन लोगों ने उनकी लड़की को मार दिया हैउन्होंने बताया कि वह आज पथरी थाने में अपनी लड़की के ससुराल पक्ष के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर देने आए हैं और मांग की है कि उनकी लड़की के हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए।वहीं, संजीव



कुमार ने कहा कि उनके गांव के बृजपाल ऊर्फ छोटे की लड़की की फांसी पर लटक कर जान देने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि आज सभी गांव वाले कविता के ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।इस संबंध में पथरी थाना अध्यक्ष मनोज नौटियाल ने कहा कि सूचना मिली थी कि एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच प्रचलित है।

# भैया दूज पर झबरेड़ा में लगा रहा भारी जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे से होकर निकलने वाली मुख्य सड़क पर बुधवार को भैया दूज के त्योहार पर वहां से होकर निकलने वाले वाहनों का लंबा जाम लगने से वहां से आने जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दो पहिया व चौपाइयां वाहनों का दोपहर के समय लगभग 2 घंटे जाम लगा रहा। पुलिस को जाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

जानकारी के अनुसार बुधवार को भैया दूज के त्योहार पर कस्बे के बाजार तथा कस्बे के बीच से होकर निकलने वाली मुख्य सड़क पर चौपाइयां व दो पहिया वाहनों का जाम लग गया। शिव चौक व अमर जवान चौक पर वाहनों का लंबा जाम लगने से वहां से होकर निकलने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस को भी जाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। भैया दूज के इस अवसर पर अधिकतर लोग अपनी-अपनी कार व दो पहिया वाहनों से अपनी अपनी बहनों के यहां टिका करवाने के



लिए गए। पूरे दिन कस्बे से होकर निकलने वाली मुख्य सड़क से वाहन रेंग कर चलते रहे। कस्बे के मुख्य बाजार में मिठाइयों की दुकानों पर ग्राहकों की काफी भीड़ लगी रही।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

# मुलाकात पर विराम

22वें आसियान भारत शिखर सम्मेलन में जोकि 26 से 28 अक्टूबर तक मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में हो रहा है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच होने वाली मुलाकात पर विराम गुरुवार को उस समय लग गया, जब पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से शिरकत करने की जानकारी दी। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर पीएम मोदी 26 अक्टूबर को आसियान शिखर सम्मेलन में वर्चअुल माध्यम से भाग लेंगे। वक्तव्य में यह भी कहा गया कि पीएम मोदी और आसियान नेता संयुक्त रूप से आसियान भारत संबंधों में प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। भारत का यह भी कहना है कि आसियान के साथ संबंधों को मजबूत करना उसकी नीति और हमारे हिन्द प्रशांत दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ है। वक्तव्य में यह भी कहा गया कि भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर 27 अक्टूबर को क्वालालंपुर में 20वें पूर्वी एशियाई शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट के माध्यम से कहा कि उनकी मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बात हुई जिसमें उन्होंने आसियान की अध्यक्षता के लिए बधाई दी और आगामी सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं दीं। मोदी की पोस्ट की प्रतिक्रिया में मलेशिया के पीएम ने एक पोस्ट में बताया कि भारतीय पीएम ने उन्हें फोन किया और व्यापार निवेश प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मुद्दे पर चर्चा की और श्री मोदी ने उन्हें बताया कि वह शिखर सम्मेलन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे, क्योंकि भारत में इस समय त्योहार चल रहे हैं। असल में भारत–अमेरिका में व्यापार समझौतों को लेकर अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है और यह कयास लगाए जा रहे थे कि आसियान शिखर सम्मेलन में ट्रम्प और मोदी के बीच मुलाकात के दौरान इसमें कोई प्रगति हो सकती है, लेकिन अब जबकि पीएम मोदी मलेशिया नहीं जा रहे हैं, तो दोनों के बीच मुलाकात की संभावना खत्म हो गई है। जाहिर है, राजनीतिक जानक. ार पीएम के इस सम्मेलन से वर्चुअल माध्यम से जुड़ने के पीछे अमेरिका और भारत के बीच पिछले कुछ समय से खट्टे मीठे रिश्ते चल रहे हैं। ट्रम्प पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त भी बताते हैं, लेकिन साथ ही साथ ऐसी हरकतें करते हैं जिससे उनके सामने असहज स्थिति पैदा हो जाती है। भले ही मलेशिया न जाने के पीछे भारत में हो रहे त्योहार भी एक कारण रहा हो, लेकिन यह भी सच है कि भारत और अमेरिका के बीच इस समय रिश्ते नाजुक दौर से गुजर रहे हैं।

## गगनयान मिशन की तैयारियां तेज




भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं, अब तक मिशन से जुड़ा लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है, गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इसके लिए कई जटिल तकनीकों को विकसित करना पड़ा है, इस मिशन के लिए राकेट को मानव उड़ान के लिए उपयुक्त बनाना था, आर्बिटल माड्यूल तैयार करना था और पर्यावरण नियंत्रण व सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी थी। इसके अलावा, क्रू एस्केप सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और अन्य मानव–संबंधी तकनीकें भी बनानी पड़ीं, अब तीन बिना मानव वाले मिशनों को पूरा करना बाकी है। इन मिशनों के सफल होने के बाद ही अंतरिक्षयात्रियों को भेजा जाएगा।

**–वी. नारायणन, इसरो प्रमुख**

# जन नायक राहुल गांधी पटना कब जाएंगे





उर्मिलेश

**बिहार के महागठबंधन में पिछले कुछ दिनों से जो कांग्रेस के तीन–चार लोगों ने चारों तरफ रायता फैला दिया था। इन नेताओं के टीम। लीडर थे अल्लाव। अब उलझे मसलों को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आज भेजा। उनकी लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और मंगनी मंडल आदि से बातचीत हुई। समझा जाता है कि कई उलझे मसलों को सुलझाया गया है। फैसलों की घोषणा कल महागठबंधन के सभी नेताओं की साझा प्रेस कांफ्रेंस में होगी। उलझे मसलों में एक है महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा। यह घोषणा पहले ही हो गई होती, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व इस पर अब तक हिचकिचाता रहा है। अल्लाव से राहुल गांधी तक, सभी नेता इस बारे में पूछे सवाल के जवाब में कुछ भी साफ–साफ कहने से इंकार करते आ रहे हैं। सच पूछिए तो कुछ सीटों पर हो रही फ्रेंडली कांटेस्ट जैसी यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। गठबंधन में तेजस्वी के अलावा मुख्यमंत्री पद का कोई और दावेदार नहीं है।**

चुनाव लड़ने वाली हर पार्टी चाहती है और चाहना चाहिए कि आगामी चुनाव में उसका प्रदर्शन पिछले चुनाव के मुक. ाबले बेहतर हो। इसके लिए समझदार नेतृत्व वाली पार्टियां पिछले चुनाव की अपनी कमजोरियों से सबक लेती हैं।

बिहार के विपक्षी गठबंधन में शामिल पार्टियों ने क्या अतीत की अपनी कमजोरी से कोई सबक लिया है या लेती नजर आ रही हैं ? पहले कांग्रेस की चर्चा करते हैं, वह देश की सबसे पुरानी और अनुभवी पार्टी है, वैचारिक रूप से आज वह राष्ट्रीय स्तर पर INDIA एलायंस का नेतृत्व भी कर रही है, लेकिन मेरे हिसाब से इस चुनाव में वह भारी गलतियां करती नजर आ रही है, अतीत से कोई सबक न लेने वाली पार्टियों में उसका रिकॉर्ड सबसे खराब है।

पिछले चुनाव (2020) में उसका स्ट्राइक रेट सबसे खराब था, गठबंधन में उसने अपने राष्ट्रीय पार्टी के दबदबे का इस्तेमाल किया और जिद करके 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन वह मात्र 19 सीट पर ही जीत सकी, राष्ट्रीय जनता दल ने 144 सीटों पर उम्मीदवार दिए थे, उसे 75 सीटों पर कामयाबी मिली। सीपीआई–माले को लड़ने के लिए गठबंधन ने सिर्फ 19 सीटें दीं उसने 12 पर जीत हासिल की, इस तरह स्ट्राइक रेट के हिसाब से सीपीआई–माले नंबर वन और राष्ट्रीय जनता दल दूसरे नंबर पर रहा, कांग्रेस फिसड्डी रही, उसके कम स्ट्राइक रेट को भी महागठबंधन की सरकार न बनने के कारणों में शुमार किया गया। ऐसे में कांग्रेस का यह कर्तव्य बनता था कि वह अपने संगठन की सक्रियता और उम्मीदवारों के चयन पर ज्यादा सजग रहती, लेकिन असलियत उसके उलट रही। बिहार में बीते काफी समय से कांग्रेस की कोई प्रांतीय कमेटी तक नहीं है, सिर्फ एक अध्यक्ष है और केंद्रीय संगठन से भेजा एक राज्य प्रभारी! यही दोनों पूरे बिहार कांग्रेस का संगठन चलाते हैं, दोनों में, ज्यादा असरदार राज्य प्रभारी है क्योंकि वह केंद्रीय नेतृत्व का दूत है।

ये दोनों मिलकर पूरे राज्य में विधिवत संगठन तो नहीं बना सके, 2025 चुनाव के लिए 34–40 अच्छे उम्मीदवार भी नहीं खोज सके, लेकिन लड रहे हैं 60 या 61 सीटों पर। पिछली बार की 70 संख्या से 10 नीचे उतरे हैं। मेरे हिसाब से कांग्रेस को 45–50 से ज्यादा सीटों पर नहीं लडना चाहिए था, बची हुई 10 सीटें वामपंथी दलों को दे देनी चाहिए थी। अपने संगठन और महागठबंधन के जनाधार के बल पर वे कांग्रेस के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करते।राष्ट्रीय जनता दल को भी अपनी सूची से यादव समुदाय के 51 उम्मीदवारों की संख्या घटानी चाहिए थी और अति पिछड़े वर्ग EBC के प्रत्याशियों का प्रतिनिधित्व और बढ़ाना चाहिए था।

कांग्रेस ने जिस तरह की उम्मीदवार सूची जारी की है, वह सिर्फ महागठबंधन के लिए ही नहीं, स्वयं उसके लिए भी आत्मघाती साबित हो सकती है। अगर पांच साल बाद फिर ऐसे आत्मघात की पुनरावृत्ति से बचना है तो सिर्फ एक ही विकल्प है। जननायक राहुल गांधी अब और समय गंवाए बगैर बिहार जाकर कैम्प करें और हर दिन ज्यादा से ज्यादा चुनाव सभाएं करें। उन्हें एक और कदम उठाना होगा, चुनाव के दौरान अचानक कांग्रेस के स्वघोषित नेता बनकर अवतरित होने वाले कुछ बड़बोले नेताओं की ऊटपटांग बयानबाजी को भी वह नियंत्रित करें। अगर वह ऐसा नहीं कर पाए तो बिहार में कांग्रेस और महागठबंधन का बंटाधार अवश्यंभावी है।

बिहार के महागठबंधन में पिछले कुछ दिनों से जो कांग्रेस के तीन–चार लोगों ने चारों तरफ रायता फैला दिया था। इन नेताओं के टीम। लीडर थे अल्लाव। अब उलझे मसलों को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आज भेजा। उनकी लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और मंगनी मंडल आदि से बातचीत हुई। समझा जाता है कि कई उलझे मसलों को सुलझाया गया है। फैसलों की घोषणा कल महागठबंधन के सभी नेताओं की साझा प्रेस कांफ्रेंस में होगी। उलझे मसलों में एक है महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा। यह घोषणा पहले ही हो गई होती, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व इस पर अब तक हिचकिचाता रहा है। अल्लाव से राहुल गांधी तक, सभी नेता इस बारे में पूछे सवाल के जवाब में कुछ भी साफ–साफ कहने से इंकार करते आ रहे हैं। सच पूछिए तो कुछ सीटों पर हो रही फ्रेंडली कांटेस्ट जैसी यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। गठबंधन में तेजस्वी के अलावा मुख्यमंत्री पद का कोई और दावेदार नहीं है। फिर कांग्रेस को इसे घोषित करने में क्या समस्या आ रही है। वह भी तब जबकि कांग्रेस को छोड़कर गठबंधन के सारे घटक दल तेजस्वी को ब्ड चेहरा बनाने के विचार से सहमत हैं। तो क्या माना जाए, हर काम–हर फैसला देर से करने वाली कांग्रेस कल पटना में आयोजित साझा प्रेस कांफ्रेंस में इस आशय की घोषणा करने के पक्ष में उतरेगी?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राहुल की इमरतियां बिहार को डरा तो नहीं रहीं

**देश देखना यह चाहता है कि 14 नवम्बर के ऐतिहासिक दिन को राहुल इंडिया ब्लॉक के लिए इमरतियों का स्वाद चखने जैसा रख पाते हैं या नहीं ? देश इस बात पर आपा नहीं खोना चाहेगा कि नतीजों की घोषणा के साथ ही राहुल गांधी फिर किसी लंबी छुट्टी पर विदेश रवाना हो गए हैं। बिहार में चुनाव लड़ रहे प्रमुख राजनीतिक दलों को अपनी हार के कारणों की समीक्षा बजाय 14 नवम्बर को नतीजे प्राप्त होने के बाद करने के कमिटियां बनाकर अभी से प्रारंभ कर देना चाहिए। निश्चित ही निष्कर्ष वैसे ही प्राप्त होंगे जैसे नतीजों की घोषणा के बाद होने वाले होंगे।**



श्रवण गर्ग

बिहार चुनावों को लेकर विपक्षी महागठबंधन के विभिन्न घटकों के बीच चल रही तनातनी और उसमें कांग्रेस की भूमिका ने उन तमाम लोगों के मन में सवाल खड़े कर दिए हैं जिन्होंने बीजेपी और संघ की नीतियों के खिलाफ लड़ाई में अपने भाग्य को राहुल गांधी के नेतृत्व के साथ नत्थी कर रखा है। भय उत्पन्न होने लगा है कि राहुल की लड़ाई के प्रति दिए जा रहे समर्थन को क्या चुनाव–नतीजों की घोषणा तक अस्थाई कर दिया जाना चाहिए?

मोदी के सत्ता में आने के बाद पिछले 11 सालों के दौरान चले घटनाक्रम, विशेषकर 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद, कांग्रेस कई बार सिद्ध कर चुकी है कि उसने जनता को निराश करने की अपार क्षमताएं अर्जित कर ली हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच प्रकट हुआ तनाव कोई अपवाद नहीं बल्कि उसके विफल होने की दिशा में एक और प्रयोग दिखाई पड़ रहा है। कहना मुश्किल है कि विपक्ष की सफलता का रहस्य मतदान के ठीक पहले अपेक्षित राहुल के किसी विस्फोटक चमत्कार में छुपा हुआ है या इन उम्मीदों में कि प्रशांत किशोर द्वारा खड़े किए गए 240 उम्मीदवार एनडीए के वोट बैंक में निर्णायक सैंध लगा सकते हैं। ऐसी किसी भी परिस्थिति के नायक तब प्रशांत किशोर माने जाएंगे राहुल गांधी नहीं। राहुल गांधी द्वारा किए जाने वाले 'हाइड्रोजन बम' विस्फोट की प्रतीक्षा अभी खघ्त्म नहीं हुई है। उसका बिहार में कम और देश–दुनिया में ज्यादा इंतजार हो रहा है। इसमें यह भी शामिल है कि 'खोदा पहाड़, निकली चुहिया' वाली स्थिति में सफाई क्या दी जाएगी?

जिस तरह की खबरें बिहार से बाहर निकलकर देश के हिस्सों में पहुंच रही हैं डराती हैं कि विपक्ष की जो लड़ाई संविधान और वोटर अधिकारों की रक्षा को लेकर प्रारंभ हुई थी वह किस तरह देखते ही देखते किसी भी कीमत पर सत्ता में हिस्सेदारी प्राप्त करने के कुर्ता फाड़ संघर्ष में तब्दील हो गई। इसी बीच अपने ही द्वारा खड़े किए गए महत्वाकांक्षी परिदृश्य से राहुल गांधी ने स्वयं को चुपचाप अनुपस्थित भी कर लिया। महागठबंधन का सर्वमान्य नेता इस समय कौन है खबरों को पता नहीं ! राहुल गांधी द्वारा पार्टी के दूसरे हिन्दी–भाषी राज्यों में व्याप्त असंतोष और पराजय के लिए दोषी ठहराए जा चुके सेनापतियों को ही बिहार की आग बुझाने के काम में झोंका गया है।

बिहार चुनावों के जरिए राहुल गांधी जो सिद्ध करना चाह रहे थे वह महागठबंधन के घटक दलों की आपसी नाराजगी के बीच लगभग गुम हो चुका है। जो नजर आ रहा है वह सिर्फ यह है कि बीजेपी ने किसी भी कघ्मित पर बिहार को खघ्रीदने के लिए समस्त उपलब्ध संसाधनों और संस्थाओं को झोंक दिया है ! थोड़े शब्दों में बड़ी बात कहना हो तो बिहार विजय के जरिए मोदी राहुल गांधी नहीं बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष देश पर अपनी पकड़ और जनता के समर्थन का प्रदर्शन करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए कि विधानसभा चुनावों में एनडीए की हार को नीतीश सरकार के खिलाफ बिहार की जनता का वोट नहीं बल्कि मोदी की हुकूमत के प्रति देश का अविश्वास माना जाएगा। सत्तारूढ़ दल की सां. प्रदायिक और विभाजनकारी नीतियों का विरोध करने वाले तमाम लोग बिहार में महागठबंधन की विजय की यही मानते हुए प्रतीक्षा कर रहे हैं कि परिणाम उस 'इंडिया ब्लॉक' को राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्जीवित करेंगे जिसे बीजेपी के मार्गदर्शन में ध्वस्त करने में प्रमुख भूमिका नीतीश कुमार की रही है। चुनाव के नतीजे उन लाखों–करोड़ों लोगों के मनोबल को मजबूत या कमजोर करने वाले हैं जिन्होंने अपने संवैधानिक अस्तित्व को बिहार से बीजेपी और राजनीति से नीतिश कुमार की विदाई के साथ जोड़ रखा है। मीडिया अभी तो यही दिखला रहा है कि बिहार में महागठबंधन की लड़ाई अकेले तेजस्वी लड़ रहे हैं और राहुल पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में 'घंटेवाला स्वीट्स' के यहां इमरतियां तल रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता पर उठते सवाल



योगेश कुमार गोयल

वर्ष 1945 में दुनिया के 50 देशों ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर हस्ताक्षर कर संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन किया था, जिसके बाद से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है। दरअसल द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अधिक समतापूर्ण और न्यायोचित बनाने के लिए एक नए संगठन की स्थापना का विचार उभरा था, जो पांच राष्ट्रमंडल सदस्यों तथा आठ यूरोपीय निर्वासित सरकारों द्वारा 12 जून 1941 को लंदन में हस्ताक्षरित अंतर–मैत्री उद्घोषणा में पहली बार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त हुआ था। उस उद्घोषणा के अंतर्गत एक स्वतंत्र विश्व के निर्माण हेतु कार्य करने का आव्हान किया गया था, जिसमें लोग शांति और सुरक्षा के साथ भयमुक्त वातावरण में रह सकें तथा निजीकरण एवं आर्थिक सहयोग के मार्ग की खोज कर सकें। उसके बाद 1944 में सोवियत संघ, अमेरिका, चीन तथा ब्रिटेन के प्रतिनिधियों द्वारा वाशिंगटन के डम्बर्टन ओक्स एस्टेट में कई बैठकों के आयोजन के बाद एक शांतिरक्षक वैश्विक संस्था बनाने की रूपरेखा तैयार की गई, जिसके आधार पर 50 देशों के प्रतिनिधियों के बीच 1945 में बातचीत हुई और 26 जून 1945 को सभी 50 देशों द्वारा चार्टर पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद यह चार्टर 24 अक्तूबर 1945 से प्रभावी हो गया। तभी से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' मनाया जाने लगा।

अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में हस्तक्षेप करने के उद्देश्य से स्थापित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ को इतनी शक्तियां प्रदान की गई कि वह अपने सदस्य देशों की सेनाओं को विश्व शांति के लिए कहीं भी तैनात कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से ही दुनिया के अनेक देश इसके साथ जुड़ते गए और 50 सदस्यों के साथ शुरू हुए इस वैश्विक संघ के सदस्य देशों की संख्या अब 193 हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की संरचना में सुरक्षा परिषद वाले सबसे शक्तिशाली देश थे अमेरिका, फांस, रूस तथा यूनाइटेड किंगडम, जिनकी द्वितीय विश्वयुद्ध में अहम भूमिका थी। संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्यों में युद्ध रोकना, मानवाधिकारों की रक्षा करना, सभी देशों के बीच मित्रवत संबंध कायम करना, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को निभाने की प्रक्रिया जुटाना, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, निर्धन तथा भूखे लोगों की सहायता करना, उनका जीवन स्तर सुधारना, बीमा. रियों से लड़ना इत्यादि शामिल हैं और इन उद्देश्यों को निभाने के लिए 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा प्रमाणित की गई।

हालांकि विडम्बना है कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के इन 80 वर्षों में यह वैश्विक संस्था अब धीरे–धीरे अपनी प्रासंगिकता खोने लगी है। दरअसल बीते 80 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अर्थव्यवस्था, हथियार, मीडिया, समाज, मुद्रा तथा समाज से संबंधित तमाम नीतियां इसके पांच स्थाई सदस्य देशों ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, रूस तथा फ्रांस के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप ही निर्धारित की जाती रही हैं, जिस कारण ऐसी नीतियों का खामियाजा भारत के अलावा जापान, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, इजरायल, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, सऊदी



अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई अन्य देशों को भुगतना पड़ा है, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा की स्थाई सदस्यता के लिए तमाम मानदंडों को पूरा करने के बाद भी दशकों से सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य बनने के लिए प्रयासरत हैं।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के आठ दशकों में विश्व के सामरिक और आर्थिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं लेकिन इतना लंबा समय बीत जाने और तमाम वैश्विक समीकरण पूर्ण रूप से बदल जाने के बावजूद वीटो अधिकार वाले पांचों स्थाई सदस्यों में से कोई भी अपने वीटो अधिकार और स्थाई सीट को छोड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर संयुक्त राष्ट्र में आम सहमति है लेकिन चीन को खासकर एशिया से वीटो अधिकार वाले सदस्यों की संख्या बढ़ाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है, जहां स्थाई सदस्यता के दोनों दावेदारों (भारत और जापान) पर वह विभिन्न कारणों से संदेह करता है। भारत ने जिस चीन को मान्यता देने में पहल की थी और सुरक्षा परिषद में उसकी स्थाई सीट को सिद्धांत के तौर पर लेने से मना कर दिया था, आज वही चीन भारत की स्थाई सदस्यता के मार्ग में रोड़े अटका रहा है। भारत चीन के वीटो पावर के कारण ही सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य नहीं बन पा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव बाध्यकारी प्रकृति के नहीं होते। आश्चर्य की बात है कि महासभा में 193 सदस्य देशों द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव भी सुरक्षा परिषद के 5 स्थाई सदस्यों की सहमति पर ही निर्भर करते हैं। इसीलिए अनेक देशों द्वारा इसमें सुधार किए जाने की मांग बीते कई वर्षों से निरंतर की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी की वकालत करते हुए कह चुके हैं कि नई ताकतों को केन्द्रीय भूमिका में लाए बिना दुनिया की यह सबसे बड़ी पंचायत स्वयं से की जाने वाली अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाएगी। दुनिया के कई देश बार–बार कहते रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र का ढ़ांचा अब पुराना पड़ चुका है और इसकी स्थापना के समय जो परिस्थितियां थी, वे अब बहुत पुरानी हो चुकी हैं। इसलिए यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में यह महत्वहीन होती चली जाएगी।

रूस–यूक्रेन युद्ध हो या इजरायल–फलस्तीन, इन संघर्षों में दोनों ही पक्षों के हजारों बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं, हजारों परिवार उजड़ चुके हैं, लाखों की आबादी पलायन की त्रासदी से जूझ रही है, शहर के शहर मलबे में तब्दील हो रहे हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ इन संघर्षों को रोकने के लिए कुछ नहीं कर सका है। इसीलिए दुनिया में जगह–जगह युद्ध टालने के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से ठोस योजनाओं पर अमल किए जाने की जरूरत महसूस होती रही है क्योंकि इस वैश्विक संस्था का गठन ही दुनिया में अमन–चौन कायम रखने के उद्देश्य के साथ किया गया था, लेकिन चिंता की बात है कि इन युद्धों में उसकी निष्क्रियता समूची मानव सभ्यता पर भारी पड़ रही है। भीषण होते इन युद्धों के कारण दुनिया अब दो धड़ों में बंटती जा रही है और संयुक्त राष्ट्र के अधिकांश सदस्य देश भी अब केवल बयान जारी करने से आगे नहीं बढ़ रहे। बहरहाल, यदि अभी भी संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती है तो यह संस्था आने वाले समय में अपना महत्व खो देगी। सही मायनों में दुनिया की इस सबसे बड़ी पंचायत को अब गंभीर आत्ममंथन की जरूरत के साथ पर्याप्त सुधारों की सख्त दरकार है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया में दो लोग समुद्र में डूबे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में बुधवार को आई तेज आंधी के दौरान दक्षिण-पूर्वी मेलबर्न में दो लोगों की समुद्र में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि दोनों व्यक्तियों में से एक ब्रिटिश नागरिक था, जो विषम परिस्थितियों में सर्फिंग कर रहा था और दूसरा उसका दोस्त था, जिसने उसे बचाने की कोशिश भी की। विक्टोरिया पुलिस ने एक बयान में कहा कि बुधवार अपराह्न मध्य मेलबर्न से 38 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में फ्रैंकस्टन बीच पर पानी में दो व्यक्तियों के फंसने की सूचना पर आपातकालीन सेवा कर्मियों को बुलाया गया था। पुलिस के एक हेलीकॉप्टर से देखने पर दोनों व्यक्तियों को पानी में बेहा.श पाया गया।

### रूस के चेल्याबिस्क में विस्फोट, मरने वालों की संख्या नौ हुई

**मास्को।** रूस के चेल्याबिस्क क्षेत्र में एक फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है, जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्सी टेक्सलर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने टेलीग्राम पर बताया कि विस्फोट एक संयंत्र में हुआ। फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह एक ड्रोन हमला है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि विस्फोट सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के कारण हुआ।

### वेनेजुएला में विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**काराकस।** पश्चिमी वेनेजुएला में ताचिरा के पैरामिलो हवाई अड्डे पर बुधवार को एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संस्थान (आईएनएसी) यह जानकारी दी है। आईएनएसी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि संबंधित प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए गए और हवाई अड्डे के विमानन अग्निशामकों ने दुर्घटना पर तुरंत कार्रवाई की। एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### रूस के व्यावसायिक प्रतिष्ठान में विस्फोट चार लोगों की मौत

**मास्को।** रूस में चेल्याबिस्क क्षेत्र के कोपेयस्क शहर स्थित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में विस्फोट होने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर एलेक्सी टेक्सलर ने कहा कि फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह ड्रोन हमला है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि सभी आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और एक कमान सेंटर स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के निवासियों या नागरिक संपत्ति को कोई खतरा नहीं है।

# भारत रूसी तेल खरीदना दिसम्बर तक बंद करेगा: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक हफ्ते में पांचवीं बार रूसी तेल खरीद का मुद्दा उठाया



जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे, यह एक प्रक्रिया है, आप इसे तुरंत नहीं रोक सकते: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत तौर पर आश्वासन दिया है कि भारत इस वर्ष के अंत तक रूसी तेल आयात को 'तेजी से कम' करेगा। नाटो महासचिव मार्क रटे के साथ व्हाइट हाउस में बोलते हुए, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि भारत वर्तमान में अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत रूस से प्राप्त करता है, लेकिन उनकी योजना आने वाले महीनों में इसे धीरे-धीरे समाप्त करने की है। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे। यह एक प्रक्रिया है, आप इसे तुरंत नहीं रोक सकते।

लेकिन साल के अंत तक, यह लगभग शून्य हो जाएगा। यह एक बड़ी बात है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह कमी धीरे-धीरे होगी ताकि वैश्विक बाजार स्थिर रहे। भारत का रूख बहुत अच्छा रहा है। मैंने कल प्रधानमंत्री मोदी से बात की, और वे पूरी तरह से शानदार रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणी कुछ दिनों बाद आई है, जब उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि नई दिल्ली रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा। उन्होंने भारत की ऊर्जा नीति को संभावित अमेरिकी टैरिफ से भी जोड़ा, चेतावनी दी कि भारतीय सामानों पर उच्च आयात शुल्क तब तक लागू रहेंगे जब तक देश मॉस्को से तेल खरीदना बंद नहीं करता। ट्रम्प ने इससे पहले एयर फोर्स वन पर बातचीत के दौरान कहा कि अगर वे ऐसा कहना चाहते हैं, तो उन्हें भारी आयात शुल्क का भुगतान जारी रखना होगा-और वे ऐसा नहीं करना चाहते। अमेरिका ने पहले ही कुछ भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, जिनमें से 25 प्रतिशत नई दिल्ली के रूसी कच्चे तेल आयात के कारण है। अमेरिकी नेता ने कहा कि वह चीन के रूसी ऊर्जा और तेल व्यापार के बारे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से चर्चा करने की योजना बना रहे हैं, ताकि मॉस्को पर शांति समझौते के लिए बातचीत करने का दबाव डाला जा सके। ट्रम्प ने अपने पूर्ववर्तियों, जो बाइडन और बराक ओबामा की भी आलोचना की, उनकी नीतियों को चीन और रूस को करीब लाने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि चीन थोड़ा अलग है। उनका रूस के साथ थोड़ा अलग रिश्ता है। यह कभी अच्छा नहीं था, लेकिन बाइडन और ओबामा की वजह से, उन्हें एक साथ मजबूर किया गया। उन्हें कभी एक साथ नहीं होना चाहिए था-वे (चीन-रूस) दोस्ताना नहीं हो सकते-मुझे उम्मीद है कि वे दोस्ताना हैं, लेकिन वे नहीं हो सकते।

## अमेरिका ने रूस की सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। इन प्रतिबंधों का उद्देश्य मास्को पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बनाना है। अमेरिका का यह कदम महीनों से अटकी कूटनीति और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रूख से बढ़ती निराशा के बाद उठाया गया है। ट्रम्प ने नाटो महासचिव मार्क रूट की मेजबानी करते हुए व्हाइट हाउस में पत्रकारों को बताया कि आज एक बहुत बड़ा दिन है। देखिए, ये बहुत बड़े प्रतिबंध हैं। ये उसकी दो बड़ी तेल कंपनियों के खिलाफ हैं। हमें उम्मीद है कि युद्ध अब समाप्त हो जाएगा। हमने अभी-अभी विभिन्न प्रकार की मिसाइलों और अन्य सभी चीजों के बारे में बात की है जिन पर हम विचार कर रहे हैं। लेकिन हमें नहीं लगता कि इसकी जरूरत होगी। अमेरिकी वित्त विभाग ने भी उन पर प्रतिबंध लगाए हैं जो अमेरिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की संपत्तियों को जब्त कर लेंगे।



मथूरा। 'भाई दूज' के अवसर पर यमुना नदी में डुबकी लगाते हुए श्रद्धालु।

## जॉर्डन ने गाजा से बीमार बच्चों के 13वें जत्थे को निकाला

**अम्मान।** जॉर्डन के सशस्त्र बलों (जेएएफ) ने बुधवार को 'जॉर्डन चिकित्सा गलियारे' पहल के तहत गाजा पट्टी से बीमार बच्चों के 13वें जत्थे को निकाला। जेएएफ ने बताया कि इस जत्थे में 12 मरीज और 38 उनके साथी शामिल हैं। बीमार लोगों को जॉर्डन के स्वास्थ्य मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन के समन्वय में जॉर्डन के अस्पतालों में इलाज किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य फलस्तीनियों का समर्थन करना और उनकी मानवीय पीड़ा को कम करना है। जॉर्डन ने मार्च में इसकी शुरुआत के बाद से गाजा से 799 लोगों को गाजा पट्टी से निकाला है, जिनमें 232 मरीज और 567 उनके साथी शामिल हैं।

## अमेरिकी सेना में सिखों के लिए दाढ़ी की नीति पर पुनर्विचार की अपील

नई नीति से अमेरिकी सेना में कार्यरत सिख सैनिक चिंतित हैं

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी सांसद ने युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ को पत्र लिखा है, जिसमें अमेरिकी सेना के सैनिकों के लिए जारी की गई दाढ़ी संबंधी नीति पर पुनर्विचार की अपील की गई है। दरअसल नई नीति से अमेरिकी सेना में कार्यरत सिख सैनिक चिंतित हैं।

नई नीति के तहत सभी अमेरिकी सैनिकों को दाढ़ी काटना अनिवार्य कर दिया गया है। अमेरिकी सांसद थामस सुओजी ने पीट हेगसेथ को लिखे पत्र में सिख समुदाय की चिंताओं को उजागर करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सिख धर्म में बिना कटे बाल और दाढ़ी रखना, उनके धर्म का मूल सिद्धांत है। युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ को लिखे एक पत्र में सांसद थामस सुओजी ने इस बात पर जोर दिया कि सिख पीढ़ियों से अमेरिकी सैनिकों के साथ लड़ते आ रहे हैं, जिनमें प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध दोनों शामिल हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि सिखों के लिए, अपने देश की सेवा करना एक पवित्र कर्तव्य है, यह संत-सिपाही (संत-सैनिक) के आदर्श का प्रतीक है जो आस्था और सेवा का मिश्रण है। सिख धर्म में अनुयायियों से ईश्वर के प्रति भक्ति और समानता के प्रतीक के रूप में बाल और दाढ़ी नहीं काटने की अपेक्षा की जाती है।

## ईयू ने भी दिया पुतिन को झटका छद्म तेल पर लगाया बैन

**ब्रुसेल्स।** रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद यूरोपीय संघ ने भी रूस के छद्म तेल बेड़े पर प्रतिबंध लगा दिया है।

साथ ही यूरोपीय संघ ने रूस से होने वाले एलएनजी आयात पर भी नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। गुरुवार को डेनमार्क के यूरोपीय संघ के अध्यक्ष और विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने नए प्रतिबंधों की घोषणा की। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमसेन ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान रूस पर लगे प्रतिबंधों का एलान करते हुए कहा कि आज यूरोप और यूक्रेन के लिए एक अच्छा दिन है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ के भीतर रूसी राजनयिकों की आवाजाही को सीमित करने पर भी सम्मेलन में सहमति बनी। नए प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस के तेल उद्योग पर दबाव बनाना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है। अमेरिका का मानना है कि रूस के तेल उद्योग ही यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को वित्तपोषण दे रहा है। यही वजह है कि अब अमेरिका और पश्चिम के देश रूस की इसी ताकत पर प्रहार कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका और पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं।

## तंजानिया में आम चुनाव से पहले शीर्ष विपक्षी नेता गिरफ्तार

**दार एस सलाम।** तंजानिया में अगले हफ्ते होने वाले आम चुनाव से पहले मुख्य विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता को गिरफ्तार कर लिया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार चाडेमा के उपाध्यक्ष जॉन हेचे को पार्टी नेता टुंडू लिस्सु के राजद्रोह के मुकदमे में शामिल होने की कोशिश करते समय हिरासत में लिया गया। चाडेमा ने एक बयान में आरोप लगाया कि सरकार 'वरिष्ठ पार्टी नेताओं को गिरफ्तार करने और उन्हें चुनाव खत्म होने तक हिरासत में रखने' की योजना बना रही है।चुनाव 29 अक्टूबर को होंगे। सरकार ने इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# वेनेजुएला की अमेरिका को चेतावनी

## 5000 रूसी मिसाइलें तैनात की, राष्ट्रपति बोले: साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देंगे

**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बुधवार को एक टीवी प्रोग्राम में कहा कि उनके देश ने अमेरिकी खतरे से निपटने के लिए रूस से मिली 5000 इग्ला-एस मिसाइलें तैनात की हैं। मादुरो ने कहा-हमारे पास 5000 मिसाइलें हैं, जो देश की शांति और आजादी की रक्षा करेंगी।



मातृभूमि के हर इंच के लिए लड़ेंगे

ये मिसाइलें हवा में कम दूरी के हमलों को रोकने के लिए तैनात की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये हथियार किसी भी साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देने के लिए हैं और वेनेजुएला की सेना अपनी मातृभूमि की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए तैयार है। अमेरिका लंबे समय से मादुरो के खिलाफ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला के समुद्री तट के पास कुछ नौसैनिक जहाज भेजे हैं, जिन्हें अमेरिका ने ड्रग्स के खिलाफ आपरेशन बताया है। अमेरिका ने पिछले कुछ वक्त में वेनेजुएला की कुछ नावों को तबाह भी कर दिया है। उसका आरोप है कि ये नावें ड्रग्स ले जा रही थीं। हालांकि वेनेजुएला ने इन आरोपों को गलत बताया है। वेनेजुएला का कहना है कि अमेरिका का यह आपरेशन उसकी आजादी पर हमला है। पिछले महीने वेनेजुएला की बोट पर अमेरिकी हमले का फुटेज। इस हमले में 3 लोग मारे गए थे। अमेरिका ने मादुरो पर 7 अगस्त को 50 मिलियन डॉलर, यानी करीब 420 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। इसके अलावा उनसे जुड़े 700 मिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति भी जब्त की गई है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि मादुरो ड्रग तस्कर हैं और ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानाइल मिला कोकीन भेज रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि मादुरो के पास 7 टन कोकीन है, जिसे वे अमेरिका भेजने की तैयारी कर रहे हैं। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। इतना इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था।

# शेख सालेह बिन फौजान बने सऊदी अरब के नए ग्रैंड मुफ्ती



90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई

**रियाद।** सऊदी अरब सरकार ने बुधवार देर रात अति-रूढ़िवादी इस्लामिक विद्वान 'शेख सालेह बिन फौजान अल फौजान' को देश का नया ग्रैंड मुफ्ती नियुक्ति करने का एलान किया।

90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई है। शेख सालेह का जन्म कथित तौर पर 28 सितम्बर, 1935 को सऊदी अरब के अल-कासिम प्रांत में हुआ था। अपने पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने एक स्थानीय इमाम से कुरान की शिक्षा ली। उन्होंने नूर अला अल-दरब या 'रास्ता रोशन करो' रेडियो शो को लंबे समय तक संबोधित किया। साथ ही कई किताबें भी लिखीं। उनके फतवे या धार्मिक आदेश सोशल मीडिया पर भी साझा किए गए हैं। शेख सालेह को अपने कुछ बयानों के लिए पश्चिमी मीडिया में आलोचना का सामना भी करना पड़ा है। सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती सुन्नी मुसलमानों की दुनिया के शीर्ष इस्लामी मौलवियों में से एक हैं। ह्यूमन राइट्स वाच ने 2017 में बताया था कि जब शेख सालेह से पूछा गया कि क्या सुन्नी मुसलमानों को शियाओं को अपना भाई मानना चाहिए, तो उन्होंने चौंकाने वाला जवाब देते हुए कहा था कि वे शैतान के भाई हैं। उन्होंने कहा कि शिया, ईश्वर उनके पैगंबर और मुसलमानों के बारे में झूठ बोलते हैं। सऊदी अरब और ईरान के बीच राजनीतिक तनाव का इतिहास है और सऊदी अरब के धार्मिक नेताओं के द्वारा शियाओं के बारे में ऐसी टिप्पणियां आम हैं। साल 2003 में शेख सालेह ने अपने एक बयान में कहा था कि श्गुलामी इस्लाम का एक हिस्सा है। गुलामी, जिहाद का हिस्सा है, और जब तक इस्लाम है, जिहाद रहेगा। शेख अब्दुलअजीज बिन अब्दुल्ला अल-शेख के सितम्बर में निधन के बाद शेख सालेह ने यह पद संभाला है। अल-शेख परिवार, जो शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल-वहाब के वंशज हैं, लंबे समय से सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ़्ती के रूप में सेवा देते आ रहे हैं। 18वीं शताब्दी में शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल वहाब की इस्लाम की अति-रूढ़िवादी शिक्षाओं, जिन्हें उनके नाम के चलते 'वहाबवाद' कहा जाता है, का दशकों तक सऊदी अरब पर प्रभाव रहा है।

## स्पेसएक्स ने म्यांमार में घोटाला करने वाले गिरोह के लिए स्टारलिंक सेवाएं बंद की

**बैंकॉक।** सैटेलाइट इंटरनेट सेवा कंपनी स्पेसएक्स ने म्यांमार में घोटाला करने वाले गिरोहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 2,500 से जयादा उपकरणों से स्टारलिक उपग्रह संचार सेवाएं बंद कर दी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार माना जा रहा है कि थाईलैंड-म्यांमार सीमा पर 30 से जयादा गिरोह सक्रिय हैं जहां दुनिया भर के लोगों की तस्करी की जाती है और उन्हें जबरन ऐसे घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता है जिनसे सालाना अरबों डॉलर की कमाई होती है।

## नाइजीरिया में तेल टैंकर में विस्फोट से 42 लोगों की मौत

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया में एक तेल टैंकर में हुए विस्फोट में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई है। एक सहायताकर्मी ने बीबीसी को यह जानकारी दी।

नाइजर राज्य आपातकालीन सेवा के प्रमुख अब्दुल्लाही बाबा आरा ने बीबीसी को बताया कि हादसे में 52 अन्य लोग को चोटें आई हैं, जिनका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण पलटे हुए टैंकर से तेल इकट्ठा करने के लिए दौड़े, जिसमें अचानक विस्फोट हो गया और भीषण आग लग गई। भीषण आग में कई लोग बुरी तरह जल गए और उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया और घायलों को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल ले जाया गया। यह दुर्घटना नाइजर राज्य के कच्चा स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बीडा-अगाई सड़क के किनारे एस्सान और बादेगी समुदायों के पास हुई। नाइजर के गर्वनर मोहम्मद उमरु बागो ने पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए इस घटना को 'चिंताजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और दयनीय' बताया। गर्वनर के मुख्य प्रेस सचिव बोला.गी इब्राहिम ने एक बयान में कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि कई जागरूकता अभियानों के बावजूद लोग गिरे हुए टैंकर के पास जाकर उसका सामान उठा रहे हैं।

# बलूचिस्तान में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत

## 11 आतंकवादी भी हुए ढेर



आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों समेत तीन सुरक्षाकर्मी और 11 आतंकवादी मारे गए। नोश्की में गश्त के दौरान अज्ञात हमलावरों ने दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में, केच इलाके में एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने चगाई और सिबी जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए अभियान में 11 आतंकियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर दी। संदिग्धों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद लगभग एक घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई और छह आतंकवादी मारे गए। सिबी में आतंकवाद निरोधी दस्ते ने एक परिसर पर छापा मारा जहां एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्य छिपे हुए थे। इस दौरान दोनों पक्षों में जबरदस्त फायरिंग हुई। जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य गिरफ्तार कर लिए गए। दोनों जगहों से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और संचार उपकरण जब्त किए गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोग सुरक्षा बलों, पुलिस और लेवी कर्मियों पर पहले भी हुए हमलों में शामिल थे। उन्होंने बताया कि सभी शवों को पहचान के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया है।

# भारतीय मूल के सुनील अमृत ने जीता ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार

द बर्निंग अर्थ के लिए मिला अवॉर्ड

**लंदन।** भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को उनकी किताब 'द बर्निंग अर्थ: एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स' के लिए ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25000 पाउंड की रकम मिलती है, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गैर-काल्पनिक कृतियों को दिया जाता है। अमेरिका के येल विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर सुनील अमृत का जन्म केन्या में हुआ।

46 वर्षीय अमृत की किताब को ब्रिटिश अकादमी पुस्तक अवॉर्ड के निर्णायकों ने जलवायु संकट के मामले में महत्वपूर्ण पठन सामग्री बताया। बुधवार शाम लंदन स्थित ब्रिटिश अकादमी में आयोजित एक समारोह में सुनील अमृत को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। अमेरिका से लाइव वीडियो लिंक के से कार्यक्रम से जुड़े अमृत ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि यह मानवीय और पर्यावरणीय, दोनों तरह के नुकसान और पीड़ा के बारे में बहुत विस्तार से बताती है। साथ ही ये दर्शाती है कि ये दोनों लगभग हमेशा आपस में जुड़े रहे हैं। लेकिन अंत में, मैं इस पुस्तक से जो पढ़ना चाहूंगा, वह यह है कि इसके कई हिस्से हमें इस मुकाम तक ले आए हैं। इसलिए कई ऐसे रास्ते भी थे जिन्हें अपनाया नहीं गया, ऐसे विचार जिन्हें भुला दिया गया, ऐसे आंदोलन जो भले ही विफल रहे हों, लेकिन उन्होंने एक स्थाई विरासत छोड़ी है, ऐसी प्रौद्योगिकियां जो अधिक विनम्र और टिकाऊ थीं।

